| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.2 | 13.3 |
| जमशेदपुर | 26.5 | 14.2 |
| डालटनगंज | 24.3 | 15.0 |

मौसम — तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

* * * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




रविवार, 07 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 260 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


**पेयजल विभाग**

## 20 वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं अधर में लटकीं, 213 गांवों में नहीं पहुंचा नल का जल

# 480 करोड़ खर्च, लाभ 0

अमित सिंह। रांची

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के इंजीनियर नई वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के डीपीआर और टेंडर को लेकर परेशान हैं. दूसरी तरफ 385.53 करोड़ रुपये की वृहद जलापूर्ति योजनाएं वर्षों से अधर में लटकी हुई हैं. देवघर के सारठ प्रखंड में 11 वृहद जलापूर्ति योजनाएं उद्घाटन के बाद बंद हो गईं. इन योजनाओं से 145 गांवों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है. जबकि इन पर 95 करोड़ खर्च हुए हैं. यानी प्रदेशभर में 480 करोड़ (385 95) खर्च हेने के बाद 20 वृहद जलापूर्ति योजनाओं से ग्रामीणों को नल से पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है. इसमें से ज्यादातर योजनाएं देवघर के तत्कालीन अधिक्षण अभियंता रघुनंदन शर्मा के कार्यकाल में शुरू हुई थीं.

पेयजल विभाग द्वारा अबतक 538 वृहद जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण किया जा चुका है. वहीं 289 वृहद जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य जारी है. वहीं 96 नए वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को लेकर वर्ष 2023 में काम शुरू हुआ है. वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं से 500 से ज्यादा गांवों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है. 2024 तक राज्य के कुल 59,23,320 ग्रामीण परिवारों को चरणबद्ध तरीके से एफएचटीसी प्रदान करना है. 9,96,485 ग्रामीण परिवारों में कार्यरत नल के जल का संयोजन किया जा चुका है. 34,20,204 परिवारों में एफएचटीसी हेतु योजनाओं का अनुमोदन कर दिए गए है.

-शेष पेज 13 पर

### 160 के बजाए मात्र 17 गांव तक पहुंचा पानी

11 करोड़ की लागत से 19 गांवों के लिए माथाटांड जलपूर्ति योजना, 10 करोड़ की लगत से 19 गांवों के लिए बारा जलापूर्ति योजना, 9 करोड़ की लागत से 16 गांवों के लिए पडुवा जलापूर्ति योजन, 10 करोड़ की लागत से 10 गांवों के लिए आसनबनी जलपूर्ति योजना, 10 करोड़ की लागत से 26 गांवों के लिए बस्की जलापूर्ति योजना और 8 करोड़ की लागत से 15 गांवों के लिए सालतर जलापूर्ति योजना को लेकर काम शुरू हुआ. इन जलापूर्ति योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन हुआ, मगर 160 गांवों में से सिर्फ 17 गांव में ही जलापूर्ति शुरू हो पाई है.

### सारठ प्रखंड में 10 योजनाएं, उद्घाटन के बाद ठप

| योजना | लागत | उद्घाटन | वर्तमान स्थिति | लाभान्वित गांव |
|---|---|---|---|---|
| पडुबा जलापूर्ति | 09करोड़ | 30.7.2020 | दो वर्ष से बंद | 16गांव |
| आसनबनी जलापूर्ति | 10करोड़ | 25.5.2020 | दो माह से बंद | 10गांव |
| माथाटांड जलापूर्ति | 11करोड़ | 29.12.2021 | कई माह से बंद | 19गांव |
| बारा जलापूर्ति | 10करोड़ | 30.09.2020 | सात माह से बंद | 19गांव |
| पत्थरड्हा जलापूर्ति | 08करोड़ | 27.10.2019 | योजना पूरी तरह बंद | 14गांव |
| सालतर जलापूर्ति | 07करोड़ | 2020 | दो साल से बंद | 15गांव |
| बभनगामा जलापूर्ति | 06करोड़ | 2014 | तीन साल से बंद | 13गांव |
| सारठ जलापूर्ति | 01करोड़ | 2008 | तीन वर्ष से बंद | एक गांव |

### सिर्फ सारठ प्रखंड में 90 करोड़ की 11 योजनाएं ठप

सारठ प्रखंड में 160 गांवों में जल से जल पहुंचने को लेकर शुरू कई जलापूर्ति योजनाएं दम तोड़ रही हैं. शिलान्यास के बाद कई योजनाओं का काम तक नहीं हुआ है. चितरा जलापूर्ति योजना में 12 वर्षों से काम पूरा नहीं हो पाया है. 16 गंवों में अजय बराज पर आधारित 11 करोड़ की लागत से चितरा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया, छह करोड़ की लागत से बभनगामा जलापूर्ति योजना शुरू हुई, इससे 13 गांवों में जलापूर्ति होनी थी, यह बंद है. 2015 में 8 करोड़ की लागत से 14 गांवों के लिए पत्थरगड्डा जलापूर्ति योजना शुरू हुई, यह भी ठप पड़ी हुई है.



"पेयजलापूर्ति योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है. योजनाओं में विलंब करने वाले अफसर व एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है. योजनाओं के विलंब होने कारणों का पता लगाया जा रहा है. कोई परेशानी आ रही है, तो उसे दूर किया जा रहा है. गर्मी से पहले कई योजनाओं से जलापूर्ति शुरू हो जाएगी. आम लोगों को पीने का शुद्ध पानी मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है.

**-मिथलेश ठाकुर,** मंत्री, पेयजल विभाग




## मून वॉक से लेकर सन डांस तक!

- सन-अर्थ लैग्रेंज पॉइंट 1 (एल1) पर पहुंच गया आदित्य एल-1पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई
- **सौर अवलोकन के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन**
- सितंबर में लॉन्च हुआ था आदित्य-एल1 मिशन
- **मिशन में 400 करोड़ रुपए खर्च किये गए**
- इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ बोले अगले कुछ घंटों तक रखेंगे नजर
- **आदित्य एल-1 पांच साल तक काम करता रहेगा**



## न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगी यात्रा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में निकलने जा रही भारत न्याय यात्रा का लोगों शनिवार को जारी किया है. इस लोगो के दो हिस्से हैं जिस पर लिखा है भारत जोड़ो न्याय यात्रा, न्याय का हक मिलने तक. इससे एक हिस्से में भारत जोड़ो नया यात्रा लिखा गया है, जो तिरंगा के रंग से सजाया गया है. जबकि दूसरे हिस्से में ब्लू कलर में न्याय का हक और काले कलर में मिलने तक को रखा गया है. लोगो लॉन्चिंग पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह यात्रा 14 जनवरी से शुरू होगी. उन्होंने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली जा रही है. खरगे ने बताया कि कांग्रेस की इस यात्रा की शुरुआत हिंसा से प्रभावित मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी. इस मार्च का कुल रूट 6700 किमी लंबा होगा. उन्होंने कहा कि यह 66 दिनों का सफर होगा और डेली दो बार राहुल गांधी का संबोधन होगा. इस यात्रा के तहत सबसे लंबा 1000 किमी का रास्ता यूपी में तय किया जाएगा.

## राहुल की न्याय यात्रा में शामिल होंगे हेमंत सोरेन

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कई प्रदेशों से होते हुए यह फरवरी के पहले सप्ताह में झारखंड में प्रवेश करेगी. झारखंड कांग्रेस अभी से इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सीएम हेमंत सोरेन को राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने का न्योता भी दिया है. प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि सीएम ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की सहमति दे दी है. संभव है कि संथाल के किसी जिले में न्याय यात्रा के सहभागी सीएम भी बनेंगे. उन्होंने कहा कि राज्य के 13 जिलों से राहुल गांधी की न्याय यात्रा होगी. ये यात्रा किस किस जिले से होकर गुजरेगी इसका रूट चार्ट दिल्ली से नहीं आया. राहुल गांधी की न्याय यात्रा का रूट चार्ट मिलते ही सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक की जाएगी. राकेश सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल होंगे. क्योंकि, न्याय यात्रा का मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, संविधान पर हमला है.

## ब्रीफ खबरें

### उच्च शिक्षा में बढ़ेगा नामांकन का अनुपात

**आणंद।** भारत ने अधिक से अधिक लोगों को पढाई कराने और कुशल कामगार बना कर देश को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के अपने प्रयास के तहत उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 2030 तक मौजूदा 27 प्रतिशत से बढ़ा कर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को यह जानकारी दी.

### विधि आयोग कई फॉर्मूलों की कर रहा पड़ताल

**नयी दिल्ली।** देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में विचार कर रहा विधि आयोग एक ही वर्ष में दो चरणों में त्रि-स्तरीय चुनाव कराने की संभावना पर विचार कर सकता है. सूत्रों ने यह जानकारी दी है. 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर गठित समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए जनता से सुझाव भी मांगे हैं.

### बांग्लादेश में वोट आज, दो स्कूल फूंके

**ढाका।** बांग्लादेश में शनिवार को अज्ञात लोगों ने उन दो स्कूलों में आग लगा दी, जिनमें रविवार को होने वाले आम चुनाव के लिए बूथ बनाये गये हैं. अज्ञात लोगों ने तड़के चटगांव के पटेंगा ईपीजेड क्षेत्र में एक सरकारी प्राथमिक स्कूल में आग लगा दी. सीएमपी पत्तन प्रभाग की उपायुक्त शकीला सुल्ताना ने बताया, असामाजिक तत्वों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक के कमरे में आग लगा दी.

### भारत अब वैश्विक विमर्श का केंद्र है

**तिरुवनंतपुरम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत अब वैश्विक विमर्श का केंद्र हो गया है और तमाम लोग पिछले दशक के दौरान देश में हुए बदलावों के बारे में बात कर रहे हैं.

### पेयजल विभाग में करोड़ों के संदिग्ध निकासी मामले में जांच कमेटी गठित

## तत्कालीन ईई से मांगा गया स्पष्टीकरण

विशेष संवाददाता। रांची

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल (रुक्का) में करोड़ों के वित्तीय धोखधड़ी को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी का गठन किया है. जांच कमेटी को एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपनी है. वहीं रुक्का प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता (ईई) पीके सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा गया है. पीके सिंह वर्तमान में पेयजल विभाग के चीफ ड्राइंग ऑरगनाइजेशन (सीडीओ) के मुख्य अभियंता है.

पेयजल विभाग ने जो जांच कमेटी बनाई है, उसका नेतृत्व अपर सचिव डॉ. नेहा अरोडा करेंगी. जांच टीम में मुख्यालय के मुख्य अभियंता शिशिर शोरेण, संयुक्त सचिव सदानंद झा, लोहरदगा प्रमंडल के लिपिक अमरेश कुमार और रुक्का प्रमंडल के लेखा पदाधिकारी शामिल है. विभाग ने जांच टीम बनाने के साथ ही वित्त विभाग को भी पत्र लिखा है. वित्त विभाग से रुक्का प्रमंडल के अलावा अन्य प्रमंडलों में भी ऐसी गड़बड़ियों की जांच का आग्रह किया है.

**शुभम संदेश इम्पैक्ट**



एजी का खुलासा : पेयजल व स्वच्छता विभाग में हुई करोड़ों की वित्तीय धोखाधड़ी

20 करोड़ की निकासी

संदिग्ध डीडीओ कोड प्रतिबंधित करने का निर्देश

एजी ने जांच में पाया है कि दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 की अवधि के दौरान 20 करोड़ से ज्यादा का संदिग्ध भुगतान कार्यपालक अभियंता (ईई) के कोड से किया गया है. जिला कोषागार, रांची द्वारा संबंधित पीडब्ल्यूडी डिवीजन को जारी किए गए भुगतान प्रमाणपत्र में दर्ज राशि, जो पीडब्ल्यूडी डिवीजन द्वारा प्रस्तुत फॉर्म 51 के साथ प्राप्त हुई है, जो 64 चेक की सूची से पूरी तरह मेल नहीं खा रहे हैं. एजी ने सरकार से अनुशंसा की है कि जिन बैंक खातों में डीडीओ कोड (आरएनसीडब्ल्यूएसएस0017) के तहत भुगतान किया गया है, उन बैंक खातों से अनधिकृत निकासी को रोकने के लिए तुरंत प्रतिबंधित किया जाए. एजी ने कहा है कि उक्त डीडीओ कोड को कुबेर पोर्टल में अनअलॉटेड के रूप में दिखाया जा रहा है. वहीं दूसरी तरफ ट्रेजरी अधिकारी उक्त अनअलॉटेड डीडीओ कोड के खिलाफ भुगतान को अधिकृत कर रहे है, यह भी गंभीर है.

अमित सिंह। रांची

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के रुक्का प्रमंडल (स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल) में करोड़ों रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी हुई है. वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कुल 64 चेक से 20 करोड़ की संदिग्ध निकासी कर भुगतान किया गया...

एकाउंटेंट निलंबित थाने में मामला दर्ज

एजी की रिपोर्ट मिलने से पहले भी विभाग को ...

कब हुई कितनी निकासी

| चेक संख्या | दिनांक | राशि |
|---|---|---|

### 2019 से 2023 तक हुई 20 करोड़ की संदिग्ध निकासी

बता दें कि पेयजल विभाग के रुक्का प्रमंडल में वित्तीय वर्ष 2019-20 में फर्जी डीडीओ कोड बना कर 1.32 करोड़ की निकासी की गई थी. मामला पकड़ में आने के बाद प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर ने मुख्यालय को पत्र लिखते हुए जांच कराने का आग्रह किया था. जांच के लिए विभाग ने वित्त विभाग को पत्र लिखा. जिसके बाद एजी ने रुक्का प्रमंडल के ईई का आवंटित डीडीओ कोड से हुए भुगतान की जांच कराई. जांच में पता चला कि वर्ष 2019-20 के अलावा वर्ष 2022-23 और 2023-23 में कुल 64 चेक से 20 करोड़ की संदिग्ध निकासी कर भुगतान किया गया है. इस मामले में पेयजल विभाग ने वित्तीय धोखाधड़ी में संलिप्त उच्चवर्गीय लिपिक (लेखा) संतोष कुमार को निलंबित करते हुए, उसके खिलाफ सदर थाना, रांची में प्राथमिकी दर्ज करा दिया है.

### गड़बड़ी की सूचना देने वाले ईई से भी पूछताछ होगी

पेयजल विभाग के अफसरों का कहना है कि रुक्का प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर, जिसने गड़बड़ी की जानकारी मुख्यालय को दी. उसके कार्यकाल में भी करोड़ों की निकासी हुई है. लिपिक फर्जी डीडीओ कोर्ड बना कर वर्षों से सरकारी कोष को नुकसान पहुंचा रहा था. एजी की जांच के बाद अब मुख्यालय चंद्रशेखर से भी पूछताछ की तैयारी में जुट गया है. जिस फर्जी डीडीओ कोड (आरएनसीडब्लयूएसएस0017) से करोडों की निकासी हुई है, वह कोड चंद्रशेखर के नाम आवंटित है.

### अवैध खनन मामले में सीएम के करीबियों पर ईडी का शिकंजा !

## पिंटू, रामनिवास व विनोद सिंह को समन

सौरभ सिंह। रांची

अवैध खनन मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को जांच में शामिल होने के लिए समन भेजा है. 11 जनवरी को साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और 15 जनवरी को विनोद सिंह को भी तलब किया है. बुधवार को रामनिवास यादव के आवास पर ईडी ने छापेमारी में 8 लाख रुपए कैश और 9 एमएम की 14 गोलियां बरामद की थीं. इन गोलियों का इस्तेमाल प्रतिबंधित पिस्टल में होता है. ईडी ने उनके जयपुर स्थित दो ठिकाने भी खंगाले थे. वहां से निवेश के कई दस्तावेज बरामद किए जाने की सूचना है.

बता दें कि साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन और ईडी के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में ईडी ने बीती तीन जनवरी को बड़ी कार्रवाई की थी. ईडी ने एक साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, डीएसपी राजेंद्र दुबे, साहिबगंज के खनन कारोबारी खुदानिया बंधु, मुख्यमंत्री के दोस्त विनोद कुमार सिंह, रौशन सिंह, कोलकाता के कारोबारी अभय सरावगी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, रांची के बिरसा मुंडा जेल के जमादार अवधेश कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की थी. छापेमारी के दौरान शेल कंपनियों के जरिए निवेश, संदिग्ध फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं. -शेष पेज 13 पर

- **अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू 16, साहिबगंज डीसी 11 और विनोद सिंह 15 जनवरी को हाजिर हों**



### साहिबगंज डीसी से पहले भी हो चुकी है पूछताछ

साहिबगंज अवैध खनन घोटाले में डीसी रामनिवास यादव से ईडी बीते साल 23 जनवरी और 6 फरवरी को दो बार पूछताछ कर चुकी है. अब इस केस में जांच का दायरा और बढ़ा है. उन पर अवैध खनन घोटाले में ईडी के गवाह विजय हांसदा को होस्टाइल कराने की साजिश में शामिल होने, 24 मार्च 2022 को गंगा में स्टीमर दुर्घटना में गलत रिपोर्ट देकर मामले पर पर्दा डालने का भी आरोप है. ईडी ने अपनी जांच में यह भी पाया है कि साहिबगंज डीसी के रूप में पोस्टिंग के बाद दो साल तक रामनिवास यादव ने अपनी सैलरी अकाउंट से पैसे नहीं निकाले. ईडी ने पिछली बार हुई पूछताछ में उनसे जानना चाहा था कि सैलरी खाते से पैसे की निकासी के बगैर वे अपना गुजारा कैसे करते थे. एजेंसी ने यह भी पाया है कि जब उन्हें समन जारी किया गया, तब उन्होंने सैलरी खाते से निकासी शुरू की.

**बड़ी पहल** देश के 10 बड़े शहरों में झारखंड सरकार बनाएगी माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर

## 8 राज्यों में खुलेगा प्रवासी मजदूर 'आश्रय' केंद्र

प्रवीण कुमार। रांची

कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जानेवाले युवाओं के लिए श्रम विभाग नये साल में कुछ खास करने जा रहा है. झारखंड सरकार देश के आठ राज्यों में स्थित 10 शहरों में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर खोलेगी.

इसकी पूरी प्लानिंग श्रम विभाग की ओर से कर ली गयी है. राज्य सरकार ने इन सेंटरों का नाम 'आश्रय' दिया है. ये सेंटर झारखंड के प्रवासी मजदूरों को दूसरे राज्यों में आवश्यकतानुसार सहायता, मार्गदर्शन, नियम-प्रावधान की जानकारी तथा प्रशिक्षण देंगे. जिन राज्यों में आश्रय केंद्र खोले जाने हैं, उन राज्य सरकारों से झारखंड सरकार एमओयू करेगी.

श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग में चलाये जा रहे राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष शिकायत निवारण केंद्र को अक्सर इसकी शिकायत मिलती थी कि युवाओं को तय शर्तों के अनुरूप वेतन व सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. इसके बाद विभाग माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर खोलने की योजना पर काम कर रहा था.

### क्या करती हैं प्लेसमेंट एजेंसियां

राज्य सरकार पहले कौशल विकास के बाद एजेंसियों से प्लेसमेंट तो कराती थीं, लेकिन इसके बाद वह काम कर रहे हैं या नहीं या नियुक्ति पत्र की शर्तों के अनुरूप उन्हें वेतन मिलता हैं या नहीं, इसकी निगरानी नहीं हो पाती थी. कई एजेंसियों को लेकर सरकार को यह भी शिकायत मिली थी कि वो श्रमिकों से बंधुआ की तरह काम ले रही हैं. इसे देखते हुए यह पहल शुरू हो रही है.



### क्या कहते हैं श्रमायुक्त

प्रवासी मजदूरों की समस्याओं के निवारण के लिए यह कार्ययोजना विभाग ने तैयार की है. 2024 में अब इसका लाभ प्रवासी मजदूरों को मिलने लगेगा. - **संजीव सिंह बेसरा,** श्रमायुक्त

**इन राज्यो में खोला जाना है आश्रय केंद्र :** झारखंड सरकार तमिलनाडु के तिरुपुर और चेन्नई, महाराष्ट्र के पुणे, कर्नाटक के बेंगलुरु, राजस्थान के नीमराना, तेलंगाना के हैदराबाद, गुजरात के अहमदाबाद और सूरत, दिल्ली के फरीदाबाद और यूपी के नोएडा.

**क्या सहयोग मिलेगा :** प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को दूसरे राज्यों में सम्मानजनक रोजगार मिले. प्लेसमेंट की शर्तों के अनुरूप वेतन एवं अन्य सुविधाएं सुनिश्चित हों, इसके लिए ये सेंटर राज्य सरकार के श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत कार्यरत झारखंड कौशल विकास मिशन द्वारा निजी एजेंसियों के माध्यम से संचालित किए जाएंगे.

## राशन घोटाले में एक और टीएमसी नेता गिरफ्तार

भाषा। कोलकाता

ईडी ने बंगाल में कथित राशन घोटाले में बनगांव नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष शंकर आद्या को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया. अधिकारियों के मुताबिक,



उत्तर 24-परगना जिले के टीएमसी के नेता शंकर को एजेंसी ने उनके और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी संपत्तियों पर छापेमारी के बाद बनगांव के सिमुलटोला में उनके आवास से गिरफ्तार किया. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को छापेमारी कम से कम 17 घंटे तक चली. गिरफ्तारी के बाद अधिकारी जब शंकर को ले जाने लगे, तो उनके (शंकर के) समर्थकों ने अधिकारियों का रास्ता रोकने की कथित तौर पर कोशिश की और उनके वाहनों पर पथराव भी किया. ईडी टीम के साथ मौजूद सीआरपीएफ के जवानों को हालात पर काबू पाने के लिए भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा. गिरफ्तारी के बाद महिलाओं के नेतृत्व में शंकर-समर्थकों ने अधिकारियों को उन्हें अपने साथ ले जाने से रोकने की कोशिश की. पड़ोसी दक्षिण 24-परगना जिले के संदेशखाली में शुक्रवार को हुए हमले के बाद एजेंसी पर यह दूसरा हमला था.

**खास बातें**

- 17 घंटे की छापेमारी के बाद हुई गिरफ्तारी
- सीआरपीएफ जवानों को भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा

## जनवरी 2025 तक रिटायर हो जाएंगे 8964 अफसर-कर्मचारी, 3137 सेवानिवृत कर्मियों का रिक्वेस्ट एजी के पास है लंबित

# झारखंड में सरकारी पेंशनधारियों की संख्या बढ़ कर हुई 1.79 लाख

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में सरकारी पेंशनधारियों की संख्या बढ़ कर 179568 हो गई है. अगले एक साल में 8964 अफसर-कर्मचारी रिटायर हो जाएंगे. पिछले पांच साल के दौरान 46886 सरकारी कर्मियों का पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी किया गया. वहीं एजी के पास 3137 सरकारी कर्मियों का आवेदन लंबित हैं. त्रुटियों के कारण 443 कर्मियों के आवेदन वापस किए गए. वहीं डीडीओ के पास पेंशन के 2572 मामले लंबित हैं.

### किस बैंक से कितने सरकारी पेंशनधारी लेते हैं पेंशन



| बैंक का नाम | पेंशनधारियों की संख्या |
|---|---|
| एसबीआइ | 118123 |
| इलाहाबाद बैंक | 7094 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 1638 |
| बैंक ऑफ इंडिया | 31752 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 2358 |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 02 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 4567 |
| केनरा बैंक | 95 |
| पंजाब एंड सिंघ बैंक | 30 |
| यूको बैंक | 1843 |
| यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया | 577 |
| पंजाब नेशनल बैंक | 4439 |
| ओरियेंटल बैंक ऑफ कॉमर्स | 02 |

**किसके पास पेंशन के कितने फीसदी मामले लंबित**

सरकारी कर्मियों की पेंशन को लेकर एजी के 2.85 फीसदी मामले लंबित हैं. एजी को 1.33 फीसदी पेंशन के मामले सरकार द्वारा अग्रसारित किए गए हैं. पेंशन के सैंक्शन अथॉरिटी के पास 0.90 फीसदी मामले लंबित हैं. डीडीओ के पास 2.33 फीसदी मामले लंबित हैं.

### ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य के सभी डीसी को लिखा पत्र

**रांची।** राज्य के कई जिलों में अबुआ आवास योजना के आवेदन की ऑनलाइन प्रविष्टि प्रखंड या पंचायत स्तर पर लंबित होने की शिकायत ग्रामीण विकास विभाग को मिली थी. जिसपर विभाग ने एक्शन लेते हुए पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि दर्ज करने की समय सीमा 9 जनवरी तक कर दी है. ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने राज्य के सभी उपायुक्त/उप विकास आयुक्त को पत्र लिखकर हर हाल में आवेदनों को पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि दर्ज करने का निर्देश दिया है.

## झारखंड में 70 हजार नौकरियां मिलेंगी

# सरकारी विभागों में बंपर वैकेंसी के लिए हो रही तैयारी

अमित सिंह। रांची

झारखंड के सरकारी विभागों में बंपर वैकेंसी है. वर्ष 2024 में 70 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी. सबसे ज्यादा नियुक्तियां शिक्षा विभाग में होनी हैं. झारखंड स्टेट स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने करीब पांच माह पहले 26,001 सहायक शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन निकाला था. आरक्षण विवाद को लेकर मामला कोर्ट में गया था. अब कोर्ट की हरी झंडी मिल चुकी है. इसकी परीक्षा इसी महीने में प्रस्तावित है. वर्तमान में जितनी वैकेंसियों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं, उनके परीक्षाओं से लेकर इंटरव्यू तक के शिड्यूल भी आ गया हैं, उसके हिसाब से जून माह तक करीब 47 हजार पदों पर नियुक्तियां हो जाएंगी. राज्य के प्लस टू स्कूलों में 3,120 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया इसी महीने पूरी कर लिए जाने की संभावना है. इसकी परीक्षा हो चुकी है और अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की जांच की प्रक्रिया चल रही है.



### इसी माह 2025 पद के लिए परीक्षा

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2,025 पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड सामान्य स्नातक संयुक्त परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को होनी है. हालांकि, इस परीक्षा की प्रक्रिया पिछले कई सालों से चल रही है. इसके लिए चार बार आवेदन मंगाए गए और सात बार परीक्षाओं की तारीख तय हुई, लेकिन, अब तक परीक्षा नहीं ली जा सकी है.

### 9870 पदों पर नियुक्ति की चल रही है प्रक्रिया

डिप्लोमा स्तरीय 1,556 पदों के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया चल रही है. कांस्टेबल के 4,919 पदों पर नियुक्ति के लिए 15 जनवरी से आवेदन मंगाए गए हैं, तो, पारा मेडिकल स्टाफ के 2,532 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन की प्रक्रिया 23 जनवरी से शुरू हो रही है. झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने इंटरमीडिएट स्तर की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए 863 रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया भी शुरू की है. इसके लिए आवेदन जमा कराए जा चुके हैं.

### 923 पदों के लिए जल्द आएगा परिणाम

महिला पर्यवेक्षिका के 444 पदों पर नियुक्ति की परीक्षा फरवरी में ली जा सकती है. झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग में 923 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा ली जा चुकी है और अगले दो महीने में इसका परिणाम घोषित कर दिए जाने की उम्मीद है. औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारियों के 930 पदों पर भी नियुक्ति की प्रक्रिया जून से पहले पूरी करने की तैयारी है.

**जज और डॉक्टर के रिक्त पद भरने की तैयारी शुरू**

झारखंड लोक सेवा आयोग से होने वाली नियुक्तियों की बात करें, तो इस वर्ष जूनियर सिविल जजों के 138, सीडीपीओ के 64, फूड सेफ्टी अफसर के 56, आयुर्वेदिक चिकित्सकों के 207, होम्योपैथिक चिकित्सरों के 137, दंत चिकित्सकों के 43 और मेडिकल ऑफिसर्स के 26 पदों पर नियुक्ति की प्रकिया चल रही है. इस साल 11वीं सिविल सेवा के जरिए 350 पदों पर नियुक्ति के लिए नई नियमावली भी मंजूरी की जा चुकी है.

### सर्टिफिकेट व अन्य केसों में फंसा है बिजली वितरण निगम का 2000 करोड़

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम का घरेलू सहित सरकारी उपक्रमों पर 2000 करोड़ रुपए का बकाया है. यह राशि सर्टिफिकेट केस सहित अन्य केसों में फंसी हुई है. वितरण निगम जल्द ही इस केसों को सुलझाने में लगा है. रेलवे, सेल सहित राज्य सरकार के सरकारी विभागों में लंबित राशि की वसूली की जाएगी. जीएम कॉमर्शियल ऋषि नंदन ने बताया कि जल्द इस मामलों का निपटारा कर लिया जाएगा. राशि वसूली के बाद वितरण निगम आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी.

**बिजली वितरण निगम ने एचईसी को भेजा नोटिस, कहा 180 करोड़ का करो बकाया चुकता :** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने एचइसी को नोटिस भेजा है. भेजे गए नोटिस में बिजली वितरण निगम ने 15 दिन के अंदर बकाया बिजली बिल चुकता करने को कहा है. एचइसी पर दिसंबर 2023 तक का 180 करोड़ रुपए का बकाया है. भेजे गए नोटिस में 15 दिन के अंदर बकाया देने को कहा है. रांची जीएम पीके श्रीवास्तव के अनुसार एचइसी को बकाया चुकता करने के लिए नोटिस जारी किया गया है. एचइसी को हर महीने 28 से 29 करोड़ रुपए तक की बिजली दी जाती है.

# गौतम सागर राणा की राजद में वापसी पटना में लालू यादव ने दिलायी सदस्यता

संवाददाता। रांची

पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में वापसी की है. शुक्रवार को पटना में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने राणा को पार्टी की सदस्यता दिलायी. पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे गौतम सागर राणा की घर वापसी से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी. आगामी चुनाव में भी इसका लाभ मिलेगा. सदस्यता ग्रहण करते समय बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बिहार प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव सहित कई नेता उपस्थित रहे.



**बगोदर से पहली बार गौतम राणा बने थे विधायक**

गौतम सागर राणा पहली बार 1977 में बगोदर से विधायक चुने गये थे. वे विधान पार्षद भी रह चुके हैं. झारखंड बनने के बाद गौतम सागर राणा ने चार बार आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष रहे. बाद में उन्होंने अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल लोकतांत्रिक बना ली. राणा जदयू, राजद और भाजपा में भी कुछ दिन रहे. ऐसा माना जाता है कि वह लालू प्रसाद के बेहद करीबी और विश्वासपात्र नेताओं में से एक रहे हैं.

### अंजय श्रीवास्तव बनाए गए बिरसा मुंडा जेल के नए जेलर

**रांची।** अंजय श्रीवास्तव को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार का नया जेलर बनाया गया है. इस संबंध में शनिवार को कारा निरीक्षणालय ने आदेश जारी किया है. अंजय श्रीवास्तव को गढ़वा जेल से शनिवार को विरमित कर दिया गया है. गौरतलब है कि शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर प्रमोद कुमार समेत तीन कर्मियों को जेल आईजी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था.

# आरयू के कुलपति आवास में रहने वाला कोई नहीं, वीरान पड़ा बंगला

रजनीश प्रसाद। रांची

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति बंगला वीरान पड़ा है. पिछले तीन दशक से इस बंगले में एक भी कुलपति नहीं रहे हैं. खाली पड़े इस बंगले का रखरखाव भी अच्छे ढंग से नहीं किया जा रहा है. यह बंगला काफी पुराना है. इस खाली पड़े बंगले में अंतिम बार कौन कुलपति रहे थे, इसकी जानकारी विश्वविद्यालय के पास नहीं है. विश्वविद्यालय के अन्य भवनों को चमकाया जा रहा है, वहीं कुलपति के बंगले की रिपेयरिंग तक नहीं करवायी जा रही है. विश्वविद्यालय के बंगले में जो कुलपति नहीं रहते हैं, उन्हें एक अच्छी रकम हाउस रेंट के तौर पर दी जाती है.




कुलपति के बंगले में योग डिपार्टमेंट की पढ़ाई करवाई जा रही थी, लेकिन अब उसे भी हटा कर मोरहाबादी कैंपस में ले आया गया है. तब से बंगला पूरी तरह से खाली है. नियमित तौर से इसका रखरखाव भी नहीं कराया जा रहा है. शुभम संदेश संवाददाता ने जब इस बंगले में जाकर स्थिति को देखना चाहा, तो बंगले में ताला बंद था और वहां कोई गार्ड भी नहीं था. रांची विश्वविद्यालय के सीडीसी डॉ प्रकाश झा ने बताया कि पिछले दिनों तक बंगले में योग की क्लास चलती थी, लेकिन उसे वहां से हटा कर मोरहाबादी कैंपस कर लिया गया है. बंगले की स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वहां पर रहा जा सके, इसे रिपेयर करने की जरूरत है.

### धार्मिक न्यास बोर्ड और मंदिर समितियों के बीच कानूनी लड़ाई छिड़ी

**रांची।** झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के गठन के बाद से अलग-अलग मंदिर समितियों और बोर्ड के बीच कानूनी लड़ाई छिड़ चुकी है. रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर, चतरा जिले के विश्वविख्यात इटखोरी भद्रकाली मंदिर, हजारीबाग के पंच मंदिर और रांची के मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर की निवर्तमान कमिटी अब तक धार्मिक न्यास बोर्ड को हाईकोर्ट में चुनौती दे चुकी है. सभी मामलों में बोर्ड के आदेश पर हाईकोर्ट रोक लगा चुका है. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में ये तक कहा है कि आखिर किस अधिकार से बोर्ड वर्षों से मंदिर का संचालन कर रही कमिटियों को भंग कर नये लोगों को समिति में पदाधिकारी बना रहा है.

CLASSIFIED










































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रविवार, 07 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 260 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




## धनबाद में 800 और राज्य के 24 जिलों में हैं 22,000 होमगार्ड, पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल टीम कर रही है जांच

# फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र पर बहाल 8 हजार से अधिक होमगार्ड 15 वर्षों से कर रहे ड्यूटी

संवाददाता। धनबाद

झारखंड में धनबाद समेत 24 जिलों के विभिन्न प्रखंडों में फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र पर बहाल 8 हजार से अधिक होमगार्ड पिछले 15 वर्षों से ड्यूटी कर रहे है. सूत्रों के अनुसार इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को एक गोपनीय पत्र भेजा गया है. जिसे गंभीरता से लेते हुए स्पेशल टीम बना कर जांच करायी जा रही है. जांच शुरू होते ही राज्य के कुछ जिलों से फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से बहाल हुए कई होमगार्ड केस, गिरफ्तारी और जेल जाने के डर से चुपके से छुट्टी लेकर बिहार चले गए हैं. पूर्व में फर्जी कागजात के आधार पर बहाल झारखंड के कई जिलों से आरक्षी व होमगार्ड जेल जा चुके हैं. फिलहाल झारखंड में अधिकतर बहाल हुए होमगार्ड बिहार के हैं, लेकिन झारखंड के विभिन्न जिलों में किराया का घर लेकर रह रहे हैं और दलाल के माध्यम से उसी पता के आधार पर फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवा लिए हैं. जबकि नियमतः किराया के घर में रहनेवालों का आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बनता है. जिसका स्थायी घर है, उसी का आवासीय प्रमाण पत्र उस जिले के संबंधित कार्यालय से बनता है. वर्तमान समय में धनबाद में 800 और राज्य के 24 जिलों में हैं 22,000 होमगार्ड हैं. जिनका वेतन रोजाना 500 रुपए के हिसाब से 15000 रुपए मिलते हैं. जितना दिन ड्यूटी करेंगे, उतने दिन का ही वेतन मिलता है.

### खास बातें

- कई जिलों में फर्जीवाड़ा करने वाले भेजे जा चुके हैं जेल



### ड्यूटी ज्वाइन करने से पहले भौतिक सत्यापन का नियम

जानकारों का कहना है कि गृह रक्षा वाहिनी में बहाली होने के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने से पहले होमगार्ड का भौतिक सत्यापन होता है. विभाग की ओर से संबंधित क्षेत्र के थाने को कागजात की कॉपी के साथ सत्यापन के लिए पत्र लिखा जाता है. फिर थाना से पुलिस के कनीय पदाधिकारी उक्त पते पर जाकर आवासीय प्रमाण पत्र की जांच करते हैं. अभ्यर्थी का पता स्थायी है या फिर अस्थायी या फिर फर्जी है. जबकि विभाग की ओर से सत्यापन के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर दी जाती है. सबकुछ सेटिंग से चलता है.

### गणेश शर्मा कई लोग बनवा चुका है फर्जी प्रमाण पत्र

सूत्रों के अनुसार राजीव कुमार तिवारी की ओर से होमगार्ड मुख्यालय में शिकायत की गई है. जिसमे कहा गया है कि गणेश शर्मा कई लोगों का फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवा चुका है. फर्जी कागजात बनवाने में काफी रकम लेता है. जिसकी जांच की जा रही है.

## अखिलेश सिंह के शूटर का बाइक चोर से हिस्ट्रीशीटर तक का सफर

# जमशेदपुर का हिस्ट्रीशीटर हरीश पटना से गिरफ्तार



संवाददाता। जमशेदपुर

कुख्यात अखिलेश सिंह का शूटर हरीश सिंह को पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया है. पुलिस को कई मामलों में उसकी तलाश थी. हालांकि लॉकडाउन के दौरान सीतारामडेरा के नीतिबाग कॉलोनी में हुए गैंगवार के बाद से ही उसकी तलाश तेज कर दी गई.

एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि हरीश पटना में छुपा हुआ है, जिसके बाद एक टीम का गठन कर पटना भेजा गया, जहां पटना पुलिस की मदद से उसे पकड़ा गया है. पुलिस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जमशेदपुर पहुंची, जहां उससे पूछताछ की जा रही है.

**वेश बदल कर पुलिस को चकमा देने में माहिर हरीश :** हरीश सिंह कुख्यात रहे अखिलेश के लिए काम करता था. हरीश सिंह पर हत्या और फायरिंग जैसे कई मामले जिले के थानों में दर्ज हैं. 5 मार्च 2021 में वह सुनवाई के दौरान वकील बन कर कोर्ट में आया और पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. पूर्व में पुलिस ने उसे मार्च 2018 में पटना से ही पकड़ा था. हरीश उर्फ छोटू सिंह मूल रूप से बिहार के भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र का निवासी है. बीते कई सालों से बाराद्वारी में रहता था. उसी दौरान उसकी दोस्ती साकची गरमनाला के युवकों से थी. उस समय गरमनाला में साहेब सिंह के भांजे सोनू सिंह का वर्चस्व था, जिसके बाद पंकज एवं उसके साथियों ने सिक्योरिटी फ्लैट में सोनू सिंह को मौत के घाट उतार दिया था. पंकज सिंह व साथियों के आपराधिक सक्रियता के कारण हरीश सिंह भी अपराध की दुनिया में चला आया और सबसे पहले बिष्टुपुर पुलिस ने चोरी की गाड़ी रखने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था. जेल में उसकी दोस्ती विभाष पासवान के साथ हुई और वह अपराध में सक्रिय हो गया. जिसके बाद उसकी दोस्ती गया और हजारीबाग के कई अपराधियों से भी हुई. जेल से छूटने के बाद वह साकची बाजार में एक मटका संचालक के साथ काम करने लगा और मटका संचालक से अनबन होने पर फायरिंग की थी. विभाष पासवान के साथ दोस्ती के दौरान उसने साकची ठाकुरबाड़ी रोड के कई बड़े व्यापारियों से अखिलेश सिंह और अमलेश सिंह के नाम पर रंगदारी की मांग की थी. रंगदारी के इस मामले में तलाश के दौरान पुलिस ने उसके आरा से लौटते समय बस से पारडीह काली मंदिर के पास हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था. जेल में रहने के दौरान वह अखिलेश सिंह गिरोह के करीब आ गया और कन्हैया सिंह, सुधीर दुबे के बोलने पर पंकज सिंह तथा बर्मामाइंस के साथियों के साथ मिल कर उपेंद्र सिंह की हत्या की घटना को अंजाम दिया.

### इन थानों में दर्ज हैं मामले

- मानगो थाना- आर्म्स एक्ट, 26 जून 2008
- **गोलमुरी थाना- हत्या की योजना बनाने, चार अप्रैल 2008**
- गोलमुरी थाना- धारा 307, 109 तथा 120 बी, चार जून 2008
- **साकची थाना- धारा 379 के तहत 22 मई 2008**
- सीतारामडेरा- धारा 379 के तहत 9 मार्च 2008
- **गोलमुरी- धारा 307, 34 एवं 27 आर्म्स एक्ट, पांच अप्रैल 2008**
- साकची- धारा 386, 387, 34 एवं 25-1बी, ए, 26, 35 आर्म्स एक्ट 31 जनवरी 2011
- **साकची- 387, 120 बी, 506, 507, 15 सितंबर 2011**
- मानगो- आर्म्स एक्ट का मामला
- **साकची - आर्म्स एक्ट**
- सीतारामडेरा- उपेंद्र सिंह हत्याकांड
- **सीतारामडेरा- आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज**

# संगठित अपराध के खिलाफ एक्शन में पुलिस

अमित सिन्हा। धनबाद

नए साल में धनबाद को मिले नए एसएसपी एचपी जनार्दनन ने संगठित अपराध के खिलाफ अपना कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है. संगठित अपराध के खिलाफ नई रणनीति के तहत जिला पुलिस काम करने में लग गई है. पुलिस सूत्रों के अनुसार एक विशेष टीम बना कर संगठित अपराध को नेस्तनाबूद करने की रणनीति बन रही है. इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम से लेकर टेक्निकल सेल को मजबूत किया जा रहा है. टेक्निकल सेल में नई नई टेक्नोलॉजी की मदद से अपराधियों पर नकेल कसने की तैयारी की जा रही है. जानकारी के अनुसार बहुत जल्द ही जिले के लोगों को इसका असर भी दिखने लगेगा. मालूम हो कि एक प्रिंस खान गैंग, अमन सिंह के गुर्गों को पकड़ने के लिए पुलिस जिले में जल्द ही पूरे एक्शन में दिखेगी. कई हत्याओं में फरार चल रहे आशीष रंजन की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जाएगी. शनिवार को एसएसपी एचपी जनार्दनन के क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि संगठित अपराध पर लगाम लगाएं. किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### धनबाद एसएसपी ने क्राइम मीटिंग में दिये कई निर्देश



**पुलिस कंट्रोल रूम और टेक्निकल सेल को किया जा रहा हाईटेक :** जानकारी के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम एवं टेक्निकल सेल को और हाईटेक बनाने की तैयारी चल रही है. एसएसपी के अनुसार फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने में टेक्नोलॉजी की मदद सबसे कारगर साबित होगी. टेक्निकल सेल को तकनीकी रूप से विकसित किया जा रहा है, ताकि अपराधियों को आसानी से पकड़ा जा सके.

#### प्रिंस खान, आशीष एवं अमन गैंग के गुर्गों की सूची तैयार

प्रिंस खान गैंग के गुर्गों को दबोचने के लिए सूची बनी है. विशेष टीम गैंग के गुर्गों को गिरफ्तार कर प्रिंस के कुनबे को ध्वस्त करने की तैयारी में है. आशीष रंजन एवं अमन गैंग के गुर्गों को भी सलाखों के पीछे डालने की रणनीति बनी है. जेल से जमानत पर निकले गुर्गों पर भी नजर रखी जाएगी. रंगदारी के लिए आने वाले फोन एवं मैसेज से परेशान कारोबारियों को राहत दिलाई जाएगी.

#### एसएसपी ने कहा-लंबित मामले तुरंत निपटाए जाएं

एसएसपी जिले में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण को लेकर डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर और थाना,ओपी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की. यहां तैनाती के बाद यह पहली बैठक थी. बैठक में एक साल में लंबित मामलों की समीक्षा के बाद दिशा निर्देश दिए गए. साथ ही नये साल का प्लान बनाया गया. एसएसपी ने कहा कि एक साल तक काम करने का प्लान और विगत साल किये गए कामों की समीक्षा की गयी. साथ ही अपराध नियंत्रण करने, जेल से छूटे अपराधियों पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया.







### बालू तस्करी व रंगदारी मामले में प्रमुख सहित 8 लोग हुए गिरफ्तार

**रंका।** प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा सहित 8 लोगों को बालू उठाव को ले मारपीट मामले में पकड़ कर जेल भेज दिया गया. रंका के बरदरी गांव में पुलिया बन रही है. जिसके निर्माण के लिए बालू का अवैध उत्खनन हो रहा था. इस बीच सस्ती बालू गिराने को लेकर ट्रैक्टर मालिक एवं बालू माफिया में झगड़ा हो गया. माफिया ने पुलिया निर्माण कर रहे मुंशी के साथ मारपीट की. मुंशी के शिकायत पर रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई. मुंशी ने बताया कि शुक्रवार रात्रि कुछ लोगों के द्वारा बालू गिरने का दर को लेकर मेरे साथ मारपीट की गयी, जिससे मैं घायल हो गया. ग्रामीणों के मदद से मुझे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां पर इलाज के बाद होश हुआ. रंका थाना प्रभारी पिंकू कुमार राणा ने मामले को छानबीन करते हुए रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

### गोविंदपुर में पुलिस का छापा, एक हजार टन कोयला जब्त

**गोविंदपुर।** धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरवापूर्व सुपर मोड़ स्थित नव ईंधन उद्योग में शनिवार को पुलिस ने छापेमारी कर करीब एक हजार टन अवैध कोयला जब्त किया. छापेमारी गोविंदपुर थाना प्रभारी जीतेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई. संस्थान में पुलिस टीम के घुसते ही कोयला तस्कर, कर्मी व मुंशी भाग निकले. पुलिस ने वहां जमा अवैध कोयले की सर्वेयर टीम के सहयोग से मापी कराई. इसके बाद वहां जवानों को तैनात कर दिया गया है. थाना प्रभारी जीतेंद्र कुमार ने बताया कि इमले में संजय सिंह, विजय यादव समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर के निर्माण को लेकर रेलवे की ओर हीरोडीह स्टेशन के पास की जा रही घेराबंदी

# केंद्रीय राज्य मंत्री से घेराबंदी का काम रोकने की मांग

संवाददाता। जयनगर

डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर के निर्माण को लेकर रेलवे द्वारा की जा रही घेराबंदी से हीरोडीह स्टेशन अंतर्गत रेभनाडीह के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है. इसको लेकर ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की. उन्होंने सांसद से अंडरपास या ओवरब्रिज बनने के पहले घेराबंदी के काम पर रोक लगाने की मांग की.

ग्रामीणों ने बताया कि घेराबंदी हो जाने से उनलोगों को आठ मिनट का रास्ता तय करने में एक घंटे का समय लगेगा. साथ ही हीरोडीह बाजार का कारोबार भी पूरी तरह ठप हो जाएगा. इस पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री से बात कर पहले अंडरपास का निर्माण करवाने को कहेंगी. उसके बाद ही आगे की घेराबंदी होगी. मंत्री से मिलनेवालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री जमुना यादव, व्यवसायी संघ अध्यक्ष महादेव यादव, सचिन कुमार, मुरलीधर यादव, रंजीत यादव, राजेंद्र कुमार, सुधांशु कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे.



**रोष व्याप्त**

- ग्रामीणों ने की अंडरपास या ओवरब्रिज बनाने की मांग
- अन्नपूर्णा देवी ने रेल मंत्री से बात करने का दिया भरोसा
- रेभनाडीह के ग्रामीणों से मिले विधायक अमित यादव

**अंचल अमीन से कराई जाएगी जमीन की मापी :** ग्रामीणों की सूचना पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव भी गांव पहुंचे. रेलवे अधिकारी उमाकांत प्रजापति और रेल सर्वेयर राणा चक्रवर्ती की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि जयनगर अंचल के अमीन और रेल विभाग के सर्वेयर को बुलाकर जमीन की मापी कराई जाएगी. वहीं, जब तक अंडरपास या ब्रिज नहीं बनेगा, तब तक घेराबंदी का काम बंद रहेगा.

**घेराबंदी हुई, तो चुनाव का विरोध करेंगे ग्रामीण**

रेभनाडीह और हीरोडीह के ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि अंडरपास बनने से पहले घेराबंदी की गई, तो वे लोग लोकसभा व विधानसभा चुनाव का विरोध करेंगे. वहीं प्रचार-प्रसार में आने वाले नेताओं को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा. ग्रामीणों की मांग है कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने से पहले अंडरपास का निर्माण कराया जाए.

## शहीद बबुनी प्रसाद महतो का शहादत दिवस मना

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के चलकरी खुर्द में झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी झामुमो नेता बबुनी प्रसाद महतो का 29वां शहादत दिवस मनाया गया. बतौर मुख्य अतिथि मांडू के भाजपा विधायक जेपी पटेल की पत्नी ललिता देवी ने बबुनी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक और सांसद स्व. टेकलाल महतो के साथ कदम से कदम मिलाकर बबुनी महतो ने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाया. शहीद की प्रतिमा पर उनके जेष्ठ पुत्र व विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, पुत्रवधु गायत्री देवी, पौत्र विक्की कुमार, अंकित कुमार तथा पौत्री खुशबू रानी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर विधायक की पत्नी ने असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- बहमनी सल्तनत के संस्थापक कौन थे - **अलाउद्दीन बहमन शाह**
- भारत के किस पड़ोसी देश ने टिकटॉक पर बैन लगाया है - **नेपाल**
- नंद वंश के संस्थापक कौन थे - **महापदमनंद**
- खून में प्रोटीन की मात्रा कितनी होती है - **आठ प्रतिशत**
- कोरोनावायरस से भारत में पहली मौत कहां हुई थी - **कर्नाटक**
- प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है - **राष्ट्रपति**
- भारत में सोंगमो झील कहां पर है - **सिक्किम**
- भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है - **उत्तर प्रदेश**
- झंडा सत्याग्रह के लिए कौन शहर प्रसिद्ध है - **नागपुर**
- होम रूल आंदोलन किसके द्वारा शुरू किया गया था - **एनी बेसेंट**

## ब्रीफ खबरें

### 80 जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**झुमरी तिलैया।** निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने शनिवार को गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया. इस दौरान 80 लोगों को कंबल बांटे गए. पिंकी जैन ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा प्रयासरत और संकल्पित हूं. उन्होंने बताया कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल देने का निवेदन किया था. नगर परिषद से प्राप्त इन कंबलों को जरूरतमंद लाभुकों का चयन कर वितरण किया गया है. उन्होंने नगर प्रशासक को धन्यवाद दिया. मौके पर नगर परिषद के मुकेश राणा, उमेश कुमार, नारायण रजक, सुरेंद्र कुमार आदि थे.

### नावाडीह सप्ताहिक हाट से दो बाइक की चोरी

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के नावाडीह सप्ताहिक हाट से देर शाम दो बाईक की चोरी हो गयी. मामले को लेकर केतरूसिंघा निवासी महेश वर्मा ने मरकच्चो थाना में आवेदन दिया है. उन्होंने बताया है कि वह अपनी बाइक (जेएच 11 एबी 7105) से नावाडीह स्थित सप्ताहिक बाजार गए थे. बाइक को बाजार के पास खड़ी कर सब्जी खरीदने चले गए. जब वह वापस लौटे, तो बाइक गायब थी. दूसरी ओर उसी सप्ताहिक हाट से एक और बाइक (जेएच 12 एम 3852) की भी चोरी हो गई. पीड़ित नावाडीह पंचायत के लोहडियो निवासी सिराज शाह ने थाना में आवेदन दिया है. वह भी हाट में बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने गए हुए थे.

### विहिप के पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों का चयन

**सतगावां।** गणेश मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई. अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बबलू सिंह एवं संचालन बजरंग दल संयोजक सह कार्यक्रम जिला संयोजक राजू यादव ने किया. बैठक में प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह ने कहा कि 14 वर्ष के वनवास के पश्चात जब प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे थे, तो उसे उपलक्ष में दीपावली मनाई जाती है. लंबे इंतजार के बाद अब प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में सुशोभित होने जा रहे हैं. इस दौरान प्रखंड के सभी चौदह पंचायतों में पूजित अक्षत के साथ आमंत्रण कार्य के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया. सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि 15 जनवरी तक निश्चित रूप से हर घर पूजित अक्षत, पत्रक और फोटो पहुंचाएं.

### 22 पैक्सों से धान अधिप्राप्ति के लिए दो लाख क्विंटल का लक्ष्य किया निर्धारित

# 20 पैक्सों में धान अधिप्राप्ति शुरू

**विभागीय कवायद**

- जिला आपूर्ति कार्यालय के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा
- 48 घंटे के अंदर किसान के खाते में राशि भेजने का निर्देश

संवाददाता। रामगढ़

डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई. बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने बताया कि इस बार धान अधिप्राप्ति के लिए दो लाख क्विंटल का लक्ष्य रखा गया है. इसके तहत जिले के 22 पैक्सों में से 20 में धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू कर दिया गया है. वहीं शेष दो पैक्सों में जल्द ही धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ हो जाएगा.

इस दौरान डीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर ही अपने धान की बिक्री करने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया. डीसी ने धान अधिप्राप्ति के प्रथम किश्त की राशि का भुगतान 48 घंटे के अंदर किसान के खाते में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान डीसी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को राशन कार्ड के लाभुकों का लंबित आधार सीडिंग को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया. साथ ही सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड,



मुख्यमंत्री दाल-भात योजना आदि की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए. बैठक में उप विकास आयुक्त, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे. राशन कार्ड का लाभ ले रहे अपात्र लाभुकों को लगेगा जुर्माना : बैठक के दौरान डीसी ने गरीब एवं योग्य लोगों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने को कहा. वहीं, राशन कार्ड का लाभ ले रहे अपात्र लाभुकों के विरुद्ध अभियान चलाकर उनसे जुर्माना वसूलते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अपात्र लाभुकों को स्वयं राशन कार्ड सरेंडर करने के प्रति जागरूक करने को कहा. डीसी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करते हुए जिला स्तर पर भेजने का निर्देश भी दिया.

## कोषागार की पंजियों को सही तरीके से संधारित करें

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने शनिवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक ए स्थित कोषागार का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कोषागार पदाधिकारी मंजू शोभा एक्का से कोषागार में स्वीकृत एवं उसके विरुद्ध कार्यरत बल की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान कोषागार में संधारित की जाने वाली आगत निर्गत पत्रों की पंजी, डिपॉजिट रजिस्टर, स्पेसिमेन हस्ताक्षर पंजी, अलॉटमेंट पंजी, गार्ड फाइल आदि की जांच करते हुए सही तरीके से पंजियों को संधारित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए.

उपायुक्त ने कोषागार में पूर्व में किये गए महालेखाकार एवं वित्त विभाग के ऑडिट रिपोर्ट के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की जांच करते हुए कार्यों की जानकारी ली. उन्होंने कोषागार पदाधिकारी को कार्यों के निर्वहन के दौरान कोषागार संहिता 2016 के अपेंडिक्स 5 में अंकित सभी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करते को कहा. वहीं, कोषागार के रिकॉर्ड रूम का जायजा लेते हुए वहां संधारित पंजियों की जांच की. साथ ही वर्षवार व्यवस्थित तरीके से पंजियों को संधारित करने का निर्देश दिया. इस दौरान उपायुक्त ने कुबेर सॉफ्टवेयर के माध्यम से कोषागार कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जांच की. मौके पर नजारत उप समाहर्ता रवींद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे.



- उपायुक्त ने किया रामगढ़ कोषागार का निरीक्षण, दिए कई दिशा-निर्देश
- कोषागार एवं रिकॉर्ड रूम में संधारित पंजियों की भी जांच

## ज्यादा से ज्यादा किसानों को करें लाभान्वित : रोबिन टोप्पो



संवाददाता। रामगढ़

**दिए निर्देश**

- डीडीसी ने किया मिट्टी जांच प्रयोगशाला का निरीक्षण
- मिट्टी नमूना लेने की प्रक्रिया के संबंध में ली जानकारी

उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने शनिवार को समाहरणालय परिसर स्थित मिट्टी जांच प्रयोगशाला का निरीक्षण किया. इस दौरान सर्वप्रथम मिट्टी नमूना लेने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली. साथ ही उन्होंने प्रखंड कर्मियों को पूरी जानकारी के साथ कम से कम 500 ग्राम मिट्टी नमूना लेने का निर्देश दिया. डीडीसी ने मिट्टी सैंपल को व्यवस्थित तरीके से रखने को भी कहा.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रभारी मिट्टी जांच प्रयोगशाला में उपलब्ध सामग्री और रसायनों का अवलोकन किया. उन्होंने उपलब्ध सामग्री का स्टॉक पंजी में संधारण करने करने को कहा. साथ ही मिट्टी जांच प्रयोगशाला के बेहतर संचालन तथा ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से आवश्यकता सामग्रियों की सूची तैयार कर जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि अभियंता पदाधिकारी, प्रक्षेत्र के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, आत्मा के परियोजना निदेशक सहित अन्य उपस्थित थे.

### कोलकाता में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**हजारीबाग।** शहर के सिरका खिरगांव की रंजीत वर्मा पुत्री रश्मि वर्मा का कोलकाता स्थित ससुराल में बीते चार जनवरी को फंदे से हटकता शव मिला. खबर सुन कर हजारीबाग से मृतका के बड़े भाई रोहित वर्मा कोलकाता गए. उन्होंने बालिगंज थाना में आवेदन देकर बहन के पति आशीष वर्मा, ससुर उमेश कांत वर्मा, सास उमा देवी, भैंसुर अनुज वर्मा व प्रभात कुमार वर्मा, गोतनी सबिता देवी और आरती देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है. उसने बताया कि बहन को पति सहित ससुराल वाले हमेशा मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे. घटना के बाद सुसराल वाले शव छोड़कर फरार हो गए हैं. बता दें आशीष वर्मा कोलकाता में कैनरा बैंक में सीनियर मैनेजर के पद पर है. महिला की मौत से चार व छह साल के दो बेटों के सिर से मां का आंचल छिन गया.

## मेहनत से बेहतर परिणाम : नैंसी सहाय

संवाददाता। दारू

प्रखंड के मेडकुरी पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय को पुष्प गुच्छ देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंदन लाल शर्मा ने सम्मानित किया. कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्री बाई फुले के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जलित कर किया गया.

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ मनीष कुमार, सीओ अदिती गुप्ता, मुखिया भोला तुरी मौजूद थे. विद्यालय की छात्रा कुमकुम कुमारी ने सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला. उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षकों और बच्चों को नई ऊर्जा मिलती है. यह एक अच्छी पहल है. ऐसी पहल हर स्कूलों में होनी चाहिए. सरकारी स्कूल से भी पढ़कर बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर सहित बड़े-बड़े ओहदे पर कार्य करते हैं. उन्होंने बच्चों से कहा कि कड़ी मेहनत के साथ अच्छे कार्य करें. आपकी मेहनत आपको बेहतर परिणाम देगी. आपको क्या करना है, उसकी जिज्ञासा आप स्वयं करें. अंत में उपायुक्त ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया.

मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक बैजू रामजोली टूटू, यदु कुमार, कामता कुमार, उपेंद्र कुमार पांडेय, उदय सिंह, उषा कुमारी, कुमारी अनुपमा, बंटी कुमारी, रविकांत वर्मा आदि थे.



**जयंती कार्यक्रम**

- उपायुक्त ने किया स्कूली छात्र-छात्राओं को सम्मानित
- कहा- सरकारी स्कूल से भी बड़े ओहदे पर जाते हैं छात्र

### झारखंड में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा : पंकज

**रामगढ़।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शनिवार को तौयर गांव में महिला मोर्चा की बैठक हुई. अध्यक्षता तेबुन निशा और संचालन मुन्नी देवी ने किया. इस दौरान सर्वसम्मति से गोला प्रखंड कमेटी का गठन किया गया. इसमें अध्यक्ष मंजू देवी, सचिव सरिका देवी और कोषाध्यक्ष बिमला देवी को बनाया गया. वहीं, 15 दिनों के अंदर प्रखंड कमेटी का विस्तार करने की बात कही गई. मुख्य अतिथि केबीएसएम के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने कहा कि झारखंड राज्य को बने 23 वर्ष हो गए. लेकिन, खनिज संपदा से भरपूर अमीर राज्य होने के बावजूद यहां की अधिकांश जनता गरीब है. महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है. महिलाओं ने एक स्वर में रामगढ़ विधानसभा से महतो को जिताने का संकल्प लिया.

## ग्रिजली के प्रशिक्षुओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता। हजारीबाग

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने प्रमंडल स्तरीय आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई. हजारीबाग स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इसमें उत्तरी छोटनगपुर प्रमंडल के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया.

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की बीएड सत्र 2023- 25 की प्रशिक्षु सोनाली कुमारी ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम एवं युवा संसद में पंचम स्थान, बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु सोहित गुप्ता ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पंचम स्थान प्राप्त कर अपने महाविद्यालय, जिला एवं प्रमंडल का नाम रौशन किया. इस प्रतियोगिता का आयोजन कोडरमा के जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम के कुशल निर्देशन में किया गया था.

उन्होंने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी. वहीं, ग्रिजली कॉलेज के चैयरमैन मनीष कपसीमे एवं सचिव अविनाश कुमार सेठ, उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्रभारी प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने ने प्रशिक्षुओं के सतत प्रयास, जूनून की सराहना करते हुए उनकी उपलब्धि पर बधाई दी.



**प्रमंडल प्रतियोगिता**

- प्रशिक्षु सोनाली कुमारी निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम
- सोहित गुप्ता को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मिला पंचम स्थान

### स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह, छात्रों ने बिताए गए पुराने दिनों को किया याद

# गिर कर आगे बढ़ना और सीखते रहना ही जीवन : डॉ. मिथिलेश

संवाददाता। हजारीबाग

विभावि के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया. अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सिंह ने की. मिलन समारोह में वर्ष 1992 से लेकर वर्तमान बैच के विद्यार्थी भी पहुंचे थे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र बरई एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण भंडारी थे.

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को विभागाध्यक्ष ने बुके देकर सम्मानित किया. मुख्य वक्ता मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आप एक ऐसे अनुशासनिक विषय के विद्यार्थी हैं, जो दुनिया के सारे समस्याओं का समाधान है. छात्रों से कहा कि कई बार कई प्रयासों में सफलता नहीं मिलती है. लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि आप असफल हो गए, बल्कि अपने अच्छे ढंग से प्रयास नहीं किया. गिर कर आगे बढ़ना ही जीवन है. हमेशा सीखते रहना चाहिए. उन्होंने दर्शन को जीवन में अपनाने की अपील की. इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई. फिर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर विजय कुजूर और मंच संचालन शोधकर्ता अमित रंजन ने किया.

कार्यक्रम के अंतिम में एल्यूमिनी एसोसिएशन की घोषणा की गई. अध्यक्ष संत कोलंबस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जेपी रविदास को बनाया गया. आने वाले दिनों में एल्यूमिनी एसोसिएशन की बैठक कर कमेटी का विस्तार किया जाएगा. कार्यक्रम में भद्राकाली कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार सिन्हा, विजय कुजूर, डॉ. सौरव कुमार सुमन, शोधकर्ता अनिल रविदास, टीचिंग अस्सिटेंट मो. फजल, विजय चौधरी, योग शिक्षक अभिषेक, नीशू कुमारी, शैलेंद्र कुमार सिंह, संदीप कुमार दास, राज किशोर महतो, संतोष कुमार ठाकुर, जिया उल हक, जनातूल फिरदौस, राजेश कुमार, सबा फिरदौस, नेहा चौबे, रश्मि कुमारी, विकास कुमार, वीरेंद्र मेहता, राजेश कुमार, मिसिका सिन्हा, करन यादव, मनोज कुशवाहा, खुशबु, अनीशा खानम, अंजलि सहित कई छात्र उपस्थित थे.




**छात्र समागम**

- छात्रों से की गई दर्शन को जीवन में अपनाने की अपील
- एल्यूमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ. जेपी रविदास

**दुनिया भर में अपना लोहा मनवा रहे छात्र : डॉ. अमित**

विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार सिंह ने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर निकले छात्र देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में अपनी क्षमता का लोहा मनवा रहे हैं. विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण नारायण भंडारी ने दर्शनशास्त्र विभाग के शोधकर्ताओं और छात्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया. उन्होंने हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन पर जोर दिया. वहीं, संत कोलंबा कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जेपी रविदास ने कहा कि उन्होंने अपनी पढ़ाई इसी विश्वविद्यालय से की थी और और इसी विश्वविद्यालय के संत कोलंबा कॉलेज में छात्रों को पढ़ा रहे हैं. पुरान छात्रों का मिलन होना बहुत जरूरी है. पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने भी यहां बिताए पल को याद किया. सभी पूर्ववर्ती छात्रों को दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

## कोलकाता कार्बाइड प्लांट में लगा हेल्थ कैंप, 100 लोगों की हुई जांच



**अच्छी पहल**

- टीबी, एचआईवी, ब्लड शुगर, बीपी आदि की हुई जांच
- टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत लगाया था शिविर

संवाददाता। रामगढ़

रउता स्थित कोलकाता कार्बाइड प्लांट में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शुभारंभ जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज, कोलकाता कार्बाइड प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक बीएन महापात्रा एवं आरके जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इससे पूर्व डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को प्लांट के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया. इस दौरान में 100 से अधिक मरीजों की टीबी, एचआईवी, ब्लड शुगर, बीपी सहित अन्य रोगों की जांच कर उचित परामर्श दिया. बीएन माहापात्रा ने बताया कि प्लांट में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई. टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया था.

### सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन :** डॉ. सोमा उरांव
- **मनोचिकित्सा विभाग :** डॉ. मो. एस. जाफर
- **त्वचा रोग :** डॉ. एसएस चौधरी
- **शिशु रोग :** डॉ. क्षितिज आनंद
- **इएनटी :** डॉ. राखी कुमारी
- **डेंटल :** डॉ. कोएना मिश्रा

**ट्रामा सेंटर : सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. विवेक
- **मेडिसिन :** डॉ. रेफॉर्ड

**अपराह्न 2 से रात 10 बजे तक**

- **सर्जन :** डॉ. अमरेंद्र
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

**रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक**

- **ऑर्थो विभाग :** डॉ. रामकृष्ण
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

### हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 10 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 22 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** 60%
- **हवा की रफ्तार :** पांच किमी प्रति घंटे

### ब्रीफ खबरें

#### फुसरी में 12 को मनाया जाएगा सोहराय त्योहार

**चरही।** बहेरा पंचायत के ग्राम फुसरी में आगामी 12 जनवरी को सोहराय पर्व मानने का निर्णय लिया गया. सुबह गांव के अखाड़ा में बैठक कर सर्वसम्मति से इस वर्ष सोहराय पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. इस कड़ी में 12 जनवरी को नहाय, 13 को पूजा, बोंगा एवं 14 को जाले अर्थात सांस्कृतिक नाच-गान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से गांव के नायके जेठुवा मांझी, मांझी हाड़ाम बिटका मांझी, जोगवा लूदू मांझी, जगदीश मांझी, जीबलाल मुर्मू, बढ़ो मांझी, शिवशंकर टुडू, मनोज टुडू, महेश टुडू, बिनोद मुर्मू एवं जीतेंद्र मुर्मू सहित गांव के कई लोग उपस्थित थे.

#### दो नाकाबोश ने कांटा घर में की गोलीबारी

**चरही।** थाना क्षेत्र के सीसीएल तापिन नॉर्थ परियोजना में बीती शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे दो नकाबपोश अपराधियों ने एक और तीन नंबर कांटा घर के पास अचानक गोलीबारी कर दहशत मचा दिया. इस दौरान वहां ड्यूटी कर रहे सीसीएल कर्मी बाल-बाल बच गए. गोलियों की आवाज सुनकर सीसीएल के सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया. अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग खड़े हुए. घटना की सूचना पर चरही थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया. थाने में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है. इस घटना से तापिन नॉर्थ सहित पूरे कोयलांचल में दहशत व्याप्त है.

#### सदर अंचल अधिकारी को हटाने की मांग

**हजारीबाग।** सदर अंचल अधिकारी के विरुद्ध प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने संयुक्त हस्ताक्षर कर वर्तमान अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार और सीओ को हटाने को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को आवेदन दिया है. आवेदन में बताया है कि अंचल कार्यालय में म्यूटेशन सहित सभी कामों का रेट फिक्स है. हरेक काम के लिए बिचौलिए भी नियुक्त हैं. इससे अंचल में सरकारी भूमि अतिक्रमण हो रहा है और म्यूटेशन व एलपीसी के लिए लोग चक्कर काट रहे हैं. लोगों ने परेशान होकर भू राजस्व सचिव, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, राजस्व पर्षद के सदस्य, आयुक्त नॉर्थ डिविजन, उपायुक्त सहित प्रधानमंत्री को भी पत्र भेजा है.

---

### कटकमसांडी में 51.87 लाख रुपये की लागत से मनरेगा योजना के तहत लगाए गए थे 2100 पौधे

# देखरेख के आभाव में नष्ट हो गए 80 प्रतिशत पौधे

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

हरियाली है, तो जीवन है. इसे चरितार्थ करने की नीयत से झारखंड सरकार ने वर्षा ऋतु की शुरुआत में सड़कों के किनारे पौधरोपण अभियान की शुरूआत की थी. इसका मकसद पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मनरेगा के तहत मजदूरों को रोजगार देना था. इसी के तहत कटकमसांडी प्रखंड के कई पंचायतों में सड़कों के दोनों किनारे मनरेगा योजना के तहत पौधरोपण कार्य किया गया था.

लाखों की योजना से लगाए गए इन पौधों की पांच वर्षों तक देखभाल भी की जानी थी. इन पौधों की सुरक्षा के लिए घेराबंदी जरूर की गई थी.



**बरती लापरवाही**

- बरसात खत्म होने के बाद कभी नहीं किया गया पटवन
- ग्राम सभा से चयनित पट्टाधारी को करना था देखभाल

लेकिन रोजगार सेवकों ने पौधों की उचित देखभाल की जरूरत नहीं समझी और न ही कभी पटवन किया. बरसात खत्म होते ही लगाए गए लगभग 80 प्रतिशत पौधे उचित देखभाल एवं पानी के अभाव में नष्ट हो गए. रोपे गए पौधों के पास समय-समय पर मजदूरों के जरिए कोड़ाई की जानी थी. मामले को लेकर कटकमसांडी पंचायत के ग्रामीणों एवं खुटरा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मनरेगा के तहत सड़क किनारे पौधा लगाना केवल दिखावा था. पौधा तो लगाया गया, पर पटवन और खुदाई के अभाव में पौधे नष्ट हो गए. यहां तक कि खानापूर्ति करते हुए महज एक फीट का जाली लगाया गया.

#### नष्ट पौधे की जगह लगेंगे नये पौधे : बीपीओ

इस संबंध में कटकमसांडी के बीपीओ अफरोज अख्तर ने कहा कि मनरेगा के तहत इस वर्ष 21 यूनिट पौधे लगाए गए. इसमें प्रति यूनिट में 100 पौधे होते हैं. प्रत्येक यूनिट के लिए 2.47 लाख की योजना होती है. इस अनुसार कटकमसांडी प्रखंड में कुल 51 लाख 87 हजार रुपये की योजना से 2100 पौधे लगाए. यह योजना पांच साल की थी, जिसमें पांच प्रतिशत रिप्लेसमेंट है. पौधा मर जाने के बाद दोबारा पौधा लगाने का प्रावधान है. 5 साल में 2 लाख 47 हजार खर्च करना है. उन्होंने यह भी कहा कि पौधा लगाने के बाद देखभाल के लिए ग्राम सभा के माध्यम से पट्टाधारी का चयन कर जिम्मेदारी दी गई है. जो पौधे मर चुके हैं, उसे हटाकर वहां फिर से नए पौधे लगाए जाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि कटकमसांडी के पंचायत में शत प्रतिशत पौधे सुरक्षित हैं.

---

### सड़क पर मौत बन कर दौड़ी ट्रक, तेज रफ्तार ने बरपाया कहर

# 13 साल के मासूम की मौत

**संवाददाता। केरेडारी**

थाना क्षेत्र के पुराना थाना स्थित शनिवार अहले सुबह तेज गति से आ रही ट्रक ने एक बच्चे को अपने चपेट में ले लिया. घटना में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान केरेडारी गांव निवासी कीनू साव के पुत्र दीपक कुमार (13) के रूप में हुई है. जनकारी के मुताबिक दीपक अहले सुबह अपने घर से ट्यूशन के लिए निकला था. इसी दौरान पुराना थाना के पास तेज रफ्तार ट्रक (एनएल 01 एए 9183) ने उसे रौंद दिया.

घटना के बाद आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने केरेडारी-हजारीबाग मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया. इसकी सूचना मिलते ही बीडीओ अमित कुमार, सीओ रामरतन वर्णवाल, केरेडारी थाना प्रभारी एनजी केरकेट्टा मौके पर पहुंचे. इस दौरान ग्रामीणों को काफी समझाने की कोशिश की गई. लेकिन वे लोग मुआवजे की मांग पनर अड़े थे. इस दौरान सड़क के दौनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी. इस बीच पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, जिला परिषद सदस्य अनीता सिंह, उप प्रमुख अमेरीका महतो, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, कांग्रेस पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के चतरा जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान, मुखिया सोनिया देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव आदि घटनास्थल पर पहुंचे.

उनलोगों ने मृतक के परिजनों को संतावना देते हुए सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही. लेकिन, ग्रामीणों ने लिखित आश्वासन पर अड़े रहे. इसके बाद केरेडारी बीडीओ व सीओ ने एक सादे पेपर पर लिख कर सरकारी प्रकिया के अनुसार एक लाख मुआवजा देने और घर के एक व्यक्ति को योग्यता के अनुसार एनटीपीसी में नौकरी पर दिलाने का आश्वासन दिया. इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया. फिर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया.



**सड़क हादसा**

- अपने घर से ट्यूशन जाने के लिए निकला था बालक
- आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटो किया सड़क मार्ग जाम
- सीओ व बीडीओ के लिखित आश्वासन पर जाम हटा

#### नो एंट्री के बावजूद भारी वाहनों का परिचालन

बता दें कि मई 2019 में हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के द्वारा हजारीबाग से बड़कागांव, केरेडारी होते हुए आम्रपाली परियोजना जाने वाले कोयला वाहनों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई थी. इस दौरान सड़क हादसे में काफी कमी आई थी. लेकिन, डीसी के जाते ही केरेडारी में खाली वाहनों का रात भर परिचालन होने लगा. हालांकि, उक्त मार्ग में नो एंट्री है. इस बीच शनिवार अलसुबह 13 वर्षीय बच्चे की ट्रक की चपेट में आने से जान चली गई.

#### पुलिस पर पैसे लेकर पासिंग कराने का आरोप

घटना के बाद भीड़ में शामिल लोगों द्वारा थाना के गश्ती दल पर नो एंट्री का खुला उल्लंघन करवाने का आरोप लगाया गया. ग्रामीणों का कहना था कि सभी हाइवा एवं ट्रकों से पैसे लेकर छोड़ दिया जाता है. इस दौरान केरेडारी पुलिस के प्रति लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला. ग्रामीणों ने केरेडारी-टंडवा मुख्य मार्ग होकर हाइवा एवं अन्य भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की. सीओ ने रविवार से भारी वाहनों को परिचालन बंद करवाने की बात कही.

#### घर में घुसी तेज रफ्तार ट्रक, लाखों का नुकसान

**केरेडारी।** हजारीबाग-टंडवा मुख्य मार्ग स्थित गरी कलां में बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक (जेएच 02 एडी 3813) अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गया. ट्रक की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि संदीप विश्वकर्मा के घर के बाहर लगे करकट शीट को उड़ाते हुए ओट और नाली क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं जीतन महतो के डेढ़ हजार ईंट को नेस्तनाबूत कर दिया. इसके बाद रिमझिम मेडिकल नामक दुकान में जोरदार धक्का मार दिया.

- जान की कोई क्षति नहीं, ट्रक भी क्षतिग्रस्त
- ट्रक मालिक ने मुआवजा देने की कही बात

दुर्घटना में ट्रक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़ कर फरार हो गया. दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मकान के स्वामियों ने बताया कि उक्त ट्रक कोदेव गांव निवासी प्रमोद महतो का है. गाड़ी मालिक ने मुआवजा देने की बात कही है. इसके बाद ट्रक को गाड़ी मालिक ले गया. ग्रामीणों ने केरेडारी प्रखंड प्रशासन से हजारीबाग-टंडवा एसएच 7 पर नो एंट्री होने के बावजूद भी भारी वाहनों के परिचालन पर सवाल उठाया है. कहा कि भारी वाहनों के परिचालन पर अविलंब रोक नहीं लगाई जाएगी, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे.



---

### भद्रकाली मंदिर में पूजा कर लौट रहे थे न्यायमूर्ति

# कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का उपायुक्त ने किया स्वागत

**संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस. चंद्रशेखर, न्यायाधीश आनंद सेन एवं राजेश कुमार का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सत्य प्रकाश सिन्हा व उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग परिसदन में स्वागत किया. दरअसल, सभी न्यायमूर्ति चतरा जिला के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर लौट रहे थे.

इसी क्रम वे सभी कुछ देर के लिए हजारीबाग परिसदन में रुके थे. इस दौरान इनके स्वागत में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह एवं सदर एसडीओ विद्या भूषण कुमार भी मौजूद रहे.



# छेड़खानी के आरोपी शिक्षक को जेल

**संवाददाता। चौपारण**

थाना क्षेत्र के दादपुर पंचायत के मध्य विद्यालय सिंहपुर में आठवीं कक्षा की छात्रा के साथ छेड़खानी एवं दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है. पीड़ित छात्रा ने स्कूल के ही एक शिक्षक पर आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. उसने पुलिस को बताया है कि बीती 4 जनवरी को सहायक शिक्षक राजकुमार प्रजापति ने उसे कंप्यूटर रूम में बुलाया और फिर मेरा हाथ पकड़ कर अपने और खींचते हुए जोर जबरदस्ती करने लगे.

इसके बाद शरीर पर हाथ फेरते हुए दुष्कर्म करने की कोशिश की. हालांकि, शिक्षक को धक्का देकर छात्रा बाहर भाग गई. पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शिक्षक राजकुमार प्रजापति ने किसी को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी. स्कूल से घर जाने के बाद शर्म से घरवालों को कुछ नहीं बताया. फिर शनिवार को जब मां ने स्कूल जाने के लिए कहा, तो उसने आपबीती सुनाई. वहीं, पता चलने के बाद उसके पिता जब शिक्षक राजकुमार प्रजापति से पूछताछ करने गए, तो वे गाली-गलौज व जान मारने की धमकी देने लगे.

**शर्मनाक घटना**

- छात्रा ने लगाया दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप
- गुस्साए मुहल्ले के युवकों ने आरोपी शिक्षक को पीटा

इसके बाद छात्रा ने अपने पिता के साथ चौपारण थाना पहुंच कर लिखित आवेदन दिया. इधर, घटना का पता चलने पर मुहल्ले के 50 से अधिक युवक स्कूल गेट पर पहुंचे और आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी.

इधर, चौपारण थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर दल-बल के साथ स्कूल पहुंचे आओैरआरोपी शिक्षक को थाना लेकर आए. पीड़ित छात्रा के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए सहायक शिक्षक राजकुमार प्रजापति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. मामले में प्राचार्य का कहना है कि एक साल पूर्व आरोपी शिक्षक द्वारा छात्राओं के हिजाब पहनने का विरोध भी किया गया था. इसको लेकर उस समय काफी हंगामा हुआ था.

---

### बीएसएफ मेरु कैंप में सीमा सुरक्षा बल अंतर सीमांत एंटी सैबोटाज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

# नॉर्थ बंगाल की टीम को प्रथम एवं जम्मू कश्मीर को दूसरा स्थान

**संवाददाता। दारू**

बीएसएफ मेरु कैंप में आयोजित 22वीं अंतर सीमांत एंटी सैबोटाज चेक प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया. 2 जनवरी से आयोजित इस प्रतियोगिता में सीमा सुरक्षा बल के सभी सीमांत मुख्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में सीमा सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करने वाली एंटी सैबोटाज चेक टीम को तैयार करना था.

उपमहानिरीक्षक राजेश कुमार की अध्यक्षता में पांच दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में टीमों के बीच काफी प्रतिस्पर्धा हुई. इसमें सीमांत मुख्यालय नॉर्थ बंगाल की टीम प्रथम स्थान पर रही. वहीं, सीमांत मुख्यालय जम्मू की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. योग्य और श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता 2023-24 के लिए सीमा सुरक्षा बल की टीम में किया गया. इन्हें संस्थान के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा पुनः अभ्यास एवं नवीनतम बारीकियों से अवगत करवाया जाएगा. विदित हो कि बीएसएफ मेरू कैंप सीमा सुरक्षा बल का ही नहीं, अपितु देश का एक प्रीमियर व प्रतिष्ठित संस्थान है. यहां केंद्रीय बलों के अलावा पुलिस के कार्मिक भी प्रशिक्षित किए जाते रहे हैं. यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक हमेशाअपने दायित्व निर्वहन में अव्वल रहे हैं. वहीं, प्रतियोगिता का विधिवत समापन समारोह प्रातः 10 बजे मेरु कैंप परिसर में संपन्न हुआ.



**प्रतियोगिता संपन्न**

- श्रेष्ठ प्रतिभागियों का पुलिस ड्यूटी मीट के लिए चयन
- उप महानिरीक्षक ने दी आयोजन समिति को बधाई

उपमहानिरीक्षक सह कार्यवाहक महानिरीक्षक राजेश कुमार ने अपने संबोधन में आगामी ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता 2023-2024 में भाग लेने वाली सीमा सुरक्षा बल की टीम के लिए चयनित प्रतिभागियों को बधाई और उनकी सफलता की कामना की. साथ ही प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए संस्थान के अधिकारियों और आयोजन समिति को बधाई दी प्रतियोगिता के समापन पर रंगारंग कार्यक्रम और खाने का भी आयोजन किया गया. उपमहानिरीक्षक ने प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के प्रतिभागियों को सम्मानित किया. इस अवसर पर डीके प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक (प्रशिक्षण), विजय कुमार सिन्हा, समादेष्टा (एसटीएस) व संस्थान के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

---

### प्रॉपर्टी बाजार

**लोकेशकन : जीटी रोड से बरही के रास्ते जगदीशपुर रोड में**

- **स्थान :** चौपारण स्थित पांडेयवारा
- **जमीन का दर :** 50 हजार रुपए डिसमिल
- **बस स्टैंड से दूरी :** सात किलोमीटर
- **रेलवे स्टेशन से दूरी :** 15 किमी
- **आवागमन का साधन :** कार, ऑटो, बाइक
- **आसपास के स्कूल :** सरकारी स्कूल
- **पास का सब्जी बाजार :** पांडेवारा चौक

### हेल्थ अलर्ट

**अस्पताल का नाम - मां दुर्गा नर्सिंग होम बरकट्ठा**

- **कुल बेड :** 15
- **आईसीयू :** नहीं
- **एंबुलेंस :** हां
- **साफ-सफाई :** बेहतर
- **पार्किंग सुविधा :** हां
- **चिकित्सक :** फिजिशियन डॉ यशवंत कुमार, सर्जन डॉ सुरेंद्र प्रसाद और जनरल फिजिशियन एवं सर्जन डॉ आशीष कुमार
- **विशेषज्ञ :** सर्जरी
- **सुविधाएं :** सोमवार से रविवार 24 घंटे इलाज की सुविधा, ऑपरेशन थिएटर, मुफ्त बंध्याकरण,मेडिकल, लेबर रूम समेत अन्य सुविधाएं.

### घूमें-फिरें

**स्थल का नाम : चौपारण स्थित चयकला पर्यटन स्थल**

- शहर से कितनी दूर : हजारीबाग से 55 किमी, चौपारण से चार किमी
- शहर में कहां है : हजारीबाग के चौपारण प्रखंड में
- कैसे पहुंचेंगे : (कार से, ऑटो से, बस से, बाइक से)
- पहुंचने का रूट क्या है : हजारीबाग से बरही, बरही से चौपारण, चौपारण से चतरा रोड में महाराजगंज होते हुए
- क्या-क्या है खास : हजरत सरकार ए दूल्हा फतह उद्दीन गाजी रहमतुल्लाह अलैह की 300 वर्ष पुरानी मजार, ऐसे गोल पत्थर जिसमें पत्थर या ईंट मारने पर टन-टन की आवाज आती है.



### खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम :इंजीनियर ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट**

- किस स्थान पर है : टी रोड सूर्यकुंडधाम बरकट्ठा पेट्रोल पंप के बगल में
- नाश्ते में क्या : आमलेट, आलू पराठा, तावा रोटी, पनीर स्पेशल, चिकेन मशाला
- दिन का भोजन में क्या: वेज थाली, जीरा राइस, पराठा, चिकन, बटर रोटी, आलू दम
- रात के भोजन में क्या: रोटी, दाल, मछली कड़ी, पालक पनीर, वज स्पेशल थाली, चिकन आइटम
- खास क्या है : चिकन मशाला, दाल मखाना, पनीर मशाला, मिक्स वेज, दाल तड़का
- वेज या नॉनवेज : दोनों
- चाइनीज आइटम : नहीं
- पार्सल की व्यवस्था है: नहीं
- होम डिलिवरी देते हैं : नहीं
- संचालक गौतम नायक कहते हैं कि ढाबे में साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था है. ग्राहकों को पसंदीदा वातावरण में स्वादिष्ट नाश्ता एवं भोजन कराना उनकी पहली प्राथमिकता है.


**F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल में आपका स्वागत और अभिनंदन।**

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।




- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved

# 90 ग्राम पन्ना के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम जिले का गुड़ाबांदा में मजदूर की मौत के बाद पन्ना तस्करी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो पन्ना तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्करों में हथियापाड़ा निवासी देवाशीष प्रधान और कुमड़ासोल निवासी अशोक मुंडा शामिल है. दोनों के पास से पुलिस ने कुल 90 ग्राम पन्ना बरामद किया है. जिसकी कीमत एक लाख रुपए बताई जा रही है. दरअसल, गुड़ाबांदा के बारूजमुठी में देवाशीष प्रधान और अशोक मुंडा द्वारा स्थानीय युवकों की मदद से पन्ना की खुदाई कराई जाती है. इस खदान में हड़ियान निवासी गंगाराम सरदार उर्फ झाबू सरदार भी काम करता था.

बीते 30 दिसंबर को पन्ना की खुदाई करने के दौरान मिट्टी में दबकर गंगाराम की मौत हो गई थी. देवाशीष ने गंगाराम के शव को उसके परिजनों को सौंपा और जल्द से जल्द अंतिम संस्कार कर किसी को घटना की जानकारी ना देने की धमकी दी. जिसके डर से गंगाराम के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया.



## पिता की शिकायत पर हुआ खुलासा

घटना के बाद गंगाराम के पिता कार्तिक सरदार ने डरे सहमे 4 जनवरी को पुलिस को घटना की सारी जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस ने देवाशीष को गिरफ्तार कर लिया. देवाशीष के पास से पुलिस ने 40 ग्राम पन्ना बरामद किया. पुलिस ने अशोक को भी गिरफ्तार किया. अशोक के पास से पुलिस ने 50 ग्राम पन्ना बरामद किया. पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों स्थानीय युवकों की मदद से पन्ना की खुदाई करते और उसे अन्य राज्यों में बेच देते थे. पुलिस दोनों को जेल भेजने की तैयारी कर रही है.

**जब्त सामग्रियां :** देवाशीष प्रधान के पास से 25 ग्राम पन्ना पत्थर, एक वन प्लस कम्पनी का मोबाइल फोन एवं एक सुपर स्पेलेंडर बाइक. राहुल प्रसाद मुंडा उर्फ अशोक मुंडा के पास से 47 ग्राम पन्ना पत्थर. मृतक गंगा राम सरदार उर्फ झाबू सरदार के शव का जला हुआ अवशेष.

## आओ जानें

### देश में सड़क दुर्घटना में मौत (2022)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | 3003 | महाराष्ट्र | 58424 |
| पंजाब | 10445 | तेलंगाना | 13097 |
| उत्तराखंड | 1777 | गोवा | 596 |
| मध्यप्रदेश | 40510 | आंध्रप्रदेश | 16044 |
| झारखंड | 7369 | कर्नाटक | 25278 |
| पश्चिम बंगाल | 15698 | लद्दाख | 153 |
| मेघालय | 566 | जम्मू कश्मीर | 1386 |
| मणिपुर | 277 | हरियाणा | 15492 |
| मिजोरम | 232 | दिल्ली | 3185 |
| त्रिपुरा | 638 | उत्तरप्रदेश | 36521 |
| दमन | 274 | सिक्किम | 233 |
| छत्तीसगढ़ | 17525 | अरुणाचल प्रदेश | 391 |
| ओडिशा | 19663 | राजस्थान | 23197 |

## ब्रीफ खबरें

### तीस लाख का डोडा जब्त, दो हिरासत में

**लोहरदगा।** रांची से पंजाब जा रहे चावल लदे मालवाहक ट्रक से पुलिस ने 75 बोरा डोडा जब्त किया हैं, जिसकी कीमत तीस लाख रुपये है. पुलिस ने मालवाहक ट्रक के चालक सह मालिक तथा खलासी को हिरासत में लिया है. बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां के निर्देश पर ट्रक में डोडा लदा था. मामले की सूचना के बाद पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार और कुड़ू सीओ प्रवीण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच शुरू की.

### वाहन चेकिंग के लिए अतिरिक्त बलों की तैनाती

**रांची।** रांची में अपराध नियंत्रण और वाहन चेकिंग को लेकर लगभग 200 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है. इसके अलावा पुलिस की ओर से जगह-जगह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. साथ ही रांची के संवेदनशील स्थान और पूरे शहर की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जा रही है. अपराध नियंत्रण करने के लिए अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है.

### गुवा के राम कुमार राउत का इटली में मौत

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा नानक नगर के रहने वाले प्रभु नारायण राउत का बेटा का इटली में मौत हो गई है. इस संबंध में मृतक राम कुमार राउत के चाचा प्रकाश राउत ने बताया कि उसके भतीजा राम कुमार पिछले एक साल से पढ़ाई करने के लिए इटली गया हुआ था. वह अपनी पढ़ाई एक किराए के मकान में रहकर कर रहा था. बीते 2 जनवरी को मकान मालिक ने फोन कर जानकारी दी की राम कुमार बाथरूम में गिर गया है जिससे उसकी मौत हो गई है.

### डॉक्टर से रंगदारी मांगने वाले दो गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो में एक डॉक्टर से रंगदारी मांगे जाने के मामले में सेक्टर 12 थाना की पुलिस ने एक महिला तथा एक पुरुष को गिरफ्तार किया है. चीरा चास स्थित केके सिंह कॉलोनी के रहने वाले डॉ रितेश कुमार मिश्रा को लगातार धमकी देकर 5 लाख की रंगदारी मांगी जा रही थी. डॉ मिश्रा वेदांता इलेक्ट्रो स्टील में एक दिन पूर्व ही योगदान दिए थे. बताया जा रहा है कि डॉ मिश्रा अपने किसी परिजन के यहां बारी कोऑपरेटिव गए हुए थे, जहां उन्हें एक कॉल आया जिसमें 5 लाख की रंगदारी मांगी गई.

### दुराचार का आरोपी दोषी करार, सजा 8 को

**धनबाद।** नाबालिग लड़की से दुराचार करने के आरोपी जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोड़ा 16 नंबर निवासी आरिफ अंसारी को अदालत ने शनिवार को दोषी करार दिया है. पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा की बिंदु पर सुनवाई की अगली तारीख 8 जनवरी निर्धारित की है. अभियुक्त के खिलाफ पीड़िता द्वारा जोड़ापोखर थाना में 19 अक्टूबर 2019 को केस दर्ज करवाई गई थी. अभियुक्त पिछले 4 वर्षों से शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण कर रहा था.

### दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष की कैद

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया. पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने जयनगर बरवाअड्डा निवासी संजय रजक उर्फ भुट्टा रजक को बीस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. पांच जनवरी को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था और सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 6 जनवरी की तारीख निर्धारित की थी.प्राथमिकी पीड़िता के मां के शिकायत पर दर्ज की गई थी.

### देवघर हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** देवघर जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के दुधनियां निवासी महेंद्र यादव हत्याकांड के मामले में देवघर और सोनारी पुलिस ने एयरपोर्ट के पास संयुक्त छापेमारी कर कांड में संलिप्त गौरव नरोने और रवि शंकर वर्मा को गिरफ्तार किया है. शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का मेडिकल कराया और कोर्ट में हाजिर कर ट्रांजिट रिमांड पर देवघर ले गई. बता दें कि दिवाली के दिन 12 नवंबर को अपराधियों ने महेंद्र पर फायरिंग कर दी थी .

## टीपीसी ने ली कोयला कारोबारी के हत्या की जिम्मेदारी, कहा-

# संगठन का पैसा नहीं दे रहा था



संवाददाता। रांची

राजधानी के रातू थाना क्षेत्र के पिर्रा में बीते चार जनवरी को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. हत्या के तीन दिन बाद टीपीसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली है. टीपीसी संगठन ने कारोबारी अभिषेक की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि, अभिषेक श्रीवास्तव को लगातार चेतावनी दिया दी जा रही थी. जो पैसा संगठन का खाकर बैठा हुआ है, उसे वापस करने के लिए बोला जा रहा था. इसके अलावा क्षेत्र में जो भी कोयला का काम कर रहा था. उसे बंद करने के लिए बोला जा रहा था, ना तो वह काम बंद कर रहा था, ना ही संगठन का पैसा वापस किया. जिस वजह से अभिषेक श्रीवास्तव पर फौजी कार्रवाई की गयी. कुछ महीने पहले बालूमाथ में कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू की भी हत्या की गई थी.

**टीपीसी संगठन का पैसा लेकर बैठे लोगों को दी गई चेतावनी :** टीपीसी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जितने भी लोग टीपीसी संगठन का पैसा दबाए बैठे हुए हैं.

वह संगठन का पैसा वापस कर दें. रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार क्षेत्र में बिना संगठन के इजाजत के जो काम कर रहे हैं. वह सभी संगठन से बात करके ही काम करें, नहीं बात किए जाने पर राजेंद्र प्रसाद साहू और अभिषेक श्रीवास्तव जैसा हाल होगा. क्षेत्र में जितने भी ट्रांसपोर्टर, डीओ, होल्डर सभी तरह की कंपनियां, छोटे-बड़े लिफ्टर सभी तरह के ठेकेदार को कड़ी चेतावनी है कि जल्द से जल्द संगठन से बात करके ही काम करें, अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें.

## कोल ट्रांसपोर्टर अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या से उठते सवाल

सौरभ सिंह। रांची

**टिप्पणी**

ज़्यादा दिन नहीं हुए हैं. कोल ट्रांसपोर्टरों के टीपीसी के नक्सलियों से सांठ-गांठ के आरोप लगे. यह आरोप लगा कि ट्रांसपोर्ट के कारोबार में टीपीसी का पैसा लगा है. यह भी आरोप लगा कि उग्रवादी-ट्रांसपोर्टर की सांठ-गांठ से ही चतरा के टंडवा व पिपरवार इलाके में बड़े पैमाने पर (प्रति माह करीब आठ करोड़) की लेवी वसूली कुछ साल पहले तक होती थी. दो दिन पहले कोल ट्रांसपोर्टर अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या कर दी गई. अब टीपीसी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है. साथ ही उन आरोपों की भी पुष्टि कर दी है, जिनमें ट्रांसपोर्टरों द्वारा उग्रवादियों के पैसे देने की बात कही जा रही थी. हत्याकांड की ज़िम्मेदारी लेते हुए उग्रवादी संगठन ने कहा है कि जिन ट्रांसपोर्टरों के पास भी संगठन का पैसा है, वह संगठन को वापस कर दें. वैसे तो इस तरह की यह पहली हत्या नहीं है, लेकिन बाकी ट्रांसपोर्टरों को पहली बार चेतावनी जारी कर दी गई है.

**जानते सब हैं बोलता कोई नहीं :** टीपीसी संगठन के पैसे से कौन-कौन कोयला कारोबारी बड़ा ट्रांसपोर्टर बन गया, उसके पैसे के बल पर ही बड़े-बड़े कंपनियों को कोयला ट्रांसपोर्ट करने लगा, इस बात की जानकारी ना तो टीपीसी ने सार्वजनिक की है और न ही ट्रांसपोर्टर खुल कर बोलने वाले हैं. पर, जानते बहुत लोग हैं. फर्श से अर्श तक पहुंचने वाले कोल ट्रांसपोर्टरों की लिस्ट छोटी नहीं है. प्रशासन के अफसरों से लेकर बहुत सारे लोगों को इसकी जानकारी है. नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) ने कुछ के खिलाफ कार्रवाई भी की. गिरफ्तार कर जेल भी भेजा. कुछ जमानत पर बाहर हैं, तो कुछ अभी भी जेल में ही हैं. लेकिन उग्रवादियों का पैसा बरामद नहीं किया जा सका. वह पैसा ट्रांसपोर्टरों के कारोबार में दिन दूना, रात चौगुना बढ़ता ही चला गया. टीपीसी संगठन भी कमजोर हो गया था. जिसका फायदा उठाते हुए ट्रांसपोर्टरों ने भी चुप्पी साध ली.

### ट्रांसपोर्टरों में डर का माहौल

बहरहाल, अब टीपीसी के उग्रवादी पैसे की वसूली को लेकर हत्या करने तक की दुस्साहस करने लगे हैं. ऐसे में ट्रांसपोर्टरों में डर का माहौल लाज़िमी है. ट्रांसपोर्टरों की मजबूरी यह है कि संगठन का पैसा कारोबार में लगा हुआ है और टीपीसी को चाहिए एकमुश्त वापसी. ट्रांसपोर्टर देना नहीं चाहते. अगर पैसे वापस करते हैं, तो तो उनका चलता हुआ कारोबार ठहर जाएगा. और इस कारोबार पर जो वर्चस्व क़ायम हुआ है, वह ख़त्म हो जाएगा. धमकी के बाद पुलिस के पास तो पहुंचते हैं, लेकिन धमकी की असल वजह बता नहीं पाते. कुल मिला कर स्थिति यह बन गई है कि आठ-दस साल पहले मलाई की चाहत में कोल ट्रांसपोर्टरों ने जो पैसे बनाये, उसे अब न ही उगलते बन रहा है, न निगलते. क्योंकि इस दौरान कुछ पैसे तो मैनेज करने में बंटे भी हैं.

## प्रतिबिंब पोर्टल कारगर साबित

# 7 साइबर अपराधियों को धर दबोचा

संवाददाता। रांची/गिरिडीह

गिरिडीह पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 16 मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, पांच एटीएम, एक बाइक और एक कार बरामद किये गए हैं. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में लक्ष्मण मंडल, दिनेश मंडल, मिनेश मंडल, बलराम मंडल, प्रकाश मोहली, मनीष कुमार और जागेश्वर साव शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की और गांडेय थाना क्षेत्र से सात साइबर अपराधियों को धर दबोचा.



### बिजली विभाग का कर्मी बनकर करते थे ठगी

पकड़े गये साइबर अपराधियों ने पुलिस को बताया कि वो रैंडम नंबरों पर सीरियल कॉलिंग कर बिजली विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर बकाया बिजली बिल भुगतान करने के लिए कहते हैं. अन्यथा बिजली का कनेक्शन काटने की बात कहकर डराते हैं. उसके बाद झांसे में लेकर रिमोर्ट एक्सेस ऐप लिंक भेजकर उसको इंस्टॉल करवाते हैं और साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं. साथ ही वो बैंक कर्मी बनकर भी लोगों को झांसे में लेते थे और ओटीपी और पासवर्ड प्राप्त कर ठगी करते हैं.

### शेयर मार्केट का झांसा देकर 88 हजार ठगे

**रामगढ़।** साइबर क्रिमिनल्स अपने शिकार को अलग-अलग तरीके से झांसा देकर लूटने में लगे रहते हैं. इस बार रामगढ़ की एक एमबीए की स्टूडेंट को शेयर मार्केट में भारी लाभ दिलाने का झांसा देकर उससे 88 हजार की ठगी कर ली गई है. इस मामले की शिकायत छात्रा स्मृति कुमारी ने शनिवार को रामगढ़ थाने में की है. उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को टेलीग्राम ऐप पर सर्फिंग करने के दौरान हीप्पो टास्क ग्रुप के द्वारा अचानक उन्हें एक लिंक भेजा गया. उस लिंक पर उसे तत्काल रुपए कमाने का झांसा दिया. सबसे पहले यूपीआई लिंक पर 3000 फिर 5000 और फिर 15000 भेजें. इसके बाद वह 65000 और भेज देती है, तो वह सारे रुपए 30 प्रतिशत ब्याज के साथ जोड़कर उसके खाते में भेज दिए जाएंगे.

# हादसे में घायल होमगार्ड जवान के दोनों पैर टूटे, रिम्स रेफर

संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ शहर में वाहन जांच अभियान चला रही पुलिस टीम में शामिल एक होमगार्ड जवान को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी है. इस हादसे में होमगार्ड जवान अजीत कुमार मेहता के दोनों पैर की हड्डियां टूट गई है. उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है. इस हादसे के दौरान मोटरसाइकिल सवार तोसिम राजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले में यातायात थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक प्रभात कुमार दास ने शनिवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि विभागीय आदेश के अनुसार नई सराय चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान जब होमगार्ड जवान अजीत कुमार मेहता ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने उसे जोरदार टक्कर मार दी. बाइक पर सवार तोसिम राजा सैयद कॉलोनी, नईसराय का रहने वाला है. उसने जानबूझकर एक सरकारी कार्य में लगे जवान को धक्का मारा है. उसने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं सरकारी सेवक को जान से करने के लिए उन्हें गंभीर रूप से जख्मी करने और सरकारी कार्य में भयोपरांत कर क्षति पहुंचाने का काम किया है. रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि राजा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

### कार ने ट्रक को मारी टक्कर, दो की मौत

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा रोड पर बाबा आम्रेश्वर धाम के पास शुक्रवार की देर रात हुई एक तेज रफ्तार कार के ट्रक से टकरा जाने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये. दोनों का इलाज रिम्स रांची में चल रहा है. मृतकों में तोरपा निवासी रंजीत साहू का पुत्र बिशु साहू उर्फ उमाकांत साहू (20) और पालकोट ग्राह्मण टोली निवासी दीपक हेमरोम शामिल हैं. घायलों में गुमला जिले के पालकोट निवासी रोहित साहू और पुरुषोत्तम साहू शामिल हैं. जानकारी चार युवक अपनी कार से रांची से तोरपा की ओर तेज गति से जा रहे थे. रात लगभग दस बजे बाबा आम्रेश्वर धाम के पास कार एक ट्रक से टकरा गई और चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी तेज गति से तोरपा की ओर जा रही थी. दुर्घटना के बाद चालक समेत सभी चार युवक कार में ही फंस गये थे, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से कार का गेट तोड़कर बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस मंगाकर सदर अस्पताल भेजा गया.

## रांची के बड़ा तालाब से युवक का शव मिला



संवाददाता। रांची

रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब से एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है. शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा, इसके बाद पुलिस को जानकारी दी. तालाब से शव मिलने की सूचना पर तालाब के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. शव की शिनाख्त लोरेन आरिफ (25) के रूप में हुई है. वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित शाह बाग निवासी अकरम आरिफ का पुत्र था. वह एक जनवरी को घर से निकला था. इस संबंध में सुखदेव नगर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था. जांच के क्रम में पुलिस को युवक का बड़ा तालाब के पास सीसीटीवी फुटेज मिला था.

पुलिस ने आसपास और तालाब में भी युवक की तलाश की थी लेकिन वह नहीं मिला था. शनिवार को उसका शव बरामद किया गया. डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोए ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है.

### ठेला संचालक के साथ मारपीट, शिकायत दर्ज

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मेहाबांक में एक ठेला संचालक के साथ मारपीट की घटना घटी है. घटना में ठेला संचालक गोलगो निवासी संतोष हजाम जख्मी हो गया है. जख्मी ठेला संचालक ने मारपीट करने वालों पर रंगदारी मांगने और पैसे छीन लेने का आरोप लगाते हुए बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है. दिए गए आवेदन में ठेला संचालक संतोष हजाम ने कहा है कि वह मेहाबांक साप्ताहिक हाट में ठेला पर चाउमीन एवं अंडा बेचने का काम करता है. शुक्रवार 5 जनवरी को वह हाट में अपना ठेला लगाया था. इसी दौरान मेहाबांक के रहने वाले बजरंगी हाजरा और मुकेश हाजरा उसके ठेला के पास पहुंचे. दोनों लोगों ने दुकान लगाने के बदले पांच सौ रुपये की मांग की. आरोप है कि रंगदारी के पांच सौ रुपये नहीं देने पर उक्त दोनों ने मारपीट शुरू कर दी और ईंट के वार कर दिया. जिससे ठेला संचालक के ललाट पर चोट पहुंची और वह जख्मी हो गया.

## गिरधारी यादव हत्याकांड

# आरोपियों ने पुलिस रिमांड में उगले कई राज

संवाददाता। गोड्डा

पोरैयाहाट के गिरधारी यादव हत्याकांड के दो प्रमुख आरोपियों ने पुलिस द्वारा किए गए पूछताछ के बाद कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है. बता दें कि दोनों आरोपियों ने पुलिस के डर से न्यायालय में सरेंडर कर दिया था. हत्या से संबंधित कई महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी पुलिस को मिली है.


इस बात की जानकारी देते हुए एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने बताया कि पिछले पखवाड़े पोरैयाहाट, थाना अंतर्गत ग्राम द्रोपद के गिरधारी यादव को उनके घर से खींचकर अपहरण करके कार में बिठाकर लेते गए थे. बाद में उसकी हत्या कर लाश को दूसरी जगह फेंक दिया गया था. इस क्षेत्र की चर्चित घटना को उद्भेदन के लिए तत्काल पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था. एसआईटी द्वारा अनुसंधान के क्रम में आरोपियों का नाम आने के बाद पुलिस ने आरोपियों पर दबाव बनाया तो पुलिस से बचने के लिए द्रुपद गांव के ही नयन कुमार यादव एवं नितेश कुमार यादव ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया. बाद में न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल से रिमांड पर लेकर पुलिस द्वारा पूछताछ की गई. पूछताछ में इन अपराधियों ने यह स्वीकार किया की हत्या को अंजाम देने में उन लोगों की सहभागिता थी. इसके अलावा अन्य साथियों का भी नाम पूछताछ में बताया गया जो घटना में शामिल थे. घटना का मुख्य कारण ग्रामीण दुश्मनी एवं संपत्ति हड़पने का विवाद बताया जा रहा है. गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ बिहार और झारखंड के अन्य थानों में भी कई केस दर्ज है. एसडीपीओ चौधरी के अनुसार इस कांड में संलिप्त अन्य आरोपी जो फरार चल रहे हैं, उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है.

### पोक्सो के तहत आरोपी को 22 साल की सजा

**चाईबासा।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की न्यायालय द्वारा अभियुक्त निर्मल दास को धारा 6 पोक्सो एक्ट के तहत 22 साल कारावास तथा 20,000/- (बीस हजार) रुपये जुर्माना एवं धारा 366 भादवि में 07 (सात) साल कारावास तथा 5000/ (पांच हजार) रूपये जुर्माना की सजा सुनाई गई. मालूम हो कि महिला (चाईबासा) थाने में अभियुक्त निर्मल दास, गांव महुलसाई, थाना मुफ्फसिल, जिला पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा के विरुद्ध नाबालिग बच्ची को बहला-फुसला कर घर में जबरदस्ती दुष्कर्म करने के आरोप में दर्ज किया गया था. अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा अभियुक्त निर्मल दास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया. जिसके आधार पर उक्त कांड का विचारण के क्रम में सही पाया गया.

## लोक शिकायत — बीते छह माह से अधिक समय से निष्पादन के लिए लंबित हैं फाइल

# पुलिस मुख्यालय में 108 शिकायतें लंबित, रांची के सर्वाधिक मामले



संवाददाता। रांची

झारखंड पुलिस मुख्यालय में 108 शिकायतें बीते छह माह से अधिक समय से निष्पादन के लिए लंबित हैं. पुलिस मुख्यालय अंतर्गत पीजी पोर्टल (लोक शिकायत) प्रशाखा में लंबित शिकायतों में रांची की 45, धनबाद की 21 और साहिबगंज की 12 शिकायतें शामिल हैं. आम लोगों ने सभी शिकायतें झारखंड पुलिस मुख्यालय में दर्ज करायी है. हालांकि बीते एक माह में 35 शिकायतों का निष्पादन किया गया है.

### जाने किस जिले के कितनी शिकायतें हैं लंबित

| | |
|---|---|
| रांची | 45 |
| धनबाद | 21 |
| गिरिडीह | 03 |
| साहिबगंज | 12 |
| चतरा | 06 |
| रामगढ़ | 00 |
| बोकारो | 03 |
| गढ़वा | 01 |
| कोडरमा | 01 |
| जमशेदपुर | 03 |
| हजारीबाग | 01 |
| लोहरदगा | 01 |
| पाकुड़ | 02 |
| पलामू | 05 |
| गोड्डा | 01 |
| सरायकेला | 01 |
| सिमडेगा | 02 |
| कुल | 108 |

### 29 जनवरी को होगी समीक्षा बैठक

आईजी मुख्यालय 29 जनवरी को लंबित शिकायतों के निष्पादन को लेकर रांची, धनबाद, साहिबगंज, चतरा और पलामू जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे. इस संबंध में एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा गया है. लिखे पत्र में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत (1) पीजी-01 (2) पीजी-02 और (3) पीजी पोर्टल प्रशाखा में लंबित शिकायतों के निष्पादन के लिए बैठक होगी.

## बीते पांच साल में ड्यूटी के दौरान 20 होमगार्ड जवानों की हुई मौत

**रांची।** झारखंड में पिछले पांच साल (2018 से 2023) के दौरान 20 होमगार्ड के जवानों की मौत हुई है. इन जवानों की मौत राज्य के लिए अलग-अलग जिलों में ड्यूटी के दौरान बीमारी या हादसा में हुई है. इन 20 होमगार्ड के जवानों के आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी मिलेगी. इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर तैयारी शुरू कर दी गई है. बीते दिनों होमगार्ड विभाग में बोर्ड की बैठक भी हुई थी.

### ड्यूटी के दौरान मौत के मामले

- **06 फरवरी 2023 :** गुमला जिला के जारी थाना में पदस्थापित होमगार्ड जवान अशीसन खलखो की मौत सड़क हादसे में हो गई थी.
- **23 मार्च 2023 :** साहिबगंज में स्वास्थ्य उपकेंद्र में तैनात होमगार्ड जवान की मौत.
- **05 नवंबर 2023 :** जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत हो गई.
- **19 अगस्त 2020 :** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के झंडा चौक पर ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवान की मौत हो गई.
- **27 जुलाई 2020 :** पू. सिं. जिले के जादूगोड़ा अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय में ड्यूटी के दौरान गृह रक्षक दुखुराम हेम्ब्रम की मौत हो गई थी.

# भतीजे की अर्थी उठी, उधर गिरने से चाचा का पैर टूटा



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां बाजार में एक तरफ भतीजे की अर्थी उठी, दूसरी तरफ बाथरूम में गिरकर चाचा का पैर टूट गया. जानकारी के अनुसार, गावां नीचे टोला निवासी अनूप कुमार (30 वर्षीय) दो माह पूर्व दिल्ली में बाथरूम में गिर गये थे. जिससे उनके माथे में चोट लगी थी. रांची के एक अस्पताल में वो अपना इलाज भी करा रहे थे. लेकिन शुक्रवार देर रात उसने दम तोड़ दिया. वहीं शनिवार सुबह उसके चाचा अनिल राम शौच के लिए जा रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और गिरने की वजह से वो गंभीर रूप से जख्मी हो गये. उनका एक पैर भी टूट गया है. आनन-फानन में उन्हें गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया, जहां डॉ काजिम ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया. इधर अनूप कुमार की मौत की सूचना मिलने पर कन्हाई राम, पवन कुमार चौधरी, अनुरूपा देवी, मनोज, जीतू राम, रंजीत राम समेत कई लोगों ने सांत्वना दी.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से अष्टम चंद्र मानसिक तनाव देगा. बहन का सहयोग मिलेगा. रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवनसाथी का सहयोग और सांनिध्य मिलेगा. किसी से विवाद से मानसिक तनाव होगा. कुछ समय के लिए कहीं घूम आयें.

**वृषभ** व्यापार ठीक चलेगा. क्रोध से बचें. जीवनसाथी के साथ आमोद-प्रमोद का अवसर प्राप्त होगा. कार्य को ले कर भागदौड़ रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी.

**मिथुन** कोई मानसिक या नेत्र रोग से बचें. संतान के कार्य से लाभ होगा. शिक्षा में लाभ होगा. रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. रिश्तों में मधुरता आएगी. कार्य को लेकर ज्यादा भागदौड़ रहेगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी.

**कर्क** शिक्षा में लाभ होगा. किसी से विवाद हो सकता है. पर धन की स्थिति सुखद रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी. सन्तान के लिए समय उपयुक्त है. शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक करें.

**सिंह** समय सामान्य है. कुछ विवाद हो सकता है. कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा प्रभावित हो. किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. कोई मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. तुलसी बृक्ष का सेवा करें.

**कन्या** भाई बहन की तरक्की का समय है. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आपके कार्य से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. शासन सत्ता का सहयोग रहेगा. किसी अधिकारी वर्ग से कोई लाभ होगा.

**तुला** समय अनुकूल है. धन का आगमन होगा. कुटुंब परिवार का सहयोग मिलेगा. जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी. संबंधों में निकटता आएगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी, लेकिन जीवनसाथी से तनाव मिल सकता है.

**वृश्चिक** समय उत्तम है. आय और धन वृद्धि होगी. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** खर्च अधिक होगा साथ ही विदेश से नया मार्ग मिलेगा. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. कोई बड़ा कार्य होने से मन खुश होगा.

**मकर** आय और नयी कार्ययोजना के लिए समय उत्तम है. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. रिश्तों में मजबूती आएगी. दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा. पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. किसी से ज्यादा उम्मीद नहीं रखें. शनि स्त्रोत्र का पाठ करें.

**कुंभ** किसी अधिकारी की कृपा प्राप्त होगी. शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे. सुखद समाचार मिलेगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. किसी नये कार्य के लिए दिन उत्तम है. शनि चालीसा का पाठ करें.

**मीन** धर्म में मन लगेगा. मित्र से सहयोग मिलेगा. रिश्तों में मधुरता आएगी. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी. स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें. ससुराल से कोई सहयोग और धन आएगा. गायत्री मंत्र जापें.

## मधु कोड़ा ने जन्मदिन पर बांटे कंबल

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड के गुवासाई गांव स्थित सुशील पूर्ति के घर के सामने कांग्रेस युवा मोर्चा के लोगों ने शनिवार शाम को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के जन्मदिन पर केक काटकर गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया. यह कंबल वितरण कांग्रेस युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी के सहयोग से किया गया. इस मौके पर सभी बच्चों के बीच जन्मदिन का केक काटकर बच्चों को खिलाया गया. उसके बाद गरीबों को ठंड से बचाने के लिए सलीम कुरैशी ने अपने हाथों से कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की. इस मौके पर मनीष वर्मा, प्रवीण नाग, विजय कुमार दास सहित अन्य मौजूद थे.

## खरवार भोगता समाज की बैठक आज

**सिमडेगा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक सात जनवरी दिन रविवार को जिला परिषद भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कई अहम बिंदुओं पर चर्चा होगी. यह जानकारी खरवार भोगता समाज विकास संघ के केन्द्रीय महासचिव जगन्नाथ सिंह भोगता ने दी. बैठक में संगठन की मजबूती और विस्तार के साथ प्रमंडलीय कमेटी का गठन, राजनीतिक भागीदारी, शैक्षणिक विकास, सामाजिक सुधार आदि पर विचार विमर्श किया जाएगा. बैठक में केन्द्रीय कमेटी के पदाधिकारी सहित गुमला, लोहरदगा, रांची खूंटी और सिमडेगा जिला भोगता समाज विकास संघ के पदाधिकारी आमंत्रित किये गये हैं.

## कांग्रेस महिला कमेटी का मैत्री महासम्मेलन 9 को

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को पार्टी की महिला कमेटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई. लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं महिला कमेटी की आगामी 09 जनवरी को जिला में आयोजित मैत्री महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई. जिला महिला कांग्रेस प्रभारी प्रिया ओझा ने संगठन के सशक्तीकरण पर बल देते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी. सभी को बूथ स्तर पर अपने अपने कार्य में जुट जाने की बात कही गई. सभी को पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गई. बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह जिला कार्यालय प्रभारी पप्पु कुमार तिवारी, रूबी खातून, हेमंत जायसवाल, पूनम देवी, गुड़िया देवी आदि उपस्थित थी.

**विरोध : नगर विकास मंत्री को पत्र कर सरकार के जमशेदपुर संबंधी आदेश को प्रावधान के विपरीत बताया**

# जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाने का आदेश निरस्त करें : सरयू

संवाददाता। रांची

निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री को पत्र लिख कर जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाने संबंधी आदेश को अविलंब निरस्त करने की मांग की है. पत्र में कहा है कि जमशेदपुर को औद्योगिक नगर घोषित करने का आदेश गलत है. वहीं कैबिनेट का संकल्प और नगर विकास विभाग की अधिसूचना दोनों ही असंवैधानिक और गैरकानूनी हैं. कैबिनेट के इस संकल्प को वापस लिया जाना चाहिए. सरयू राय ने कहा है कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम की धारा 481 भारत के संविधान के अनुच्छेद 243(Q) के प्रावधान के विपरीत है. संविधान के प्रावधान 243(Q) में औद्योगिक नगरी के गठन का अधिकार राज्यपाल में निहित है, लेकिन झारखंड नगरपालिका अधिनियम की धारा 481 में इसे सरकार में निहित कर दिया गया है, जो संविधान के प्रावधान के प्रतिकूल है और अल्ट्रा वायरस (अधिकारातीत) है. इस संबंध में झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2011 को विधानसभा में संशोधन विधेयक लाकर संशोधित किया जाना चाहिए.



### वार्डों के प्रतिनिधियों को भी स्थान देने की मांग

सरयू राय ने कहा है कि कैबिनेट का संकल्प और अधिसूचना को निरस्त करते हुए जमशेदपुर औद्योगिक नगरी समिति में सभी वार्डों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी स्थान मिलना चाहिए. इस तरह से जमशेदपुर की जनता का तीसरा मताधिकार भी सुरक्षित हो जाएगा. उन्होंने नगर विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना को अविलंब निरस्त करने, वर्तमान जमशेदपुर औद्योगिक नगरी समिति को पुनर्गठित करने, इसे भारत के संविधान और झारखंड नगरपालिका अधिनियम–2011 के प्रावधानों के अनुरूप करने और संबंधित वार्डों के निर्वाचित प्रतिनिधियों को इसमें स्थान देने का आग्रह किया है.

**टीम के साथ सिलागाई पहुंचे फिल्म निर्माता, वंशजों से की मुलाकात**

# शहीद वीर बुधु भगत की जीवनी पर बनेगी फिल्म

संवाददाता। रांची

वीर बुधु भगत सेवा केंद्र के बैनर तले एक घंटे की लघु फिल्म बनाई जा रही है. उक्त बातें पूर्व मंत्री सह वीर बुधु भगत सेवा केंद्र के संरक्षक देवकुमार धान ने कही. वह शनिवार को करमटोली स्थित होटल लेक व्यूफ्रंट में पत्रकारों से रुबरू होते हुए बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीर बुधु भगत पर फिल्म बनाने का विचार आया. इसके लिए प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक, फिल्म सेंसर बोर्ड के सदस्य अशोक शरण से झारखंड के शहीद वीर बुधु भगत की वीरगाथा सुनायी गयी, जो मुंबई के फिल्म निर्मात अशोक शरण को काफी पसंद आई और वे फिल्म की पटकथा को पूरी तरह स्क्रीन पर उतारने के उद्देश्य पर पूर्व मंत्री देवकुमार धाम के बुलावे पर झारखंड आ पहुंचे. उन्होंने पूर्व मंत्री व उनकी टीम के साथ वीर बुधु भगत के गांव सिलागाई पहुंचे, वहां के लोगों से मिले, गतिविधियों से रुबरू हुए. उनके वंशजों से मिले, शहीद स्थल टिको कुडू भी गए, जहां हलधर-गिरधर, उदयकरण भगत और बेटी रुनिया-झुनिया को अंग्रेजों ने मारा था. उस शहादत पर स्थल गए, वहां के ग्रामीणों से मिले बात की.



### जनजातियों पर 200 से अधिक डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म

अशोक शरण झारखंड के बेटे हैं, उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत की जीवनी पर फिल्म बनाने से अच्छा और क्या हो सकता है. उन्होंने कहा कि ऐसे वीर शहीद के जीवन पर फिल्म बनाना गौरव की बात है. फिल्म बन जाने के बाद झारखंड समेत पूरे हिदुस्तान के लोग काफी पसंद करेंगे. मालूम हो अशोक शरण करीब 200 से अधिक डॉक्युमेन्ट्री फिल्म जनजातियों पर बना चुके हैं. उन्होंने धरती आबा बिरसा मुंडा की जीवनी पर फिल्म बनाई है. हाल ही में इन्होंने गोंड महारानी दुर्गावती की जीवनी पर डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म बनाई, जिसकी स्पेशल स्क्रीनिंग अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टीवल गोवा में हुई.

### शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना हमारा मकसद : धान

फिल्म निर्माता देवकुमार धान ने कहा कि कोल विद्रोह के महानायक, वीर बुधु भगत बहुत कम उम्र में अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ बगावत की, जुल्म, शोषन, अत्याचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी, अंग्रेजी हुकुमत ने उनपर एक हजार रुपए का ईनाम रखा था. ऐसे महान सपूत आदिवासी योद्धा की गौरव गाथा को फिल्म के माध्यम से जन-जन तक फैलाने का संकल्प लिए हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी भी अमर शहीद वीर बुधु भगत की शौर्य गाथा देखें और समझें. यह एक छोटा सा प्रयास है ताकि माटी के जननायकों की जीवनी को देश-दुनिया के पटल पर रख सके. फिल्म में प्रोडक्शन मैनेजर–नारायण उरांव, क्रिएटीव हेड मनोज शरण, संकलन अभय बेदिया का है.

## सीएस कार्यालय में पसरा रहा सन्नाटा

**धनबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्रवाई के बाद सिविल सर्जन कार्यालय में दूसरे दिन भी सन्नाटा पसरा रहा. कई कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे, तो कुछ कर्मचारी छुट्टी का बहाना बनाकर गायब हो गए. आलम यह हुआ कि सिविल सर्जन कार्यालय के अधिकांश विभाग खाली रहे. क्लर्क उमेश का कमरा भी खाली रहा. अन्य दिनों में यह कमरा काफी भरा रहता था. विकलांग प्रमाण पत्र अथवा मेडिकल बोर्ड में शामिल होने के लिए हर दिन आम लोग यहां पहुंचते हैं. लेकिन आज कई क्लर्क के नहीं आने के कारण कई काम भी नहीं हो पाया. इधर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए अभी तक किसी दूसरे कर्मचारियों को प्रभार नहीं दिया गया है. बताया जाता है कि 1 वर्ष पूर्व दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का काम सदर अस्पताल को दिया गया था. लेकिन क्लर्क उमेश इस काम को सिविल सर्जन कार्यालय में देख रहा था. ज्ञात हो कि शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय के क्लर्क उमेश को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 4000 रुपए घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया. सिविल सर्जन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले सरकारी क्वार्टर में पैसे देकर क्वार्टर आवंटित करने के मामले में क्लर्क उमेश दोषी था. उनके साथ एक और कर्मचारी नेता शामिल हैं. मामले का खुलासा तब हुआ जब मुख्यमंत्री जन संवाद में इसकी शिकायत की गई. सचिवालय के निर्देश के बाद उपायुक्त ने मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक को इसके लिए टीम बनाकर जांच का जिम्मा दिया.

**आओ जानें**

## सांस्कृतिक साहित्यिक विरासत



- झारखंड की साहित्यिक विरासत प्राचीन ग्रंथों, आदिवासी मौखिक परंपराओं और आधुनिक साहित्यिक कार्यों तक फैली हुई है, जो झारखंड की संस्कृति की पहचान में महत्वपूर्ण योगदान देती है.
- प्राचीन ग्रंथ और शिलालेख इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास और पारंपरिक मान्यताओं को उजागर करते हैं, जबकि लोक गीतों और कहानियों के माध्यम से व्यक्त आदिवासी मौखिक परंपराएं, स्वदेशी ज्ञान और सांस्कृतिक बारीकियों को संरक्षित करती हैं.
- हाल के वर्षों में, झारखंड में साहित्यिक परिदृश्य में तेजी देखी गई है, जिसमें लेखक हिंदी, संथाली और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में लिख रहे हैं.
- विभिन्न शैलियों में फैले ये कार्य, झारखंड की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक वास्तविकताओं का पता लगाते हैं, इसके सांस्कृतिक आख्यान को और समृद्ध करते हैं.
- यह साहित्यिक परंपरा न केवल सांस्कृतिक गौरव की भावना को बढ़ावा देती है, बल्कि राज्य के इतिहास, परंपराओं और समसामयिक मुद्दों से जुड़ने का माध्यम भी प्रदान करती है।

## गोविंदपुर में अमर बाउरी का स्वागत

**गोविंदपुर।** प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी का शनिवार को गोविंदपुर में भाजपाइयों ने स्वागत किया. वह ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल के कार्यालय भी गए एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया. मौके पर भाजपा नेत्री तारा देवी, संजीव अग्रवाल, बलदेव महतो, निताई रजवार, मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, संतलाल प्रमाणिक, मंटू रवानी आदि मौजूद थे.

**सीसीएल दरभंगा हाउस के समक्ष गूंजे मजदूरों के नारे**

# ठेका मजदूरों का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन, वामदलों का समर्थन



संवाददाता। रांची

सीसीएल दरभंगा हाउस के समक्ष ठेका मजदूरों ने गगन भेदी नारों के साथ प्रबंधन के विरोध में नारेबाजी की. इसका नेतृत्व एटक के महासचिव अशोक यादव, भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय सिंह ने किया. मौके पर एटक के महासचिव अशोक यादव ने कहा कि दरभंगा हाउस के पदाधिकारी एवं ठेकेदारों की मिली भगत से केंद्र सरकार के तय न्यूनतम मजदूरी भी मजदूरों को भुगतान नहीं किया जा रहा है, इस कारण मजदूरों में काफी आक्रोश है. मजदूरों को न तो अभी तक पहचान पत्र दिया गया और न ही ईएसआई, इपीएफ सुविधा ही किसी को मिली. राज्य सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी भी मजदूरों को नहीं दी जा रही है, न्यूनतम मजदूरी मांगने पर 20 मजदूरों को काम से हटा दिया गया, जिससे मजदूरों में काफी आक्रोश है. यदि समय पर प्रबंधन मजदूरों की समस्या का समाधान नहीं करता तो आगे बड़ी लड़ाई लड़ी जायेगी.

भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन और ठेकेदार के गठजोड़ के कारण मजदूरों की पसीने की कमाई लूटी जा रही है. किसान मजदूरों की इस प्रदर्शन का भाकपा समर्थन करती है. मजदूरों की मांगें पूरी नहीं हुई तो चट्टानी एकता के साथ आंदोलन तेज किया जायेगा. मौके पर विनोद मिश्रा, लखविंदर राय, कुणाल नाथ , रवि शेखर, आरके पाठक, विनायक कुमार ,रणधीर कुमार, ओमप्रकाश, दशरथ प्रसाद मेहता, संतोष कुमार ,चिंटू सिंह ,कुणाल नाथ, रवि शेखर, तिलेश्वर महतो, मंजू कश्यप, रेनू तिर्की, सुष्मिता तिर्की, सोनी कुमारी, जतन देवी, देवंती देवी, अमन उरांव आदि शामिल थे.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर अग्रसर : बाउरी

**निरसा।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार की शाम झारखंड विधानसभा के भाजपा प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी निरसा प्रखंड स्थित यज्ञ मैदान पहुंचे, जहां निरसा के तमाम कार्यकर्ताओं व नेताओं ने मिलकर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. मौके पर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा नेता मन्नू तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि गण उपस्थित हुए. झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बनने के बाद आधिकारिक रूप से अमर बाउरी की यह पहली सभा थी, जिसमें निरसा भाजपा ने उनका स्वागत सम्मान किया. इस दौरान राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर अमर बाउरी ने कहा कि भ्रष्टाचार, लूट, सुशासन के 4 साल पूरे हुए. जब सरकार के खिलाफ खबर चलाई गई तो रांची जेल से संपादक को धमकी दी जाती है. 4 साल में हेमंत सरकार ने सिर्फ और सिर्फ प्रदेश को बेचने का काम का काम किया है. वहीं, सीएम सोरेन को ईडी द्वारा समन भेजे जाने को लेकर अमर बाउरी ने कहा कि ईडी संवैधानिक संस्था है और मुख्यमंत्री भी संवैधानिक पद हैं. जिस व्यक्ति ने संवैधानिक संस्था और कानून की रक्षा की शपथ ली है, आज वो उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं.

**द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी में वार्षिकोत्सव का आयोजन**

# बच्चों में बचपन से ही संस्कार डालने की जरूरत : प्रो धीरज

संवाददाता। धनबाद

द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी, बिशुनपुर में 6 जनवरी को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ. इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि आईआईटी-आइएसएम के उप निदेशक प्रो धीरज कुमार, विशिष्ट अतिथि आईआईटी के प्रोफेसर डॉ. प्रसून कुमार सिंह, बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, स्कूल के निदेशक डॉ. उमेश प्रसाद सिंह एवं प्राचार्य मदन कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर की. मुख्य अतिथि प्रो धीरज ने कहा कि बच्चों में बचपन से ही संस्कार डालने की आवश्यकता है. अन्य वक्ताओं ने जीवन के विकास के लिए स्कूली शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया. प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन में विद्यालय की उपलब्धि एवं भविष्य की योजना के विषय में बताया.

**वर्ष भर अच्छा करने वाले छात्र हुए पुरस्कृत :** इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई. बच्चों ने एरोबिक डांस, मिम्स इंक्रेडिबल इंडिया, बॉलीवुड डांस, झारखंडी डांस, पंजाबी रिमिक्स डांस, राजस्थानी डांस से दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया. ओम पांडे, आदित्य आनंद, जूही कुमारी और अदिति झा ने मंच संचालन किया. एकेडमिक गतिविधियों, खेलकूद, योग आदि में वर्ष भर अच्छा प्रदर्शन करने वाले 175 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में वंदना, श्रावणी, रुचि, प्रियंका, रजनी, कुंदन, अभिमन्यु, पुष्पा, प्रभावती, विनय कुमार, विकास और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा.




**हजयात्रा** **अमीर ए शरीयत की दुआ के बाद जायरीनों का जत्था उमराह के लिए हुआ रवाना**

# रांची एयरपोर्ट से 90 लोगों के जत्थे ने जद्दा के लिए भरी उड़ान

संवाददाता। रांची

मदीना टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप गिरिडीह पिछले 13 वर्षो से हज उमराह करा रही है. शनिवार को 90 जायरीनों की टीम ने उमराह के उद्देश्य से रांची से जद्दा के लिए उड़ान भरी. मौके पर ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि आज 90 लोगों का जत्था रांची से जा रहा है. उन्होंने कहा कि मेरा यह काम करने का मकसद झारखंड के मुसलमानों के खिदमत-ए-खल्क करना है. उमराह के लिए जानेवाले जायरीनों को मक्का में 500 मीटर की दूरी पर और मदीना में 600 मीटर की दूरी पर ठहराया जाएगा. यात्रा क्रम में सभी जायरीन को मक्का और मदीना में सभी जगहों की जियारत करायी जाएगी.



उन्होंने कहा कि मक्का और मदीना में पहुंचे लोगों को घूमने और दर्शनीय स्थानों के अवलाकन के लिए बस की सुविधा भी दी जाती है. इसके साथ ही सभी जायरीनों को भारतीय भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है. इस जत्थे का नेतृत्व मौलाना जौहर मजाहिरी कर रहे हैं. मौलाना मो. जौहर मजाहिरी ने कहा कि इसी माह 24 जनवरी को रांची से 45 जायरिनों का जत्था जायेगा. 90 लोगों का जत्था झारखंड के अमीर शरीयत व शैखुल हदीस मुफ्ती नजरे तौहीद की दुआ के बाद रवाना हुआ. मौके पर फातिमा गर्ल्स अकेडमी इटकी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी, प्राचार्य तबस्सुम फातिमा, मौलाना मंजूर आदि मौजूद थे.

### उमरा जाने वाले प्रमुख लोग

जमीयत उलेमा गिरिडीह के अध्यक्ष मौलाना अकरम, जमीयत उलेमा गिरिडीह के सचिव मौलाना रुस्तम, मुफ्ती गुलाम रसूल, मुफ्ती सैफुल्लाह, मौलाना मंसूर मदनी समेत रांची, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद के जायरीन शामिल हैं.

## ज्ञान व्यक्ति का सबसे बड़ा आभूषण : डॉ मुकुंद

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में "स्त्री शिक्षा और सावित्री बाई फुले" विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें तृतीय एवं प्रथम सत्र के छात्र छात्राओं ने भाग लिया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मुकुंद रविदास ने कहा कि ज्ञान व्यक्ति का सबसे बड़ा आभूषण है, जो माता सावित्री बाई फुले ने समाज की सभी महिलाओं को दिया है. वह भारत की पहली महिला शिक्षिका, मराठी भाषा की कवयित्री व समाज सुधारक थीं. कार्यक्रम में किशन मोहाली, आर्या तिवारी, प्रियंका लकड़ा, आबिद हुसैन, सुमिता हांसदा, खुशबू कुमारी, सबीदा खातून, सोनिया कुमारी, पूजा कुमारी, वैजन्ती सहित अनेकों छात्र छात्राओं ने कविता पाठ किया. मंच संचालन अलका एवं विकास कुमार यादव ने किया.

**हुडको, आरइसी और एनसीडीसी से लिया था ऋण**

# झारखंड सरकार ने 136 करोड़ का कर्जा चुकाया

रवि भारती। रांची

राज्य सरकार ने ब्याज का भार कम करने के लिए 136 करोड़ 03 लाख 70 हजार का रुपए का कर्जा चुकता कर दिया है. राज्य सरकार ने यह ऋण हुडको, आरइसी और एनसीडीसी से ले रखा था. इन कर्जों को समय से पहले चुकाने पर राज्य सरकार को सिर्फ 3.81 करोड़ रुपए ही अतिरिक्त खर्च करने होंगे. कर्जा नहीं चुकाने की स्थिति में राज्य सरकार को सालाना ब्याज की राशि 13.72 करोड़ रुपए चुकानी पड़ती.

**क्यों कर्ज का भार किया कम**

राज्य सरकार नाबार्ड, हुडको, आरइसी और एनसीडीसी से कर्जा लेती है. लेकिन इन संस्थानों के अपने नियम और शर्तें भी हैं. ऋण की अवधि और ब्याज दर भी अलग-अलग हैं. राज्य सरकार का तर्क है कि एक ही संस्थान का अलग-अलग वर्षों में ऋण का ब्याज दर रेपो रेट से प्रभावित होता है. जिन वर्षों में रेपो रेट कम था, उस समय कम दर पर ऋण प्राप्त किया गया था. लेकिन जिस साल रेपो रेट अधिक था, उस समय अधिक ब्याज दर पर ऋण प्राप्त किया गया. वर्तमान में रेपो रेट 6.5 फीसदी है.

### किसको कितनी राशि चुकता किया

| | |
|---|---|
| हुडको | 257334064 रुपए |
| आरइसी | 1077788099 रुपए |
| एनसीडीसी | 25247968 रुपए |

“चंदा मांगनेवाले और देनेवाले एक-दूसरे के शरीर की गंध बखूबी पहचानते हैं. लेनेवाला गंध से जान लेता है कि यह देगा या नहीं. देनेवाला भी मांगनेवाले के शरीर की गंध से समझ लेता है कि यह बिना लिए टल जाएगा या नहीं. -हरिशंकर परसाई”



# अभी भी रावण भरे पड़े हैं, सीता को ही बचना है



कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


कविता प्यारी होती है, कविता न्यारी होती है. कविता का अपना रंग होता है, कविता का अपना रूप होता है. कविता में बहुत बड़ी शक्ति होती है, यह जो चाहे सो कर सकती है. यह भावों के साथ लहराती है, कवि के हृदय को तरंगित करती है और फिर बाहर निकल कर जन मानस पर छा जाती है. गीतों के रूप में कविता हंसाती भी है और रुलाती भी है. झुमाती भी है, लेकिन कभी भी कविता अपने पाठकों और श्रोताओं के मन में निराशा का भाव पैदा नहीं करती. छंद, तुक, रूप, लय, ताल, रस, बिंब, प्रतीक और अलंकार इसके श्रृंगार हैं. सर्वाधिक आवश्यकता इस बात की है कि कविता की रचना में शब्दों का सही, सार्थक और सटीक प्रयोग हो. कविता कैसी हो, इस विषय पर लोगों के बीच विचार मंथन चलता रहता है. कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ. मेरे विचार से कविता का रूप ऐसा हो, जिसमें एक-एक शब्द का ऐसा प्रयोग हो और जो सीधे पाठक और श्रोता के हृदय में उतर जाये. कविता का रूप कम से कम ऐसा न हो कि उसके रचयिता को ही समझ में नहीं आ सके कि उसने लिखा क्या है. वर्ष 2024 के स्वागत के नाम पर मेरे मानस में भी एक कविता उतरी है. इसे सुनने या पढ़ने के बाद अगर आपके भीतर कुछ विपरीत प्रतिक्रिया हो तो मुझे गोस्वामी तुलसीदास की इस चौपाई का स्मरण करते हुए क्षमा कर दीजिएगा-निज कवित्त केहि लागि न नीका, सरस होउ अथवा अति फीका. तो नये साल में आपको समर्पित कर रहा हूं अपना यह काव्य-पुष्प, जिसका शीर्षक है-मेरी कविता.

मेरी कविता सबसे प्यारी, मेरी कविता सबसे न्यारी
कवि की तरंग लहराती है, तब यह मानस पर छाती है.
फिर उतर धरा पर जन-जन पर यह स्नेह सुधा बरसाती है.
है किसी बात का दर्प नहीं, है किसी बात का खेद नहीं
अपनों में और परायों में यह रखती कोई भेद नहीं.
मेरी कविता है व्यर्थ नहीं मत समझो इसमें अर्थ नहीं
कोई भी कार्य नहीं जिसको करने में पूर्ण समर्थ नहीं
यह विघ्नों का अंबार देख है नहीं आज तक भी हारी
मेरी कविता सबसे प्यारी, मेरी कविता सबसे न्यारी.
जो चाहे इसको याद रखे जो चाहे इसको जाय भूल
नव सुरभित होकर आयी है ले नये साल का नया फूल
मेरी कविता का रंग देख मेरी कविता का रूप देख
मेरी कविता की छांव देख मेरी कविता की धूप देख
यह है उतनी चालाक नहीं फिर भी बिल्कुल नादान नहीं
क्या समझ रहे, क्या करते हो यह उससे भी अनजान नहीं
यह भले व्यर्थ की बातों पर दे पाती अपना ध्यान नहीं
जो भी चाहे कुछ भी कर ले यह उतना भी आसान नहीं
नतमस्तक रहती यह हर क्षण इसकी विनम्रता आभूषण
भयभीत न इसको कर सकता इस जगती का कोई भी रण
जब मुकाबले में आ जाती, यह पड़ती है सबपर भारी.
मेरी कविता सबसे प्यारी, मेरी कविता सबसे न्यारी.




नववर्ष के शुभागमन के साथ दुनिया, देश, समाज के साथ कवियों का हृदय भी झंकृत होने लगता है. उनके हृदय में भावों के उठती तरंगें कविता का रूप धारण करती हैं. फिर विश्व और मानवता की मंगलकामना के रूप में अभिव्यक्त हो जाती हैं. रांची के कवि सुरेंद्र सिन्हा के हृदय में भी इसी प्रकार एक कविता प्रकट हुई, जिसका शीर्षक है-नव वर्ष संदेश.

साल के आवन-जावन में
हम सभी मुसाफिर मिलते हैं
नव वर्ष की बधाई देकर
फिर चले हम जाते हैं
मोह माया की बाजार लगी है
महंगा सस्ता फ्री सामान
कौन क्या ले जायेगा
उसकी है अपनी पहचान
सुबह दोपहर शाम रात्रि में
जीवन यूं बिताते हैं
कहां से आए कहां है जाना
इसको नहीं समझते हैं
पहले अपने आपको जानो
फिर औरों को पहचानो
मिला है चोला इंसानों का
इंसानियत को पहचानो
चांस मिला है पार जानें का
लोभ फांस में बंध गया
गुरु दिया था मंत्र छूटने का
मोह स्वार्थ में भूल गया
उसका हाल अब वही जानें
कोइ क्या कर सकता है
काल खड़ा है फंदा लिए
ले जाने को आतुर है
कहे सुरेन्द्र जाग मुसाफिर
सत्य ही एक ठिकाना है
सत्य नाम से मन को जोड़ो
बेड़ा सबका पार है
लेखनी को विराम देता हूं
देकर यह शुभकामना
नया साल खुशहाली लावे
ईश्वर से है प्रार्थना.



केंद्र सरकार के अधीनस्थ सरकारी सेवा में रहकर सेवानिवृत्त होने वाले वयोवृद्ध कवि सुरेंद्र सिन्हा का यह कथन युक्ति संगत है कि चाहे जितना भी छल-प्रपंच कर लो, लेकिन अंतिम सहारा तो सत्य का ही होगा. इसलिए कि सत्य ही शाश्वत है. और असली सुख सत्य में ही है. हालांकि असली सुख की परिभाषा में तब अंतर आ जाता है, जब ऋतुराज यानी वसंत का वर्षा से संगम होता है. अभिप्राय यह कि रांची की कवयित्री ऋतुराज वर्षा ने असली सुख को इस प्रकार महसूस किया है-



हर लम्हें में जो खुशियां ढूंढता है.
जिंदगी का असली सुख उसे मिलता है.
गहरे सागर की तरह सारे ग़म जो पीता है.
हर अरमां दिल के वह पूरे करता है.
बगैर लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाये मंजिल नहीं कोई पाता है.
जैसे नदी पोखर का कोई अस्तित्व नहीं होता है.
वह तो इधर उधर बहता है.

चाहे जितना यत्न कर ले, लेकिन जो आया है, उसे जाना ही होगा. यह शाश्वत सत्य है. इस शाश्वत सत्य पर इस प्रकार विचार कर रही हैं रांची की कवयित्री शेफालिका सिन्हा-



जन्म एक बार है, पर मरना बार बार है,
घर की चारदीवारी हो या बाहर की आजादी हो
बस दिखने में सुनहरी है, बाहर से हरियाली है
हरी-हरी-सी दूब है, बस कहने को यह खूब है.
अभी भी रावण भरे पड़े हैं, सीता को ही बचना है
कुछ गलत नहीं, फिर भी
अग्नि परीक्षा से गुज़रना है.
बात कहां मानी जाती है, सहना उनको ही पड़ता है ,
आंसू को आंखों में ही, रोके रहना पड़ता है.
जब तक इनकी बातों का नर मोल नहीं समझेंगे
नारी के दिल का मर्म, अलग तराजू पर तौलेंगे,
हर पल उन्हें दबाएंगे, तो नर सम्मान कहां से पाएंगे?
एक नारी का जब घर में ही, सम्मान न होगा?
चौक- चौराहे पर क्या, उनकी इज्जत का मान होगा?
सहते रहना नियति नहीं, नारी को समझना होगा,
जब गलत नहीं तो क्यों, उसे जीते जी मरना होगा?


शेफालिका जी, भारत की भूमि पर तो प्राचीन काल से नारी को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता रहा है. उसे देवी की भांति पूज्या माना गया है. बाद में परिस्थितियां बदली हैं और विकृतियां आयी हैं तो भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि धीरे-धीरे ही सही समाज में जागरूकता की रोशनी फैल रही है. अब भूला-भटका पुरुष वर्ग भी समझने लगा है कि नारी का क्या महत्व है. हम आशा कर सकते हैं कि वह समय आयेगा, जब पुरुष वर्ग महिलाओं को पूरे दिल से पूरा सम्मान देगा. इन्हीं शब्दों के साथ मुझे दीजिए आज्ञा. जय हिंद ! जय झारखंड !!

# सांस्कृतिक और भाषाई साम्राज्यवाद की बढ़ती प्रवृत्ति



चौराहा
प्रमोद कुमार झा

मानव जीवन सारे जीवों में श्रेष्ठ है, क्योंकि इसे ईश्वर ने अन्य सभी प्राणियों से अलग बनाया है. मनुष्य बोल सकता है, सुन सकता है, उसमें विवेक है .पर इन सारे गुणों के साथ-साथ कुछ पाशविक प्रवृत्तियां अब भी जीवित हैं उसमें. अब चूंकि वह सोच सकता है, इसलिए उसके वर्चस्व स्थापित करने का तरीका भी पशुओं से भिन्न है. हमेशा शक्ति, बल से ही नहीं, कभी कभी सोची समझी योजना के द्वारा कोई वर्ग, नस्ल, जाति, सम्प्रदाय अपनी श्रेष्ठता मनवाने के लिये अपनी शक्ति ,अर्थ और सत्ता का भी उपयोग करने से परहेज़ नहीं करता !पिछले दिनों एक विश्व की अनेक भाषाओं की कविताओं के एक संग्रह के विमोचन में सहभागिता का अवसर मिला. कार्यक्रम ऑनलाइन था और विश्व की कई भाषाओं के कवि कवयित्री इसमें वीडियो संपर्क के माध्यम से भाग ले रहे थे. इस संग्रह में सारी कविताएं अंग्रेज़ी में अनुदित हैं, पर मूल भाषा की मूल कविता भी इसमें शामिल हैं. इस संग्रह की प्रमुख संपादक मिसना चानू मणिपुरी और अंग्रेज़ी की चर्चित कवयित्री हैं. इस कार्यक्रम में ग्रीस की एक प्रतिष्ठित कवयित्री अंग्रेज़ी में संचालन कर रही थीं. उन्होंने पहले अपनी कविता ग्रीक में सुनाई और फिर अंग्रेज़ी में सुंदर अनुवाद भी सुनाया. मिश्र के प्रतिष्ठित कवि अशरफ ने अपनी कविताएं पहले अरबी और बाद में अंग्रेज़ी में सुनाई. बार्सेलोना के एक कवि ने बातचीत तो सुंदर अंग्रेज़ी में की, पर वहां स्पेनिश भाषा के वर्चस्व के कारण अपनी भाषा के अस्तित्व को लेकर बहुत आक्रोशित दिखे ! ऐसी ही चिंता विश्व के अन्य भाषा के कवियों ने भी व्यक्त की ! ऐसा लगता है कि धीरे धीरे बाजार ही लोगों की भाषा तय करने लगा है . अंग्रेज़ी सत्ता के समय में रोजी रोजगार के लिए शिक्षा के लिये अंग्रेज़ी सीखना आवश्यक हो गया.अंग्रेज़ी सीखने के साथ ही अंग्रेज़ी लिबास, खान पान ने भी अपना वर्चस्व बना लिया. भाषा की अनिवार्यता के द्वारा अपनी संस्कृति को थोपना और श्रेष्ठ साबित करना भी बहुत आसान हो जाता है .एक ऐसा माहौल उत्पन्न किया जाता है कि स्थानीय लोगों को अपनी भाषा, संस्कृति लिबास, आचार व्यवहार, शिक्षा पद्धति से घृणा उत्पन्न हो जाये और आम जन आक्रमणकर्ता की भाषा, संस्कृति, रहन-सहन, भोजन, आचार व्यवहार को अपने से श्रेष्ठ मानने लगें. अफसोस की बात है इस मानसिक श्रेष्ठता का बोध और वर्चस्व स्थापित करने वाला प्राणी सिर्फ मनुष्य ही होता है ! पूरी दुनिया की सभी बोलियों और भाषाओं के कवि मूलतः मनुष्यता वादी होते हैं. उनकी बोली, भाषा कोई भी हो जब कभी भाषा, संस्कृति, मनुष्यता पर आक्रमण होता है तो पूरे विश्व में सबसे पहले कवि ही कविता के माध्यम से अपने को व्यक्त करते हैं. ऑस्ट्रेलिया,संयुक्त राज्य अमेरिका, अफगानिस्तान इत्यादि देशों में इसी तरह वहां के मूल निवासियों को किसी छोटे क्षेत्र में धकेल दिया गया. उनकी भाषा, संस्कृति, सभ्यता, ज्ञान को जाने बिना उन्हें 'जंगली','असभ्य' कहकर नीचा दिखाया गया. इतिहास गवाह है शोषक इसी तरह भाषा, संस्कृति और जीवन शैली को तोड़-मरोड़ कर अपना वर्चस्व स्थापित करता है ! सिर्फ हिटलर ने ही अपने श्रेष्ठ नस्ल के होने का दम्भ नहीं भरा था, भारत में तो पिछले लगभग दो हज़ार सालों से सांस्कृतिक और भाषाई साम्राज्यवाद का आक्रमण होता रहा ! छठी शताब्दी से उन्नीसवीं सदी तक इस्लामिक संस्कृति, भाषा, राजकाज की व्यवस्था को तो तार-तार किया ही, पर व्यवसायी अंग्रेजों ने उसे पूरी तरह तोड़-मरोड़ दिया. और तो और, हमारे प्राचीन ग्रन्थों में भी ऐसी वस्तुओं को प्राथमिकता दी, जिससे विभेद बढ़ता रहे, वैमनस्यता बढ़े, कहीं सामंजस्य न हो ! विश्व के सभी कवियों की यह चिंता थी और हम सबकी यह चिंता होनी चाहिए कि इस ₹सांस्कृतिक और भाषाई साम्राज्यवाद₹ को बढ़ावा न दें ! हम मनुष्य को भी वह किसी निर्जीव वस्तु की तरह कच्चा माल न समझे ! ज़रा सोचिएगा !



# डॉ. अम्बेडकर की पवित्र दीक्षाभूमि है नागपुर



यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय


नागपुर को देखते की इच्छा बहुत दिनों से थी. नागपुर महाराष्ट्र की उपराजधानी है.मेरी यह इच्छा गत 30 नवंबर 2023 को फलीभूत हुई.जब मैं अपने प्रिय शिष्य डॉ. प्रशांत गौरव के साथ महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा से लौट रहा था. यों तो नागपुर मध्य रेलवे का मुख्यालय है और आते जाते देखने का सुअवसर मिला था, लेकिन इस बार की मेरी नागपुर यात्रा कई मायने में शिष्ट और विशिष्ट रही. नागपुर जंक्शन से उतरकर सबसे पहले अपने मित्र बंधुवर डॉ. देवदास टेम्भरे (पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग, एसपी जैन कालेज, सासाराम) के आवास पर हमलोग गये, जहां वे बड़ी बेसब्री से हमारा इंतजार कर रहे थे. मुझे राष्ट्र संत तुकड़ोजी विश्वविद्यालय नागपुर के हिंदी विभाग में 2:30 बजे से एक व्याख्यान देना था. वहां के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय ने हिंदी साहित्य में इतिहास लेखन की परंपरा विषय रखा था. हमने भोजनोपरान्त डॉ. देवदास टेम्भरे से डॉ. अम्बेडकर की दीक्षा भूमि देखने का अनुरोध किया और उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया. नागपुर में अनेक दर्शनीय स्थल हैं, लेकिन उनमें तीन महत्वपूर्ण हैं:-संघ कार्यालय, दीक्षा भूमि और राष्ट्र संत तुकड़ोजी विश्वविद्यालय, नागपुर. आज में अपने पाठकों को डॉ. अम्बेडकर की दीक्षा भूमि के बारे में कुछ ज्ञात अज्ञात बातें बताना चाहता हूं.

डॉ. देवदास टेम्भरे के जामाता बाबू हितेश राउत के साथ कार में डॉ. अम्बेडकर की दीक्षा भूमि देखने के लिए हमलोग निकल गये. कोई आधे घंटे में हम वहां पहुंच ही गये, जहां 14 अक्टूबर 1956 को बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने हिंदू धर्म को त्यागकर अपने 5 लाख से अधिक अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था. आधुनिक भारत के इतिहास में अनेक महापुरुषों के मध्य डॉ. अम्बेडकर का नाम विशेष रूप से स्मरणीय है. वे भारत के संविधान निर्माताओं में प्रथम पांक्तेय हैं. हिंदू धर्म की कुरीतियों और कट्टरपन से तंग आकर उन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया. डॉ. अम्बेडकर ने लिखा है कि मेरा जन्म हिंदू धर्म में हुआ है और जन्म मेरे अधिकार में नहीं था, लेकिन मैं हिंदू धर्म में मरूंगा नहीं, क्योंकि यह मेरे अधिकार में है. यह इमारत लगभग 10 हजार वर्ग फीट में निर्मित है. इसका आकार गोलाकार है. संगमरमर से निर्मित यह गोलाकार इमारत अपने आपमें अद्भुत एवं मनोरम है. यह इको प्रूफ है और साधना करने के लिए इससे पवित्र भूमि और कोई हो ही नहीं सकती है. इमारत के भीतर भगवान बुद्ध की शानदार और जानदार प्रतिमा है, जिसे देखकर श्रद्धालुओं का मस्तक श्रद्धा से झुका जाता है. डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के महू गांव में 14 अप्रैल, 1891 को एक साधारण परिवार में हुआ था और निधन 6 दिसंबर1956 को हुआ. उनके जन्मदिन और निर्वाण दिवस के अवसर पर इस दीक्षा भूमि में प्रत्येक वर्ष विशाल मेला लगता है और संगोष्ठी होती है. बौद्ध धर्म की दीक्षा नागपुर के इसी भूमि पर डॉ. अम्बेडकर ने ली थी , अतः यह स्थान दीक्षा भूमि के नाम से ख्यात है. अब यह नागपुर का ही नहीं अपितु भारतवर्ष के दर्शनीय स्थलों में से एक है. डॉ. अम्बेडकर ने अपनी दीक्षाभूमि के रूप में नागपुर को इसलिए चुना, क्योंकि भारत में बौद्ध धर्म का सर्वाधिक प्रचार प्रसार नाग लोगों ने ही किया. नाग लोग आर्यों के भयानक शत्रु थे. दीक्षा भूमि के दर्शन से सात्विक भावों का उदय होता है. ऐसा हमें भी हुआ. नागपुर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दीक्षा भूमि का अवलोकन अवश्य करना चाहिए. दीक्षा भी में प्रवेश करते ही जो ध्वनि कर्ण कुहरों में प्रवेश करती है, वह है : बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि.



# ये चंदा कानून है...





नश्तर
सुधीर राघव


जंगल में माल ढुलाई का काम लोमड़ियों की ट्रांसपोर्ट करती थी. एक-एक लोमड़ी के हजार-हजार ट्रक थे. ये ट्रक जंगल से लकड़ियां और जड़ी-बूटियां शहर में बाबाओं को पहुंचाते. इस तरह जंगल के माल से लोमड़ियों के लाखों के वारे-न्यारे हो रहे थे. लोमड़ियों के ट्रकों पर गरीब सूअर ड्राइवर थे. उन्हें इस काम का 20-30 हजार रुपया महीना मिलता था. बेचारे जैसे-तैसे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे. लोमड़ियां उनसे दिन रात काम लेतीं. अक्सर सूअरों की नींद भी पूरी नहीं होती. इस वजह से कभी कभी सूअर हादसा कर बैठते.

जंगल के कानून के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वाले के परिजनों को ट्रक मालिक लोमड़ी पांच लाख रुपए मुआवजा देती थी. लोमड़ियों को यह दंड बहुत अखरता था. इसलिए लोमड़ियों की ट्रांसपोर्ट यूनियन ने तय किया कि वे सब मिलकर राजा गधे से गुहार कर इस कानून को बदलवाएंगे. इसके बाद सब लोमड़ियों ने एक करोड़ रुपये का चंदा एकत्र किया और राजा गधे को संदेश भेजा कि वे कुछ तुच्छ भेंट उनके चरणों में अर्पित करना चाहते हैं. तय दिन बैठक हुई. चालाक लोमड़ियों के पहले ही तर्क पर गधा मान गया कि जंगल का पुराना कानून गलत है. गधे ने चंदे की एक करोड़ की बोरी की ओर देखते हुए कहा, 'जब हादसा सूअर करते हैं तो मुआवजा भी उनसे ही वसूला जाएगा.' पीए ने गधे को समझाने की कोशिश की, 'सर! लेकिन गरीब सूअर 5 लाख कहां से लाएंगे.' गधे ने कहा, 'कोई मुश्किल नहीं होगी. सूअर के पूरे परिवार को इंसानों को बेचकर पैसा जुटाएंगे. इंसान बड़े चाव से सूअर खाते हैं. जब परिवार बिक जाएगा तो उनका घर बार भी बेचकर पैसा आएगा।' गधे को अपनी बुद्धिमत्ता पर गर्व हो रहा था. अब तो जंगल से आए दिन कोई न कोई सुअर परिवार बिकने के लिए शहर ले जाया जाता. सीखचों में बंद सूअर परिवार जाते समय बस यही गाता जाता- ये चंदा कानून हैं... !

# लोक कलाकृतियों से हुई नववर्ष की शुरुआत



कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार









यूं तो जीवन उम्मीदों से ही शुरू होता है, लेकिन नये साल का पहला दिन एक आयाम के रूप में हर साल आता है. गुजरे हुए समय की तुलना में आने वाला समय हममें अधिक आशा जगाता है, आशा उमंग लाती है. उमंग सफल जीवन का संदेश देती है. इसी प्रकार उमंग और उत्साह का संदेश लिए वर्ष 2024 का सूरज क्षितिज पर चमकने लगा. नई उम्मीदें, नये सपने, नये लक्ष्य, नये संकल्प के साथ इसका स्वागत हुआ. नया साल मनाने के पीछे मान्यता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह खुशी से मनाया जाय, तो पूरा साल भी इसी उत्साह और खुशियों से भरा रहेगा. एक जनवरी को नया साल मनाना सभी धर्मों में एकता कायम करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है. एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढ़ने की सीख देता है. झारखंड के कलाकारों ने भी नये वर्ष की शुरुआत अपनी कला प्रदर्शनी से की और यह हमें अहसास दिलाता है कि यह वर्ष कला की दृष्टि से झारखंड के लिए समृद्ध होगा. नव वर्ष के पहले दिन ही झारखंड के कलाकारों की तीन प्रदर्शनियां आयोजित हुईं और तीनों राष्ट्रीय स्तर की. एक ओर जहां रांची के रामदयाल मुंडा कला भवन में आयोजित कार्यशाला का समापन 1 जनवरी को हुआ, वहीं ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में आयोजित झारखंड के दो वरिष्ठ कलाकार दिलेश्वर लोहरा और सजित मिंज की कला की प्रदर्शनी की शुरुआत भी 1 जनवरी को ही हुई. नई दिल्ली के ललित कला अकादमी की गैलरी 5 और 6 में ट्राईफेड की ओर से आयोजित आदि चित्र कला प्रदर्शनी का उद्घाटन करने का अवसर भी झारखंड के वरिष्ठ कलाकार दिलेश्वर लोहरा को मिला. इसे एक सुखद संयोग कहा जा सकता है. इस कला प्रदर्शनी में दिलेश्वर लोहरा ने अपनी सोहराय पेंटिंग में सदियों पुरानी झारखंड की वास्तविक पारंपरिक शैली को उभारने का प्रयास किया है. इनकी सोहराय कला में झारखंड के प्राचीन रंगों का ही समावेश दिख रहा है. जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी में देश भर के विभिन्न राज्यों से आये आदिवासी कलाकारों के आदिवासी लोक कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगी हुई है, जिसमें उड़ीसा की सौरा पेंटिंग, राजस्थान की मिनीएचर पेंटिंग, महाराष्ट्र की वर्ली पेटिंग, मध्यप्रदेश की भील पेटिंग, कर्नाटक की कुरुम्बा पेटिंग, थंका पेंटिंग, मध्यप्रदेश की गोंड पेटिंग, उड़ीसा की पटचित्र, गुजरात की पिथौरा पेटिंग और झारखंड की सोहराय पेंटिंग को शामिल किया गया है. वहीं ललित कला अकादमी की गैलरी 7 में देश के विभिन्न प्रांतों से आये सात कलाकारों की पेंटिंग की समूह प्रदर्शनी अब्बोजो नाम से लगी है, जिसमें झारखंड के वरिष्ठ कलाकार सजित मिंज की 11 कलाकृतियों का अवलोकन कलाप्रेमी कर रहे हैं. प्रदर्शनी में रांची के सजित मिंज की कलाकृतियों में दो व्यक्ति चित्रण और नौ कलाकृति बनारस घाट पर केन्द्रित है. ये दोनों कला प्रदर्शनियां 7 जनवरी तक चलेंगी. गैलरी वीएसबी, नई दिल्ली की ओर से होटवार, रांची के डॉ. रामदयाल मुंडा कला भवन में तीन दिवसीय शिविर का समापन 1 जनवरी को हो गया. इस शिविर में पूर्वी भारत के आदिवासी क्षेत्र के कलाकारों के उत्थान के साथ-साथ समकालीन कला में उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए आयोजित किया गया था. इस कार्यशाला में भारत के 13 कलाकारों ने भाग लिया था, जिसमें झारखंड के सीआर हेम्ब्रम, रामानुज शेखर, रंजीत कुमार, धर्मजय कुमार, हिमाद्री रमानी, सुनील मोदी शामिल थे. इस कार्यशाला के संयोजक राम प्रवेश पाल थे.

# आखर





# "वरिष्ठों को नहीं पढ़ते नए लेखक"

**अवधेश प्रीत और रतन वर्मा हिंदी साहित्य के दो वरिष्ठ साहित्यकार हैं और समकालीन हैं. आखर के लिए इन्होंने पिछले दिनों अनौपचारिक बातचीत की तो साहित्य के विभिन्न आयाम खुलते चले गए और कई महत्वपूर्ण जानकारियां, कई विमर्श मसले सामने आए. हम इनकी टेलिफोनिक बातचीत का पहला अंश आज हू-ब-हू पेश कर रहे हैं...**





**अवधेश प्रीत :** बताइए, गुजरा साल कैसा रहा?

**रतन वर्मा :** बहुत जम कर किताबें आईं, खूब प्रकाशन हुआ. लेकिन पाठकों का अभाव रहा. यह बहुत दर्दनाक स्थिति है. इसके पीछे जैसी मेरी सोच है कि किताबों की कीमत है. अब मेरे ही उपन्यास का उदाहरण लें तो इसकी कीमत 995 रुपए है. दस प्रतिशत डिस्काउंट के बाद भी सात-आठ सौ रुपए खर्च कर उसे खरीदना नहीं चाहता. यह दिक्कत है. ये जो प्रकाशक हैं, उनके लिए तो यह सकारात्मक ही है. लाइब्रेरी में देकर वे कमाई कर लेते हैं.

**अवधेश प्रीत :** मैं यहां अपनी बात कहना चाहूंगा कि पौने तीन सौ पेज के मेरे उपन्यास के पेपर बैक संस्करण की कीमत 299 है और डिस्काउंट के बाद यह ढाई सौ में उपलब्ध है. हार्ड बॉन्ड संस्करण की कीमत शायद 600 रुपए है.

**रतन वर्मा :** यही तो कहना चाह रहा हूं कि आम आदमी के लिए 600 रुपए भी बहुत हैं. और खरीदना भी चाहे तो कहां खरीदे? किताब खरीदने के लिए रांची जाएं? बुक स्टॉल पर किताबें उपलब्ध होती हैं, तो उलट-पुलट कर कर किताब खरीद लेता है.

**अवधेश प्रीत :** लेखकों को सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए.

**रतन वर्मा :** जैसा आपका फेसबुक है, जो उसमें हैं, बात तो वहीं तक पहुंचेगी. उसमें भी तो ज्यादातर लेखक ही हैं.

**अवधेश प्रीत :** बात सही है, लेकिन मेरा प्रकाशक तो शहर-शहर घूम-घूम कर किताब उत्सव..

**रतन वर्मा :** मैं आपकी बात नहीं कर रहा.

**अवधेश प्रीत :** मैं मान रहा कि बड़ा संकट है. प्रकाशक को प्रोपाठक होना पड़ेगा. कीमत आदि की बात बहुत पुरानी है. जब से प्रकाशक-लेखक का रिश्ता शुरू हुआ है, तब से है. इतनी कीमत रखते हैं कि किताबें पाठकों तक पहुंच ही नहीं पातीं. फिर हिंदी में अंग्रेजी की तरह प्रचार-प्रसार की परंपरा भी नहीं. छोटे और मझौले प्रकाशक तो इसे अतिरिक्त खर्च मानते हैं.

**रतन वर्मा :** अब प्रकाशकों और पाठकों की भीड़-सी हो गई है. लोग पैसे दे कर भी छपा रहे हैं और प्रकाशक लाइब्रेरी में खपा रहे हैं. ऐसे में चयन की समस्या है, कैसी है कोई रचना, हम खरीदें क्या?

**अवधेश प्रीत :** नए लेखकों को गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा. एक तरीका यह हो सकता है कि विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छप जाएं, चर्चा में आ जाएं, तभी किताबें छपवाएं. विभिन्न संपादकों की नजर में उनकी रचनाएं आ जाएंगी, छप जाएंगी तो एक न्यूनतम मापदंड पर तो खरी उतरेंगी. हमारे दौर में ऐसा ही होता था. आपको याद होगा कि मेरा कहानी संग्रह 'नृशंस' तब आया, जब विभिन्न पत्रिकाओं-हंस, कथादेश आदि में मेरी कहानियां आ गईं. नए लेखकों को कहूंगा कि जहां संपादक रिजेक्ट करता है, वहां खुद को टटोलिए. हालांकि संपादकीय परंपरा भी अब वैसी नहीं रही. महीनों जवाब नहीं देते. दो-तीन बार पूछ लीजिए तो झुंझला जाते हैं. पर इस संकट के बीच भी अच्छी रचनाएं पहचान में आ जाती हैं.

**रतन वर्मा :** लेकिन बुक स्टॉल पर साहित्यिक पत्रिकाएं हैं कहां? हजारीबाग की ही बात कहूं तो पहले यहां के तीन स्टॉल पर हंस की 150 प्रतियां आती और बिकती थीं. अब 3-5 प्रतियां आती हैं.

**अवधेश प्रीत :** यानी 145 पाठक कहीं न कहीं गायब हुए हैं. यह चिंता का विषय तो है.

**रतन वर्मा :** पहले ऑफिस/कॉलेज से लौट कर लोग पत्रिका पढ़ते थे, नाटक देखते थे, अब टीवी देखते हैं.

**अवधेश प्रीत :** सोशल मीडिया, ओटीटी, टीवी के इसी दौर में नए लेखकों की दो-तीन नई पीढ़ियां भी तो आई हैं. तमाम पत्रिकाएं भी नव लेखन, युवा लेखन अंक निकाल रहीं. ये लेखक कहीं न कहीं पठन-पाठन की प्रक्रिया से गुजर कर ही आए होंगे ना? इन्होंने लेखन के संस्कार इसी दौर और इसी समाज में अर्जित किए ना?

**रतन वर्मा :** उनकी खामियां तो देखिए. एक दौर था जब हंस में कहानियां छपने के साथ ही चर्चा में आ जाती थीं. आज उसी हंस में छप कर कितने लेखक चर्चा में आते हैं?

**अवधेश प्रीत :** संपादकीय क्षमता भी प्रश्नांकित हुई है. यह राजेंद्र जी की चयन क्षमता थी कि हर अंक का लोग इंतजार करते थे और उसमें छपी कहानियां उत्तेजित करती थीं.

**रतन वर्मा :** हमारी पीढ़ी के रचनाकार तो फिर भी चर्चा में आ रहे हैं.

**अवधेश प्रीत :** पाठकों की संवेदना को लेखक कितना छू पा रहे हैं, कहानी से पाठक कितनी आत्मीयता महसूस कर पा रहे हैं, यह भी एक मसला है. भाषा के स्तर पर भी उन्हें सोचना होगा. कलात्मकता के नाम पर अबूझ कहानियां लिखने का दौर शुरू हुआ है. ऐसे में पाठक का संकट तो आएगा.

**रतन वर्मा :** याद होगा कि एक बार आपकी कहानी आधी ही सुन पाया था और फिर अपने शहर वापस जाना पड़ा. कहानी की छटपटाहट मन में बनी रही थी और फिर जब पटना आया तो आपके दफ्तर के कैंटीन में आकर चाय पीते हुए कहानी पूरी सुनी. यह छटपटाहट अब नहीं दिखती.

**अवधेश प्रीत :** सहमत हूं. नए लेखकों की शिकायत होती है कि वरिष्ठ उन्हें नहीं पढ़ते. मैं कहूंगा कि नए लेखक ही नहीं पढ़ते. मैं नए लेखकों को पढ़ कर फोन पर अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त करता हूं, पर नए लेखक कभी मेरी रचना पर प्रतिक्रिया देने नहीं आते. तो ऐसी प्रवृत्तियां हैं, लेकिन नई पीढ़ी ज्ञान, तकनीक और इनोवेशन के ज़रिए कहानी का परिदृश्य बड़ा कर रही.

(आखर के अगले अंक में अवधेश प्रीत के उपन्यास "रूई लपेटी आग" पर दोनों वरिष्ठ व समकालीन साहित्यकारों की बातचीत और इस बहाने राजनीति व समाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा.)

## हेति सुकन्या : अकथ कथा

# स्त्री के संघर्ष और विजय कथा में एक जोरदार दस्तक



प्रशांत प्रत्युष

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता : अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, वहां देवता का निवास होता है. इस मिथकीय वाक्य की पड़ताल कहानीकार सिनीवाली ने अपने उपन्यास हेति सुकन्या : अकथ कथा में की है. लेखिका ने मिथकीय काल में कल्पना और तथ्यों के सहारे प्रवेश किया है, उस भाषा के साथ, जो हिंदी साहित्य के लेखन शैली में कमोबेश लुप्त सी हो चुकी है. सिनीवाली ने अपने उपन्यास में इस तथ्य को सतह पर लाने का काम किया है कि भारतीय मिथकीय साहित्य ने किस तरह महिलाओं के अस्तित्व के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया है.

सिनीवाली ने एक विशेष काल-खंड के तत्कालीन भाषा को उपन्यास के लिए चुना है वह किसी चुनौती से कम नहीं रही होगी. जहां एक तरह भाषा उपन्यास की यूएसबी बनकर उभरती है, वहीं दूसरी तरफ यह तथ्य कि स्त्री संघर्ष राजपुत्री सुकन्या के लिए कम कठोर नहीं था. समकालीन स्त्री के संघर्ष और विजय कथा में सुकन्या का स्वाभिमानी पात्र हिंदी साहित्य में एक जोरदार दस्तक है, इस सत्य के साथ की काल खंड कोई भी हो एक स्वतंत्र चेतना युक्त स्त्री व्यक्तित्व की स्वामिनी होना समाज के लिए एक अथक कथा के तरह ही रही है.

सिनीवाली अपने उपन्यास हेति सुकन्या : अकथ कथा के मूल अवधारणा के बारे में शुरुआत में ही उद्घोष कर देती है जहां वह लिखती है अपनी मां सहित उन सभी स्त्रियों को जो पतिगृह में वे सभी दायित्व पूर्ण करती हैं जिनका श्रेय उन्हें नहीं मिलता है. मुख्य पात्र सुकन्या भी वही स्वाभिमानी कमर्ठ स्त्री है, जिसे इतिहास च्यवन ऋषि की पथ अनुगामी भार्या के रूप में जानता है. परंतु, सुकन्या के इस परिचय में इतिहास ने उसके गुण, कौशल और व्यक्तित्व को कभी सतह पर परिभाषित नहीं किया जाता है. सुकन्या का स्वाभिमान, प्रेम, करुणाद्र ह्रदय, वनस्पतियों से सहज लगाव और उनका औषधि के रूप प्रयोग करने की कथा अकथ ही रह गई है.

उपन्यास अपने अंतिम खंड में इस सत्य को सतह पर लाने का प्रयास बेजोड़ तरीके से करता है कि समाज में महिलाएं दोयम स्थिति तक कैसे पहुंच गई. कही न कहीं सिनिवाली बे-मेल विवाह को कटघरे में रखने का प्रयास करती है. जब उर्वि कहती है- कर्तव्य तथा अधिकार के संतुलन को ही धर्म कहते हैं. परंतु अब धर्म, संतुलन नहीं बल्कि स्वार्थसिद्धि के उपकरण में परिवर्तित हो रहा है. उसास लेती हुई पुनः बोली, "बालिकाओं के संग वृद्ध एंव प्रौढ़ पुरुष के विवाह का प्रचलन प्रारम्भ हो गया है. महर्षि च्यवन एंव आपके विवाह का उद्धहरण देकर इसप्रकार के विवाह को न्यायोचित ठहराया जाने लगा है. महराज भी विवश हैं. जब महाराज स्वयं ही अपनी पुत्री के विवाह को अनुचित कह न्याय नहीं कर पाए तो प्रजा से क्या कहेंगे? स्त्रियों के विवाह के लिए अब उनकी सहमति का महत्व तथा आवश्यकता समाप्त होने लगी है. जो नारी प्रश्न करती है उन्हें पतिव्रता बनने की शिक्षा दी जाती है जो राजसी जीवन त्याग कर, वन में वृद्ध पति की सेवा करते हुए अपने पतिव्रता धर्म का पालन कर अपना जीवन धन्य कर रही है." सुकन्या और उर्वि का यह संवाद स्पष्ट कर देता है कि उनके अधिकारों को किस तरह समाज में हनन किया जाता रहा है.



**हेति सुकन्या : अकथ कथा**
**लेखिका : सिनीवाली**
**रुद्रादित्य प्रकाशन, प्रयागराज प्रकाशन,**
**मूल्य -300/-**

महर्षि महर्षि च्यवन का सुकन्या पर काम वासना के इच्छा से मोहित हो जाना भी और सुकन्या को विवाह करने के लिए विवश करने के लिए छल करना भी साधुत्व और सनातन पर एक धब्बे के तरह क्यों नहीं है? फिर महर्षि महर्षि च्यवन का गुणगान क्यों किया जाना चाहिए? वह क्यों नहीं सजा के पात्र होने जगह आज भी आदरणीय है?

उपन्यास के अंतिम खंड में सुकन्या महर्षि च्यवन से कहती है- सत्य है कि काम तत्व आवश्यक है, सृष्टि निर्माण के लिए, परंतु काम का सम्बन्ध तन तथा मन दोनों से होता है. मन पर विजय प्राप्त करने से प्रेम पवित्रता की ओर अग्रसर होता है. आपने जो कर्म किया है वो जनमानस में कालांतर तक प्रवाहित होते रहेंगे. जनमानस का संचालन तो मनुष्य की मनोवृत्ति करती है. उसे ही आपने पतन के पथ पर अग्रसर कर दिया. पुरुष स्त्री देह पर अधिकार स्थापित करने के लिए भांति-भांति का कुकर्म करता रहेगा. आप किस भांति तरुण हुए यह कथा गौण हो जाएगी. परंतु, प्रकृति उचित समय आने पर सत्य अवश्य उद्घाटित करेगी क्योंकि समय के लिए सभी संतानें समान होती हैं. वह अपनी संतानों की पीड़ा, अकथ कथा को भी अपने हृदय में संजोए रखती है.

## कविता/गज़ल



**डॉ रागिनी भूषण**

### मैं दीप जला एकाकी ही

जब से सीता को विदा किया
मैं भी तो सुख से कहां जिया!
राजा तो राजा होता है
उसका अपना संसार नहीं.
धरता जो छत्र शीष ऊपर
सुख दुख का भी आधार नहीं.
मैं केवल राजा बना रहा
उसने पति का सम्मान दिया.

मैं श्रेष्ठ प्रजा वत्सल तो था
वो राज महिषी वन देवी.
मैं दीप जला एकाकी ही
वो तपी तपस्या श्रमसेवी.
अग्नि पूता वो सती रही
मैं ने आंसू का घूंट पिया.

वो धरती पर यदि सोई थी
मैं भी हूं शय्या पर सोया.
वो गर्भवती मुझको जीती
जो खोया मैं ने ही खोया.
मैं मर्यादा से बंधा रहा
मन तनकारा में बन्द किया.

जब पुत्र वती थी वैदेही
रघुवर था संतति से वंचित.
वो निरख निरख सरसी होगी
मुझमें था प्रबल शून्य अंचित.
दिन कट जाता था राजा का
रातों को जगता सिया पिया.

वह रोई थी मैं भीगा था
मुस्कानों में भी पल पल था.
सब धर्म कर्म के मन्दिर में
वो पूजा थी मैं अर्पण था.
थी दृश्य मान दो देह मगर
पर प्राणवन्त था एक हिया.



**राकेश रमण "रार"**

### नीम

दीवार पर पड़े
कैलेण्डर के
पन्ने पलटने से
समय नहीं बदलता !
कैलेण्डर, तिथि, वर्ष
दिन और काल
सबकी रचना से पहले
कुछ रहा है जो
अनवरत चलता है
निरंतर बदलता है
छूटने का अवसाद
पाने का आह्लाद
है जीवन का अर्ध सत्य !
पूर्ण सत्य मात्र मृत्यु !
जिसपर विजय पा
अमरत्व की लालसा में
भटकता मानव
जाने और किस सत्य को
पाना चाहता है !
चित के आनन्द की
अवस्था के अलावा
उसके वश में कुछ नहीं !





**प्रीति कर्ण**

### विकल मन की दशा

थिर नहीं होता अगर मन भाव की एकस्थता में
शब्द के संयोग मिलकर क्या लिखेंगे.
मौन विह्वलता विकल मन की दशा है,
द्वंद के अतिरेक में ये क्या कहेंगे.
अनवरत चलते रहे हैं रात और दिन
व्यर्थ की संभावना के बोझ लेकर.
वंचनाओं के भंवर ले डूबते हैं
नियति क्रम का नित्य ही आधार देकर
नाव और पतवार की मध्यस्थता में
हम हवा के आसरे बहते रहेंगे!
पीड़ जीवन राग ही हमने चुने हैं
क्यों बसंती फूल की हो चाहनाएं.
सब विलासी रंग वैभव छूटते हैं
सूने पतझड़ से बंधी हैं कामनाएं.
चल पड़ेंगे एक दिन अनुरक्तता में
खो रहे अनमोल पल किसको दिखेंगे.



**मुक्ति शाहदेव**

### उदास है सांझ

आ जाओ कि सांझ बहुत उदास है आज
उम्मीद की आखिरी लौ भी थरथरा रही है आज.
अनजान सी धड़कन उनींदी हैं आंखें
बेचैन रूह संग भीगी पलकें भी हैं आज.
बादलों से कह दो रूख कर लें मेरी गलियों का
तपिश है बहुत दरख्तों के साये में भी आज.
परिंदों से कह दो बतिया लें हमसे भी दो बोल
गरमाहट रिश्तों की जाने कहां खो गई है आज.
ढलने को है यूं भी अब जिंदगी की सांझ
कांधे पे सर रख के रो लेने दो आज.





**डॉ संगीता नाथ**

### लगे धरा भी अलसाई

झूम उठा अंबर सागर में, लहर-लहर यूं लहराई,
स्वर्णिम किरणों की आभा में झलक रही है तरुणाई.
पथिक भोर का ठिठुर रहा है, पात ढके सहमे तरुवर,
लिपट कुहासे की चादर में, लगे धरा भी अलसाई.
दूर पहाड़ों की चोटी से, उतर रही धीमे-धीमे,
सोनपरी आंचल लहराती, तनिक झिझकती सकुचाई.
चमक रहा द्रुमदल पातों पर, सतरंगी दर्पण ऐसे,
कलश सुनहरे भरकर सुख की मानों है किरणें आई.
रूठ गया है मानो रविकर, मौसम की मनमानी से,
शीत हवाओं को क्या कहना, हाड़ कंपाती पुरवाई.



**राकेश नाजुक**

### सुगिया घर की खुशियों खातिर

ठठरी ठठरी हिला हुआ है,
फिर भी चलता है!
सुगिया घर की खुशियों खातिर,
पल पल जलता है!
कोल्हू के बैलों के जैसी,
हालत उसकी है
वो भी उसे सुना जाता है,
गलती जिसकी है!
इसी क्षोभ में हर दिन सुगिया,
पल पल गलता है!
सुगिया घर........
बकरी, गैया, भैंसी को भी,
सानी -पानी देकर
खोज रहा है बबिया को,
जो सोई रो रोकर!
जब-जब खांसे मैया तब-तब,
उसको खलता है!
सुगिया घर.......
तड़के मुंह बांधकर घर के,
पिछवाड़े से जाता
लल्ला का कर्जा सुरसा के
जैसे बदन बढ़ाता,
पर पापी मौसम के कारण,
हाथ मलता है!
सुगिया घर....



**डॉ रजनी गुप्ता**

### क्यों हर दिल में मलाल है इतना

जल रहा चांदनी में खड़ा आदमी
मोहब्बत दिलों में बाकी नहीं है.
चाहिए अब कौन सी मिल्कियत
हसीन ये कायनात काफी नहीं है.
हैरत होती है सपाट चेहरों पर
ये जिन्दगी से नाइंसाफी नहीं है.
खुद से मुखातिब औरों से गाफिल
इस जहां के वे निवासी नहीं हैं.
क्यों हर दिल में मलाल है इतना
क्या किसी के पास माफी नहीं है.
जीत हार की बेतहासा होड़ क्यों
जिंदगी शतरंज की बाजी नहीं है.
कितनी लिखवाकर लाए हैं सांसे
जीने की रफ्तार नाकाफी नहीं है.



**दिलीप ठाकुर 'अमर'**

### गोया कि ऐसा नहीं मैं

मुझपे इल्ज़ाम ये है कि हो गया हूं मतलबी
जब मुझे मतलब रहा तब ही उन्हें कुछ कहा
गोया कि ऐसा नहीं मैं...
याद मुझको हैं वो सारे हादसे जो मेरे थे
अब तो मैं बस ये कहूंगा हादसे वो मेरे थे
गोया कि तुमसब जुड़े थे...
अगर गिरहें खोलुं,
कितने गांठ तुम्हारे मिलेंगे
दूसरे जो गांठ आएं वो भी उनके ही मिलेंगे
गोया कि धागे मेरे थे...
जब भी चाहा तुमसब ने पांव मेरे ही फंसे
और हुए वो लहुलूहान बाकी सभी बचे रहे
गोया कि ख़ूं मेरे बहे...
रिश्तों को मैंने सहेजा सम्हाला इक-इक कर
आज भी जब तरसता रह जाता
ख़ूं के घूंट पीकर
गोया कि छलता रहा मैं ...
आज जब सब सम्हल चुके मुझको कहते
मतलबी
आज भी मैं तड़पता और तरसता सबके लिए
गोया कि संभला नहीं मैं...
लगा लो इल्ज़ाम मुझपे,
किनारा चाहो तो कर लो
मैं जहां था वहीं हूं उन सारे ज़ख़्मों को सहेजे
गोया कि मेरे वही हैं...
ज़िंदगी जो गुज़री मेरी मौसमों की मार से
अब चेहरे झुलसे,
बालों में सफेदी उनकी ही है माना
गोया कि अब ज़वां नहीं मैं ...
रहें सब सुख-चैन से, लहू बहे अब नैन से
तमन्नाएं मर चुकी कब की,
हां मैं भी हूं चैन से
गोया कि खुश हूं मैं भी...



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### एसटीएफ ने किया मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

**पटना।** मुंगेर में एसटीएफ ने एक बार फिर मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है, जिसमें काफी मात्रा में पिस्तौल बनाने वाले औजार और अर्धनिर्मित पिस्तौल बरामद किए गए हैं. बता दें कि आए दिन एसटीएफ और बिहार पुलिस अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है. वहीं, मिनी गन फैक्ट्री का भी उद्भेदन लगातार पुलिस के द्वारा किया जा रहा है. वहीं, भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया गया है. जहां से 5 देसी पिस्टल, 2 अर्द्धनिर्मित पिस्टल, 10 मैगजीन, 1 ड्रिल मशीन, 5 बेस मशीन, 5 हेक्सा ब्लेड, 49 रेती, स्प्रिंग और काफी मात्रा में हथियार बनाने के छोटे-छोटे कलपुर्जे को बरामद किया गया है.

### शराब के नशे में हेड क्लर्क गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के नबीनगर प्रखंड के अंचल कार्यालय से बड़ा बाबू को शराब के नशे में पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो शराब पीकर ड्यूटी करने पहुंच गये थे. बताया जाता है कि अंचलाधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने शराब के नशे में धुत होकर ड्यूटी कर रहे प्रधान लिपिक सदानंद वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. प्रशिक्षु आइएएस गौरव कुमार जो कि प्रशिक्षण के दौरान बतौर नबीनगर के अंचलाधिकारी का पद भी संभाल रखा है, उन्होंने हेड क्लर्क को गिरफ्तार कराया.

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवती का शव

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के बंगरा सरेह में पेड़ से लटके एक युवती का शव शनिवार को पुलिस ने बरामद किया है. मृतका हरसिद्धि थाना क्षेत्र के सिसवा निवासी मुन्नीलाल महतो की 18 वर्षीय पुत्री है. बताया गया कि मृतका अपने मौसा के घर सुगौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 20 बंगरा निवासी स्व रंगीला चौधरी के यहां पिछले कई वर्षों से रह रही थी. शनिवार की सुबह लोग बंगरा सरेह में गए तो पेड़ से लड़की लटकी हुई थी. घटना की खबर लगते ही लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी. वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई दिलीप सिंह ने घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली.

# जेपी विवि के प्रोफेसर को मुसलमानों के लिए चाहिए अलग देश

## जेपी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ रंजीत सिंह ने बताया, उन्हें शो कॉज नोटिस दिया गया है

**संवाददाता। पटना**

सारण में स्थित जयप्रकाश नारायण यूनिवर्सिटी (छपरा) के एक प्रोफेसर का देश विरोधी सोशल मीडिया पोस्ट सामने आया है, जिसमें उन्होंने देश के मुसलमानों के लिए अलग देश की मांग की है. यह मामला उजागर होने के बाद हड़कंप मच गया है. आसपास के लोगों ने इस पोस्ट पर खूब विरोध जताया है और एक्शन लेने की बात कही है. जेपी विवि के अधीनस्थ आने वाले नारायण



कॉलेज गोरिया कोठी सिवान के असिस्टेंट प्रोफेसर खुर्शीद आलम ने पाकिस्तान का समर्थन और मुसलमान के लिए अलग देश की मांग करते हुए यह पोस्ट डाला है. विवि प्रशासन ने इस प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. जेपी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ रंजीत सिंह ने बताया कि उन्हें शो कॉज नोटिस दिया गया है. नियम संगत और सही जवाब नहीं मिलने पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है.

इस मामले में रजिस्ट्रार ने कहा है कि कुलपति डॉ केसी सिन्हा ने इसका संज्ञान लिया है. उन्होंने प्रथम दृष्टया इसे गैरकानूनी बताते हुए शो कॉज का आदेश दिया. आलम का जवाब आने के बाद उसे कुलपति के विचारार्थ प्रोड्यूस किया जाएगा. इसके बाद वीसी के आदेश पर आगे की कार्रवाई जाएगी. फिलहाल उन्हें सस्पेंड किया जाएगा. प्रोफेसर खुर्शीद आलम ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा है, मैं राज्य और देश की सरकारों से अपील करता हूं कि भारतीय मुसलमान पाकिस्तान और बांग्लादेश से जुड़ा एक अलग राष्ट्र चाहते हैं. यह पोस्ट सामने आते ही यूनिवर्सिटी समेत पूरे सारण जिले का माहौल बदलने लगा है. छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने खुर्शीद आलम की इस गतिविधि के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है.

उल्लेखनीय है कि खुर्शीद आलम का यह पहला विवादास्पद पोस्ट नहीं है. इसके पहले भी उन्होंने फेसबुक पर पाकिस्तान का समर्थन और भारत का विरोध करने वाले बयान जारी किए थे. पहले उन्होंने लिखा था, यूनाइटेड पाकिस्तान बांग्लादेश जिंदाबाद. छत्तीसगढ़ में पाकिस्तान का झंडा फहराने वाले युवक की गिरफ्तारी पर भी उन्होंने देश विरोधी बयान जारी किया था.

## आओ जानें

### जानें बिहार के बारे में

1. अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार क्या है? – कृषि
2. जलवायु कैसी है? – मानसूनी जलवायु
3. जलवायु में कितनी ऋतुएं शामिल हैं? – ग्रीष्म, वर्षा व शीत
4. बिहार की द्वितीय राजभाषा कौन सी है? – उर्दू
5. कौन सा जिला प.बं में शामिल किया गया था? – पुरुलिया
6. बिहार राज्य का क्षेत्रफल कितना है? – 94,163 वर्ग किमी
7. अशोक के काल में पाटलिपुत्र में आयोजित तृतीय बौद्ध संगीति की अध्यक्षता किस बौद्ध विद्वान् ने की थी? – मोगालिपुत्र तिष्या
8. इब्राहिम लोदी के काल में बिहार का सूबेदार (गवर्नर) कौन था, जिसने सुल्तान के विरुद्ध विद्रोह किया था? – दरिया खां नूहानी
19. ईसा पूर्व छठी शताब्दी में विश्व की प्रथम गणतंत्रात्मक व्यवस्था कहां थी? – वैशाली
20. किस प्राचीन ग्रंथ में बिहार के निवासियों को 'कीकट' कहा गया है? – ऋग्वेद

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने तेजस्वी को दी चुनौती

# दम है तो सारे मंदिर-मस्जिद को तोड़कर अस्पताल बनवाएं

**संवाददाता। पटना**

डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के चोट लगने पर कोई मंदिर नहीं, अस्पताल जाता है वाले बयान पर बीजेपी सांसद सुशील मोदी ने हिंदुओं की आस्था को जानबूझकर आहत करने वाला बताया है. कहा कि राजद के संस्कार सनातम धर्म विरोधी है. इसलिए हर दिन पार्टी का कोई ना कोई नेता राम मंदिर के खिलाफ जहर उगलता रहता है. सुशील मोदी ने तेजस्वी यादव को खुली चुनौती भी दी है. उन्होंने कहा कि अगर उनमें और उनकी पार्टी के नेताओं में दम है तो वे बिहार के सारे मंदिर-मस्जिद को तोड़कर अस्पताल बनवाये. मोदी ने कहा अगर लोगों को चिकित्सा के लिए अस्पताल चाहिये, तो मानसिक शांति के लिए मंदिर भी चाहिए. लोगों को दवा और दुआ दोनों की जरूरत पड़ती है. कहा कि अगर आपको इतना चिंता है तो आप बताये कि पिछले डेढ़ साल में बिहार में कितने नये अस्पताल बनवाये. आलम ऐसा है कि तेजस्वी के स्वास्थ्य मंत्री रहते बिहार में एक भी नये अस्पताल नहीं बने हैं.



### सुशील मोदी ने कहा कि हमें राम और रोटी दोनों चाहिए

सुशील मोदी ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगा है. न ही इसमें करदाताओं का पैसा लग रहा है. इसे राम-भक्तों के दान-सहयोग से बनाया जा रहा है. फिर भी राजद और इंडी गठबंधन के दलों की छाती क्यों फट रही है? सनातन धर्म विरोधी पार्टियां हर दिन जहर उगल रही है. मोदी ने कहा है कि हमें राम भी चाहिए और रोटी भी चाहिए. भव्य राम मंदिर निर्माण के साथ सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो, इसलिए अयोध्या धाम को ऐसे विकसित किया जा रहा. कहा कि इससे पर्यटन उद्योग में हजारों लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे.

#### तेजस्वी के बयान पर गिरिराज की सलाह

### उपदेश न दें, आप हज भवन को अस्पताल बना दें

**पटना।** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को कहा कि ये लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं. तुष्टिकरण की राजनीति करते-करते पीएम मोदी और भाजपा को गाली देते हैं. हमें इनसे नसीहत नहीं चाहिए. ये भ्रम पैदा कर सकते हैं. ये तुष्टिकरण कर सकते हैं, लेकिन देश और राज्य का हित नहीं कर सकते हैं. मैंने उनसे आग्रह किया



था कि आप उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री भी हैं तो आप क्यों नहीं हज भवन को अस्पताल बना देते हैं? इतना बढ़िया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेगा. उपदेश देने से बढ़िया ये काम कर दें. सिंह ने कहा कि मैं तो जानता हूं कि ये कितने रोजगार दे रहे हैं, कितने इफ्तार कर रहे हैं, लेकिन गरीब हिंदुओं को नहीं खिलाएंगे. ये हज वालों से कभी नफरत नहीं करेंगे, उनको कभी शिक्षा नहीं देंगे. हिंदू से नफरत करेंगे. ये लोग समय पड़ेगा तो जनेऊ धारी कहेंगे नहीं तो टोपी धारी रहेंगे. बता दें कि पूरे देश में राम मंदिर उद्घाटन समारोह की खूब चर्चा हो रही है. इस बीच डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का एक बयान सुर्खियों में आ गया है. उन्होंने कुछ दिन पहले मधुबनी में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पैर कट जाएगा तो अस्पताल जाओगे कि मंदिर? भूख लगेगी तो मंदिर जाओगे? खाना मिलेगा? वहां उल्टा दान मांग लेंगे.

# नालंदा में बीपीएससी द्वारा पहले चरण में चयनित 31 अध्यापकों की नियुक्ति रद्द

**संवाददाता। नालंदा**

जिले में बीपीएससी चयनित अध्यापकों के पहली चरण में बहाली प्रक्रिया में फर्जी तरीके से नौकरी लेने वाले 31 शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर दी गई है. शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से इसकी सूचना सार्वजनिक की गई है. इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि इन शिक्षकों का कॉउंसिलिंग के बाद विद्यालय में पदस्थापन भी कर दिया गया था, जब विद्यालय में योगदान करने गए फिर जांच की गई तो वांछित योग्यता पेपर नहीं मिला. इसके बाद योगदान नहीं करने दिया गया. जांच टीम के द्वारा जिला कार्यालय से संपर्क किया गया. इसके बाद इन अभ्यर्थियों के वांछित योग्यता से संबंधित सर्टिफिकेट की जांच कराई गई थी. जांच में योग्यता में काफी गड़बड़ी मिली, फिर इन सभी अध्यापकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया है.

बताया यह जा रहा है कि नियुक्ति रद्द अभ्यर्थियों में किसी ने एसटीईटी, टीईटी क्वालिफाई नहीं किया था तो किसी ने स्नातक में संबंधित विषय में ऑनर्स नहीं किया. सबसे आश्चर्य तो बीएड बिना उत्तीर्ण किए बीपीएससी ने अभ्यर्थी का रिजल्ट जारी कर दिया. नौकरी करने की मंशा से विभाग के आंख में धूल झोंका जा रहा था. अब सवाल उठता है कि इन अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड कैसे जारी कर दिया जो वांछित योग्यता ही नहीं रखते हैं.

### बारीकी से जांच करने पर गड़बड़ी मिली : डीईओ

इस मामले को लेकर डीईओ जियाउल होदा खां ने बताया है कि विद्यालय अध्यापक अभ्यर्थियों के शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक और अन्य सर्टिफिकेट की बारीकी से जांच की गई तो जांच में गड़बड़ी पाए जाने वाले विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया है. जिले के चयनित 2220 में से 2063 विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति और पदस्थापना पत्र दिया गया था.

### कर्मियों को बंधक बना कर 9 लाख की लूट

**पटना।** जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने शनिवार को दिनदहाड़े थाना से महज कुछ ही दूरी पर लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया है. अपराधियों ने श्रीरामपुर टोला के पास महिंद्रा फाइनेंस कार्यालय से कर्मियों को बंधक बनाकर करीब 9 लाख की लूट कर फरार हो गए. मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई. साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर इलाके में छापेमारी शुरू कर दी.

# अपराधियों ने सेविंग कराकर लौट रहे युवक को मारी गोली

**संवाददाता। छपरा**

छपरा में शुक्रवार की रात्रि में बदमाशों ने 35 वर्षीय युवक को दौड़ाकर तीन गोली मारी. गोली लगने के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे पीएमसीएच इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है.

स्थानीय लोगों के अनुसार युवक की रीड की हड्डी में दो गोली फंसी हुई है. घर से लगभग 700 मीटर दूरी पर उसे गोली मारी गई है. गोली लगने के बाद वह युवक बाइक चलाकर अपने घर पहुंचा. घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र की है. इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल हो गया है. वहीं, घटना की सूचना मिलते ही मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि सेविंग कराकर युवक घर लौट रहा था. इस दौरान अपराधियों ने रास्ते में रोक कर गोली मार दी.

## कारोबार

### मिल संघों ने वित्तीय मदद की गुहार लगाई

**मुंबई।** कपड़ा मिल संघों ने गुणवत्ता नियंत्रण मुद्दों के साथ निर्यात में मंदी के कारण चल रहे संकट से निपटने में मदद के लिए सरकार से वित्तीय राहत देने की अपील की है. कपड़ा मिल संघों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपनी एक अपील में कहा है कि यूक्रेन-रूस संघर्ष और इजराइल-हमास युद्ध जैसे बाहरी कारकों की वजह से निर्यात, खासकर कपास पर आधारित क्षेत्र में मंदी आने से उद्योग गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है. मिल संगठनों ने एक बयान में कहा कि उनके क्षमता उपयोग में गिरावट आई है.

### लगातार 7वें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

**मुंबई/नई दिल्ली।** लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है. देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़ कर 620.441 अरब डॉलर रहा था. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 29 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.760 अरब डॉलर बढ़ कर 623.20 अरब डॉलर रहा है.

### दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 14 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की प्रति व्यक्ति आय चालू वित्त वर्ष में लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर 4,44,768 रुपये प्रति वर्ष हो गई है जो राष्ट्रीय औसत से 158 प्रतिशत अधिक है. केजरीवाल सरकार ने 'सांख्यिकी हैंडबुक-2023' जारी करते हुए यह जानकारी दी. दिल्ली सरकार के आर्थिक और सांख्यिकी विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी के सामाजिक-आर्थिक मापदंडों के आंकड़ों वाली यह पुस्तिका जारी की है. इसके मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 4,44,768 रुपये हो गई जबकि एक साल पहले यह 3,89,529 रुपये थी.

## नारायण मूर्ति 70 घंटे काम करने वाले बयान पर फिर से बात की, कहा

# हमें इस देश में कड़ी मेहनत करनी होगी

**भाषा। नयी दिल्ली**

देश के जानेमाने उद्योगपति और इंफोसिस के फाउंडर और अरबपति नारायण मूर्ति अपने क्रिएटिव सोच के लिए जाने जाते हैं. यही वजह है कि वे सुर्खियों में भी रहते हैं. लेकिन इन दिनों वे काम करने के घंटों की बात को लेकर चर्चा में हैं. उन्होंने एक बार फिर सप्ताह में 70 घंटे काम करने वाले बयान पर फिर से बात कही. बता दें कि एनआर नारायण मूर्ति के इस बयान पर कुछ महीने पहले काफी विवाद हुआ था. अब मूर्ति ने अपने इस बयान का बचाव करते हुए कहा कि देश में किसान और कारखानों में काम करने वाले मजदूर कमरतोड़ मेहनत करते हैं. ऐसे में देश की पढ़ी-लिखी आबादी को बहुत ज्यादा मेहनत करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि भारत में ज्यादा काम करना सामान्य बात है. देश में ज्यादातर लोग ऐसे हैं जो शारीरिक श्रम से पैसे कमाते हैं.

उन्होंने कहा कि हमें इस देश में कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि गरीब किसान और मजदूर बहुत मेहनत करते हैं. वह कम पढ़े-लिखे होते हैं और देश की तरक्की में योगदार दे रहे हैं. वे भारत के कम



भाग्यशाली नागरिक हैं. देश और सरकार को उनलोगों को धन्यवाद देना चाहिए जिन्होंने भारी छूट पर शिक्षा हासिल की है. इसलिए जिन लोगों ने भारी डिस्काउंट पर शिक्षा हासिल की है, उन्हें अब देश के गरीबों के लिए ज्यादा कड़ी मेहनत करने की जरूरत है. नारायण मूर्ति ने कहा कि सोशल मीडिया पर बहुत सारे रिएक्शन के बाद भी उनके कई पश्चिमी देशों के दोस्त और एनआरआई इस बयान से खुश हैं. उन्होंने कहा कि कभी बिना खुद किए किसी और को सलाह नहीं दी है. नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने कहा था कि इंफोसिस में नारायण मूर्ति सुबह 6 बजे से काम शुरू करते थे और रात 9 बजे तक काम खत्म कर देते थे. इस दौरान वह अक्सर एक दिन में 12 घंटे से ज्यादा समय तक काम करते थे. कई सप्ताह तक उन्होंने ऐसे ही काम किया है.

नारायण मूर्ति ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपने सेक्टर में उनसे बेहतर है तो वह उसका सम्मान करते हैं. वह अगर उनसे पूछेंगे कि क्या उन्होंने जो बात कही है वह गलत है. ऐसा नहीं लगता. नारायणमूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने कहा था कि नारायणमूर्ति भले ही 70 घंटे काम करने की सलाह दे रहे हों, लेकिन वह खुद सप्ताह में 90 घंटे तक काम करते रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह नारायण मूर्ति के लिए सामान्य बात रही है. नारायण मूर्ति ने कहा कि यह उनका रूटीन था कि सप्ताह में 85 से 90 घंटे तक काम किया जाए. उन्होंने कहा कि वह 6 या साढ़े छह दिन काम करते ही थे. बता दें कि इंफोसिस के फाउंडर ने बीते साल 2023 में एक पॉडकास्ट पर कहा था कि भारत की कार्य उत्पादकता दुनिया में सबसे कम है. उन्होंने युवाओं से अपील की थी कि अगर हमें चीन जैसे देश से आगे निकलना है तो हर सप्ताह 70 घंटे तक काम करने की आदत रखनी होगी. जापान और जर्मनी ने ऐसा किया था. कई प्रोफेशनल्स और सीईओ ने उनके बयान की आलोचना की थी. इस बयान के बाद ग्लोबल बहस छिड़ गई थी.

#### बोले मूर्ति

- किसान और मजदूर कमरतोड़ मेहनत करते हैं
- भारत में ज्यादा काम करना सामान्य बात है

### एक मार्च से ई-चालान विवरण के बगैर नहीं बना पाएंगे ई-वे बिल

**नयी दिल्ली।** पांच करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाले व्यवसाय एक मार्च से सभी कारोबारी लेनदेन के लिए ई-चालान दिए बगैर ई-वे बिल जारी नहीं कर पाएंगे. माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के तहत 50,000 रुपये से अधिक कीमत के माल को एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाने के लिए ई-वे बिल रखना जरूरी होता है.

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने विश्लेषण के आधार पर पाया है कि ई-चालान के लिए कुछ पात्र करदाता बी2बी (फर्म से फर्म को) और बी2ई (कंपनियों से निर्यातकों को) के लेनदेन के लिए ई-वे बिल ई-चालान से जोड़े बगैर ही बना दे रहे हैं. इनमें से कुछ मामलों में, ई-वे बिल और ई-चालान के तहत अलग-अलग दर्ज चालान विवरण कुछ मापदंडों में मेल नहीं खा रहे हैं. इससे ई-वे बिल और ई-चालान विवरण के बीच मिलान नहीं हो रहा है. एनआईसी ने जीएसटी करदाताओं से कहा, ऐसी स्थितियों से बचने के लिए एक मार्च, 2024 से ई-चालान विवरण के बिना ई-वे बिल बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी. यह ई-चालान सक्षम करदाताओं और कारोबारी व निर्यात के तहत आपूर्ति से संबंधित लेनदेन के लिए लागू है.

# लाल सागर संकट से ढुलाई की लागत 60% बढ़ने की आशंका

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लाल सागर में संकट बढ़ने से समुद्री व्यापार पर गहरा असर पड़ने की आशंका है. वैकल्पिक मार्ग से माल ढुलाई पर लागत 60 प्रतिशत तक और बीमा प्रीमियम 20 प्रतिशत तक बढ़ सकता है. एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है. आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शनिवार को एक रिपोर्ट में कहा कि लाल सागर में संकट गहराने से माल ढुलाई में लगने वाले समय में 20 दिन की देरी और लागत में 40-60 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है. इससे बीमा प्रीमियम में 15-20 प्रतिशत बढ़ने के अलावा चोरी और हमलों से माल को नुकसान पहुंचने की आशंका भी है. लाल सागर और भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति यमन स्थित हूती आतंकवादियों के हमलों के कारण बिगड़ गई है.

इन हमलों के कारण, जहाज रास्ता बदलकर 'केप ऑफ गुड होप' के माध्यम से आवाजाही कर रहे हैं. इससे लगभग 20 दिनों की देर हो रही है और माल ढुलाई एवं बीमा लागत भी बढ़ रही है. ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रिपोर्ट में कहा कि हूती हमलों के कारण लाल सागर व्यापारिक मार्ग में व्यवधान आने से भारतीय व्यापार, खासकर पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यूरोप के साथ कारोबार पर काफी प्रभाव पड़ा है. इसके मुताबिक, भारत, कच्चे तेल और एलएनजी आयात और प्रमुख क्षेत्रों के साथ व्यापार के लिए बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य पर बहुत अधिक निर्भर है. ऐसे में इस क्षेत्र में कोई भी गतिरोध आने से भारी आर्थिक और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ता है. जीटीआरआई का अनुमान है कि यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के साथ भारत के समग्र उत्पाद व्यापार का लगभग 50 प्रतिशत आयात और 60 प्रतिशत निर्यात यानी कुल 113 अरब डॉलर का कारोबार इसी मार्ग से हुआ है.

#### खास बातें

- जीटीआरआई ने शनिवार को एक रिपोर्ट में कहा
- बीमा प्रीमियम 20 प्रतिशत बढ़ने की आशंका : रिपोर्ट

**मिलेगी मदद** | बीआईएस के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया संबोधित

# भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए : गोयल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को मानकों का अग्रणी होना चाहिए. उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार अन्य उत्पादों को भी अनिवार्य गुणवत्ता मानकों के दायरे में लेकर आएगी.

गोयल ने कहा कि अच्छी गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जा सकता. पीयूष गोयल ने शनिवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 77वें स्थापना दिवस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि उत्पादों और सेवाओं में उच्च गुणवत्ता मानकों का



अनुपालन करने से भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने और एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी. गोयल ने कहा कि इस दिशा में बीआईएस को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए. इसे केवल मानकों को अपनाने वाला नहीं बनना चाहिए, बल्कि मानकों का अगुवा भी बनना चाहिए.

पीयूष गोयल ने कहा कि मानकों को जहां भी संभव हो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए लिफ्ट या एयर फिल्टर या चिकित्सा आइटम हो सकता है. उन्होंने कहा कि अभी तक 672 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 156 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए जा चुके हैं जबकि 2014 से पहले सिर्फ 106 उत्पादों को दायरे में लाने वाले 14 क्यूसीओ ही मौजूद थे. गोयल ने आभूषणों की हॉल मार्किंग में बीआईएस के प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि अनिवार्य हॉल मार्किंग 343 जिलों को कवर करती है.

उन्होंने कहा कि रोजाना 4.3 लाख से अधिक वस्तुओं को हॉलमार्क किया जाता है, लोग जो आभूषण खरीद रहे हैं उनमें से 90 फीसदी आभूषण हॉलमार्क वाले होते हैं. 'भारत में गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए संवाद' का आयोजन बीआईएस ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ संयुक्त रूप से किया था.

#### खास बातें

- कहा-भारत को ऊंचा लक्ष्य पाने में मिलेगी मदद
- बीआईएस को गुणवत्ता मानकों का दूत बनना चाहिए

# बोइंग ने सुरक्षा संबंधी मानकों से ढील देने की गुहार लगाई

**एजेंसी। डलास (अमेरिका)**

अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग ने अपने 737 मैक्स श्रृंखला के नए मॉडल को इंजन से संबंधित कुछ सुरक्षा मानकों से ढील देने की विमानन नियामक से गुहार लगाई है. संघीय अधिकारियों ने पिछले साल कहा था कि बोइंग अपने मौजूदा मैक्स विमानों की इंजन हाउजिंग को गर्म होने से रोकने की दिशा में काम कर रही है. लेकिन अभी तक यह काम पूरा नहीं हो पाया है.

दरअसल उड़ान के दौरान मैक्स श्रृंखला के कुछ विमानों के इंजन वाला हिस्सा काफी गर्म हो जा रहा था. इससे विमान पर नियंत्रण खो देने की आशंका को देखते हुए पायलटों से एंटी-आइसिंग प्रणाली के इस्तेमाल में खास सावधानी बरतने को कहा गया था. बोइंग ने विमानन नियामक से इंजन हाउसिंग और एंटी-हाउसिंग प्रणाली से संबंधित सुरक्षा मानकों से मई, 2026 तक ढील देने की अपील की है. उसने कहा है कि नए एवं अपेक्षाकृत छोटे आकार के मैक्स-7 विमानों की आपूर्ति शुरू करने के पहले उसे इस मंजूरी की जरूरत होगी.

बोइंग ने शुक्रवार को कहा कि वह इस समस्या के दीर्घकालिक समाधान की दिशा में काम कर रही है लेकिन इसे भी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) की समीक्षा से गुजरना होगा. कंपनी की प्रवक्ता ने कहा, इस समाधान को 737 मैक्स विमानों में लगाए जाने के पहले इसका व्यापक परीक्षण किया जाएगा और एफएए भी इसकी समीक्षा करेगा.

▼ ब्रीफ खबरें

### चंपई सोरेन ने किया सम्मेलन का उद्घाटन

**आदित्यपुर।** रांची के पुराने विधानसभा सभागार में शनिवार को दो दिवसीय राज्यस्तरीय प्रांतीय सम्मेलन का उद्घाटन मंत्री चंपई सोरेन के द्वारा किया गया. स्वागत भाषण हटिया विधायक नवीन जायसवाल के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिनिधि भाग लिए मंत्री के द्वारा कर्मचारियों की समस्या पूर्ण करने के लिए अपनी सहमति दी. इसमें मुख्य संरक्षक धर्मराज तिवारी व विमल कुमार समेत सभी जिलों से कर्मचारी नेता के साथ कर्मचारी भाग ले रहे हैं.

### जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सिमडेगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सिमडेगा में जिला स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ,उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं जिले के पुलिस अधीक्षक, सौरभ कुमार के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन जी झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार एवं जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### जवानों के बीच बांटे गये फ्लोरेंस जैकेट

**गिरिडीह।** शहरी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर शनिवार को टावर चौक में सदर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था में तैनात जवानों के बीच फ्लोरेंस जैकट का वितरण किया गया. इस दौरान कुल 20 जवानों के बीच जैकेट का वितरण किया गया. सदर एसडीपीओ ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है.

### पुलिस ने नवजात को झाड़ी से किया बरामद

**रंका।** अनुमंडल थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबांध चौक से सौ मीटर पीछे इमली के पेड़ के सामने झाडी में तत्काल जन्मा नवजात शिशु को पुलिस बरामद किया है. रंका थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर पिंकू कुमार घटनास्थल पर जाकर मृत अवस्था में प्लास्टिक के झूले में फेंका हुआ तत्काल जन्मा बच्चा को बरामद कर अतः परीक्षण हेतु रंका थाना लाया गया है. वरीय पदाधिकारी के पदाधिकारी को इस संबंध में पुलिस सब इंस्पेक्टर पिंकू कुमार ने जानकारी दे दी है.

### झापा युवा के जिला अध्यक्ष ने बांटी सामग्री

**सिमडेगा।** झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान शनिवार को गुटबहार पहुंचे. जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को सुना जहां पर उन्होंने बताया कि लगातार इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक लोगों को सताए हुए हैं. जंगली हाथियों के द्वारा घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे अनाजों को भी नष्ट कर दे रहे हैं, जिसकी वजह से लोगों को रात भर जगना पड़ रहा है. उन्होंने तत्काल छड़ मोबिल आदि सामान हाथियों से बचने के लिए वितरण किया.

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण कोहरे की चपेट में झारखंड

**रांची।** झारखंड के सभी जिले कोहरे की चपेट में है. पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड में पूरे दिन बादल छाए रहे और मौसम में ठंड बरकरार रही. अगले 3 दिनों तक राज्य में कोहरे के बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे व मौसम शुष्क बना रहेगा. कहीं-कहीं मध्यम से घना कोहरा देखा जा सकता है. पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. वहीं गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और खूंटी में कहीं-कही मध्यम दर्जे का कोहरा भी दर्ज किया गया.

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद-गिरीडीह मार्ग पर शनिवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई. जबकि इस दुर्घटना में उसकी पत्नी को मामूली चोट पहुंची. मृतक कृष्णा यादव (40 वर्ष लगभग) बेंगाबाद पंचायत के मंगरोडीह का रहने वाला था. घटना दामोदरडीह गांव के समीप की है. घटना के सम्बंध में बताया गया कि मृतक अपनी पत्नी को बाइक से लेकर बेंगाबाद बाजार से अपने घर वापस लौट रहा था.

## पतरातू लेक रिसोर्ट में आयोजित हुई आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक

# हेमंत सरकार ने अपनी गरिमा खत्म कर दी : सुदेश

**प्रमुख संवाददाता। पतरातू/ रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने अपनी गरिमा खत्म कर दी है. इस साल सरकार की विदाई तय है. राज्य अपना परिचय खो रहा है. इस बिगड़े हालात से राज्य को उबारने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पार्टी पर है.

पतरातू लेक रिसोर्ट में आयोजित पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में आजसू प्रमुख ने ये बातें कही. पार्टी के महाधिवेशन




के बाद गठित नई केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में सुदेश कुमार महतो ने सरकार के कार्यकलाप पर जमकर हमला बोला. साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को उनकी जवाबदेही से आगाह कराते हुए कहा कि सत्ता का दुरूपयोग करने वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पर है. शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय समिति, केंद्रीय कार्यकारिणी समेत सभी ईकाई के छह सौ पदाधिकारी शमिल हुए. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सत्ता का दुरूपयोग किया है. सरकार गैर जवाबदेह और सिस्टम जीरो है. चारों तरफ अराजकता है. सीएम पद की गरिमा खत्म कर दी गई है. लोग यही मान रहे हैं कि राज्य नेतृत्वविहीन है. राज्य में सारा पद गैर जिम्मेदाराना हो गया है. दूसरे कई राज्य विकास और जनता के प्रति जवाबदेही में आगे बढ़ रहे और झारखंड अपना परिचय खो रहा है.

## एलबीएसएम कॉलेज में पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन

# इंग्लिश भाषा का उपयोग बेहिचक करें छात्र : प्राचार्य

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के करनडीह स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल (एलबीएसएम) कॉलेज में शनिवार को निःशुल्क स्पोकेन इंग्लिश एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट के प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया. यह प्रोग्राम कॉलेज के सभी सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए है. कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने इस प्रोग्राम का उद्घाटन किया. उन्होंने हिंदी माध्यम के छात्र-छात्राओं को बेहिचक इंग्लिश भाषा का उपयोग करने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि इंग्लिश में मात्र 26 अक्षर हैं, जबकि हिंदी में 52 अक्षर हैं. इस अवसर पर कॉलेज की इंग्लिश विभागाध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल ने बोलचाल में प्रयोग की बातें की. इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ दीपांजय श्रीवास्तव भी उपस्थित थे. स्पोकेन इंग्लिश एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के डायरेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद दास ने अपने पांच वर्षों के अनुभव साझा किये. कार्यक्रम के समापन पर प्रो अरविंद प्रसाद पंडित ने कहा कि बिना सपने देखे कोई आदमी बड़ा काम नहीं कर सकता. किसी काम को क्यों करें, ये स्पष्ट होना चाहिए. इस दौरान कॉलेज के 110 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.



**खास बातें**

- करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में हुआ कार्यक्रम
- इंग्लिश में 26 अक्षर हैं, हिंदी में 52 : डॉ अशोक कुमार झा
- दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ दीपांजय थे मौजूद

### वर्कर्स कॉलेज चैप्टर के इंडक्शन प्रोग्राम में छात्रों ने जाना इतिहास



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में शनिवार को को सोसायटी फॉर द प्रोमोशन आफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमांग यूथ (स्पीक मैके) के कॉलेज चैप्टर का इंडक्शन कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के 16 बच्चों के साथ की गई. इसमें स्पिक मैके की शुरुआत, स्थापना, इतिहास और इसके उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की गई. साथ ही कॉलेज चैप्टर का काम व साल भर की गतिविधियों के बारे में भी बताया गया. प्रो अमरनाथ सिंह विद्यार्थियों को बताया कि स्पिक मैके की शुरुआत 1977 में आईआईटी दिल्ली के एमिरेट्स प्रोफेसर डॉ किरण सेठ ने की थी. उन्हें वर्ष 2009 में इस कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया. स्पिक मैके आज एक आंदोलन बन गया है, जो लगभग 1000 शहरों के 1500 विद्यालयों एवं कॉलेजों से जुड़ चुका है, जहां 5000 से भी अधिक कार्यक्रम पूरे साल आयोजित किया जाते हैं. कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्यप्रिय महालिक ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने देश की समृद्ध कला, संस्कृति एवं विरासत को संजोए रखना एवं इनका प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है. इसी क्रम में यूजीसी के निर्देश से जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में भी स्पीक मैके हैरिटेज क्लब की स्थापना की गई है. कार्यक्रम में कॉलेज की प्रो सुनीता गुड़िया, प्रो मोनिदीपा दास, प्रो हरेंद्र पंडित एवं प्रो अमर नाथ सिंह के अलावा आंचल, लक्ष्मण, पूजा, आजाद कमल, शिव शंकर, राकेश कुमार, अनमोल, रीति, प्रताप, कुंदन एवं सुजल दास उपस्थित थे.

### भारत संकल्प यात्रा का बाघचट्टा में आयोजन

**सिमडेगा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत आज जिले में ठेठईटांगर प्रखंड के बाघचट्टा में कार्यक्रम आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया एवम पंचायत समिति, बाघचट्टा, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ठेठईटांगर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया.नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे. कार्यक्रम में केसीसी के लाभार्थी विक्रांत केरकेट्टा ने अपनी सक्सेस स्टोरी को साझा किया. मां लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह की शोभा देवी, उज्ज्वला योजना की लाभार्थी सलोनी आईनद, मनरेगा के लाभार्थी रोबिन कुल्लू, प्रफुलित बिलुंग ,आयुष्मान योजना के लाभार्थी सुनील डुंगडुंग ने भी अपनी सफलता की कहानी को साझा किया.

### झामुमो जिला अध्यक्ष ने की एसपी से शिकायत

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोरचा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने पुलिस अधीक्षक, लातेहार को एक ज्ञापन सौंपा है. उन्होने अपने ज्ञापन में लातेहार जिले में वाहन चेकिंग के नाम पर आम लोगों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार की घटनाओं की शिकायत की है. श्री शाहदेव ने कहा कि वाहन चेकिंग एक सार्थक पहल है. इससे दुर्घटनाओं में कमी आयी है. नवंबर मे 53 दुर्घटनायें हुई थी, जबकि दिसंबर माह में मात्र नौ दुर्घटनायें हुई है. लेकिन वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिस के द्वारा ज्यादती की जा रही है. इससे जिले के लोग परेशान हो रहे हैं. उन्होने कहा कि ग्रामीण जनता शहर मे काम से आते हैं.

# नेशनल चैंपियनशिप के लिए कुल 33 बच्चे कर्नाटक रवाना



**दिलीप। चांडिल**

कर्नाटक में आयोजित नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए शनिवार को झारखंड राज्य की टीम रवाना हुई. 33 सदस्यीय टीम में सरायकेला-खरसावां जिले के दो खिलाड़ी शामिल है. इनमें सीनियर वर्ग में सुंदर मुर्मू और सब जूनियर वर्ग में मुकेश केवट शामिल है. राज्य के अन्य साईकिलिंस्ट के साथ जिले के दो साईकिलिस्ट कर्नाटक में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. रोड़ रेस साईकिलिंग नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन कर्नाटक में नौ से 12 जनवरी तक किया जाएगा.

**दो बच्चों का शामिल होना है गर्व की बात**

सरायकेला-खरसावां जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि जिले के दो बच्चे नेशनल चैंपियनशिप में शामिल हो रहे हैं, यह गर्व की बात है. दोनों बच्चे अपने काबिलियत के दम पर नेशनल चैंपियनशिप में अपना स्थान बनाया है. उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद भी बच्चे नेशनल चैंपियनशिप तक पहुंचे हैं.

# लोगों की दशा में परिवर्तन नहीं : किशोर

**संवाददाता। छतरपुर/ (पलामू)**

छतरपुर के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की राशि खनन प्रभावित क्षेत्र में खर्च नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की है. उन्होंने शनिवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन तथा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की नियमावली के अनुरूप योजनाओं का चयन पूर्णरूप से नहीं हो रहा है.

फलस्वरूप खनन प्रभावित क्षेत्र और वहां के लोगों की समाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों-गांवों के लोगों के लिए शुद्ध पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, महिलाओं और बच्चों का समुचित कल्याण तथा उनके कौशल विकास, सिंचाई, पर्यावरण सुरक्षा, जलछाजन जैसी योजनाओं पर कोई कार्य नहीं होता है. किशोर ने कहा कि नियमावली के अनुसार जिले के अंदर खनन से प्रभावित क्षेत्र और लोगों की सूची तैयार कर जरूरत के अनुरूप योजनाओं को तैयार करना



है. उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि 28 अक्टूबर, 2022 को न्याय परिषद की बैठक में खनन क्षेत्र को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित घोषित किया गया लेकिन साथ ही साथ संपूर्ण जिले को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया गया, जबकि नियमावली के अनुसार खनन संचालन के कारण समाजिक-आर्थिक दृष्टि से प्रतिकूल प्रभावित क्षेत्र को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र परिभाषित किया गया है. किशोर ने कहा कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्यस्तरीय निगरानी समिति को यह देखने की आवश्यकता है कि जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की गाइडलाइन के अनुसार जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र में योजनाओं का सही-सही चयन किया गया है या नहीं. राज्य सरकार को चाहिए कि जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत क्रियान्वित योजनाओं की गुणवत्ता के लिए 'थर्ड पार्टी' के द्वारा निरीक्षण कराया जाए.

## कार्यशाला रविन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में सभी पंचायतों के मुखिया ने भाग लिया

# ग्रामीणों को शिकायत का मौका न दें : उपायुक्त

**संवाददाता। पाकुड़**

रविन्द्र भवन टाउन हॉल में शनिवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने एकदिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया. इसमें सभी पंचायतों के मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न प्रकार के योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यशाला किया गया था.

इस दौरान डीसी ने पंचायतों में चल रही विभिन्न योजनाओं में प्राप्त शिकायतों पर चर्चा किया. उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के अभिभावक के रूप में प्रत्येक



मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें प्राप्त शिकायतों को दूर किया जा रहा है. इससे जनता का विश्वास जिला प्रशासन पर बढ़ा है. जिला प्रशासन सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारियों का समूह है, जिसे जनता के लिए कार्य करना है. कहा कि ग्रामीणों को शिकायत का मौका न दें मुखिया एवं कर्मी. नियमों एवं अन्य जानकारी को सही तरीके से ग्रामीणों के बीच रखें. योजना में गड़बड़ी पाये जाने पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा. उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर के द्वारा भी कार्यशाला के उद्देश्य एवं शिकायतों पर प्रकाश डाला गया.

### मतदान में हो दिव्यांगों की पूरी भागीदारी : डीसी



**लातेहार।** आगामी लोकसभा में दिव्यांग मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित कराने को लेकर डीएमसीएई की बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में हुई. बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए विचार विमर्श कर रूपरेखा बनायी गयी. उपायुक्त ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान मे की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की. उन्होने प्रत्येक मतदान केंद्रों में रैंप बनवाने, व्हील चेयर की व्यवस्था करने एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने व ले जाने के लिए सुगम वाहन एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था का निर्देश दिया. कहा कि आयोग का चुनावी प्रक्रिया में दिव्यांगजनों की मजबूत सहभागिता व सबके लिए सुलभ चुनाव बनाने पर विशेष जोर है.

आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई थी – 1906
- किन चट्टानों को धात्विक खनिज का भंडार कहा जाता है – **धारवाड़ युगीन**
- मिशन वात्सल्य किस राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है – **महाराष्ट्र**
- पीतल का निर्माण किससे किया जाता है – **तांबा और जिंक**
- इंटरनेट का प्रयोग पहली बार कहां हुआ था – **अमेरिकी रक्षा अनुसंधान**
- रासायनिक रूप से इंसुलेट क्या होता है – **प्रोटीन**
- किस क्रिकेट खिलाड़ी का उपनाम सुपर कैट है – **क्लाइव लॉयड**
- गुरु ग्रंथ साहिब में कुल कितने संत कवियों के पद हैं – 17
- कंप्यूटर में आईसी चिप्स का निर्माण किससे होता है – **सिलिकान**
- पूर्व का वेनिस किस शहर को कहा जाता है – **कोच्चि**

## न्यूज अपडेट

### लातेहार में अधिवक्ताओं ने लगाया काला बिल्ला



**लातेहार।** जिला अधिवक्ता संघ के आह्वान पर जिले के अधिवक्ताओं ने शनिवार को काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्यो का निष्पदान किया. बता दें कि इन दिनों पुलिस के द्वारा वाहन जांच के नाम पर आम लोगों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की जा रही है. इसी के विरोध मे अधिवक्ता ने शुक्रवार को एक बैठक कर पुलिस के इस कार्रवाई का विरोध किया था. शनिवार को अधिवक्ताओं ने काला बिल्ला लगाया.अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने कहा कि पुलिस को वाहन जांच के दौरान किसी व्यक्ति के साथ मारपीट करने का अधिकार नही है.

### डीडीसी ने पहाड़िया ग्रामीणों के बीच बांटे कंबल



**साहिबगंज।** उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार ने शनिवार को मंडरो प्रखंड के कोडेपाड़ा पहाड़, बोरियों प्रखंड के बिजुलिया पहाड़ एवं दूले पहाड़ के पहाड़िया जनजाति समुदाय के लोगों के बीच पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों के बीच 100 कंबल का वितरण किया. साथ ही पहाड़िया ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना. वहीं निरीक्षण के क्रम में उन्होंने यह भी जाना कि ग्रामीणों को सही समय पर खाद्यान्न आपूर्ति हो रही है या नहीं. सभी को विभिन्न योजना अंतर्गत लाभ उपलब्ध हो रहा है कि नहीं. उन्होंने ग्रामीणों की समस्या भी जानी.

### सहरा के पति को विधायक प्रतिनिधि ने सौंपा चेक



**लातेहार।** विधायक बैद्यनाथ राम की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 40 हजार रुपये की राशि सहरा खातून के पति को दिया गया. बता दें कि सहरा एक असाध्य रोग से पीड़ित है.उन्होंने विधायक बैद्यनाथ राम से उसके इलाज के लिए आर्थिक मदद करने की गुहार लगायी थी.इस पर विधायक ने उसे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राशि प्रदान करने की अनुशंसा की थी.अनुशंसा स्वीकृत होने के बाद शनिवार को विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने 40 हजार रुपये का चेक सहरा खातून के पति को सौंपा.

### बच्चों ने सीटी बजाकर हरिगंज में निकाली प्रभातफेरी



**पाकुड़।** बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर विभागीय निर्देश के तहत सभी विद्यालयों में बच्चों को सीटी बजाते हुए बच्चों को विद्यालय लाने का नई पहल की शुरुआत की गई. अभियान के प्रति अभिभावकों एवं बच्चों को जागरूक करने को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिगंज के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार राय के नेतृत्व में बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकालते हुए जमकर सीटी बजाई. अभिभावकों को बताया गया कि जब बच्चे स्कूल आएंगे तो अपने मुहल्ले में सीटी बजाते हुए विद्यालय आएंगे. जो नहीं जा रहे हैं उन्हें भी विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करेंगे.

पेज एक का शेष

### 480 करोड़ खर्च, लाभ .....

**वर्षों से लंबित जलापूर्ति योजनाएं**

- **केस 1 :** 29 फरवरी 2016 में बलियापुर प्रखंड के 68 गांवों में जलापूर्ति के लिए 74.53 करोड़ की वृहद जलापूर्ति योजना शुरू हुई थी. 3 फरवरी 2018 तक योजना को पूरा करने का लक्ष्य था. अभी तक कार्य पूरा नहीं हुआ है. फेज वन में 41 गांवों के लोगों को पानी देना था, अभी 13 गांवों में सप्लाई का पानी दिया जा रहा है.
- **केस 2 :** 2015 में 235 करोड़ की बागबेड़ा वृहद जलापूर्ति योजना का काम शुरू हुआ. योजना से बागबेड़ा, घाघीडीह, कीताडीह आसपास के डेढ़ लाख लोगों को पानी देने का लक्ष्य है. योजना 2018 में ही पूरा होना था. फिर 2022 में इसे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, लेकिन दो साल से काम अधर में लटका हुआ है. अब 2024 में इसे पूरा करने की बात कही जा रही है.
- **केस 3 :** वर्ष 2012 में जामताड़ा वृहद जलापूर्ति योजना का डीपीआर 23.44 करोड़ का बना. 2014 में निर्माण कार्य शुरू हुआ. अबतक निर्माण कार्य में 18 करोड़ खर्च हो चुके है. मगर पाईप बिछाने का काम अभी चल ही रहा है. इस योजनाओं को 2016 में ही पूर्ण हो जाना था.
- **केस 4 :** विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ गांव में वृहद ग्रामीण पेयजापूर्ति योजना 1.25 करोड़ खर्च हो गया है. नवंबर 2007 में शिलान्यास हुआ था. इसी प्रकार 50 करोड़ की लागत से बरवाडीह वृहद जलापूर्ति योजना का काम शुरू हुआ था. मगर इन योजनाओं से शतप्रतिशत जलपूर्ति शुरू नहीं हो सकी.
- **केस 5 :** सरायकेला जिला के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में 395 करोड़ की वृहद शहरी जलापूर्ति योजना का काम दिसंबर 2018 में शुरू हुआ. योजना से 49,335 घरों को तक पीने का पानी देने का लक्ष्य है. 2021 में योजना पूरी होनी थी, लेकिन चार साल पूरे हो जाने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका है.

### पिंटू, डीसी और विनोद सिंह...

बरामदगी के आधार पर ही ईडी अब आगे की कार्रवाई कर रही है.

**जांच के दायरे में आये तीसरे आईएएस :** बता दें कि झारखंड में ईडी की जांच में फंसे दो आईएएस अफसर पूजा सिंघल और छवि रंजन जेल में बंद हैं. इनके बाद रामनिवास यादव तीसरे ऐसे आईएएस हैं, जिन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. आवास से प्रतिबंधित गोलियों की बरामदगी के मामले में उनके खिलाफ पुलिस में अलग से मामला दर्ज कराने की तैयारी चल रही है. रामनिवास यादव मूल रूप से जयपुर के पास हिंगोनिया गांव के रहने वाले हैं. वह 2015 बैच के आईएएस हैं. इसके पहले वह सिक्किम कैडर के आईपीएस रह चुके हैं. 9 अक्टूबर 2020 को उन्होंने साहिबगंज डीसी के पद पर योगदान दिया था. कुछ दिन पहले ही झारखंड सरकार ने उन्हें स्पेशल सेक्रेट्री रैंक में प्रोन्नति दी है.

# चेक रिपब्लिक की महिला टीम रांची पहुंची, पारंपरिक तरीके से हुआ स्वागत

**हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर**

**खेल संवाददाता । रांची**

चेक रिपब्लिक की महिला हॉकी टीम शनिवार को जोश और दृढ़ संकल्प के साथ रांची पहुंची. सभी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया. टीम ने उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की उत्सुकता व्यक्त की. कतेरीना लासीना के नेतृत्व में और मुख्य कोच गैरेथ ग्रुंडी के कुशल मार्गदर्शन में चेक रिपब्लिक की टीम आगे आने वाली चुनौती के लिए तैयार है. टीम का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करके ओलंपिक में अपनी पहली सीट सुरक्षित करना है. वर्तमान में टीम विश्व स्तर पर 25वें स्थान पर है.



### टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए करेंगी क्वालीफाई

चेक गणराज्य पूल ए में है, जहां वे 13 जनवरी को अपने शुरुआती मैच में पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी. इसके बाद 14 जनवरी को टूर्नामेंट के दूसरे मैच में चेक गणराज्य टीम चिली से भिड़ेगी. उनका अंतिम पूल मैच 16 जनवरी को ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ निर्धारित है. मैदान में अन्य टीमों में पूल बी में मेजबान भारत, न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं. टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी.

### मैदान पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना हमारा लक्ष्यः कतेरीना लासीना

टूर्नामेंट की तैयारियों और रणनीतियों के बारे में बात करते हुए कप्तान कतेरीना लासीना ने कहा कि हमारा प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी शारीरिक क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित था, जो हमारे खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू है. कहा कि हम यहां लड़ने और प्रतिस्पर्धा करने के लिए आये हैं. हमें विश्वास है कि हम पेरिस ओलंपिक में जगह बनायेंगे. लासीना ने कहा कि हम जर्मनी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं.

### टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं : टॉमस प्रोचाज्का

सहायक कोच टॉमस प्रोचाज्का ने कहा कि रांची में इस टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है. यह एक शानदार अवसर है. उन्होंने कहा कि मैं इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं. हमारा उद्देश्य मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और टूर्नामेंट के शुरू होते ही उसे आगे बढ़ाना है. हमारी रणनीति हमारी रक्षा को मजबूत करने, पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाने और जवाबी हमलों का उपयोग करने के इर्द-गिर्द घूमती है.



- अपने शुरुआती मैच में जापान से भिड़ेगा चेक रिपब्लिक
- विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर चेक रिपब्लिक की टीम

## ब्रीफ खबरें

### भारत में लागू हो सकता है एवीआरएस

**नयी दिल्ली ।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने अतिरिक्त वीडियो समीक्षा प्रणाली के ट्रायल में भारत को शामिल करने के लिए खेल के नियमों को निर्धारित करने वाली संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल एसोसिएशन बोर्ड को पत्र लिखा है. वीडियो समीक्षा प्रणाली (वीएआर) को पहली बार 2016-17 में फीफा की प्रतियोगिताओं में उपयोग किया गया था. इससे रेफरी को सही फैसले करने में मदद मिली. एआईएफएफ के अध्यक्ष ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य मैच अधिकारियों को तकनीक के जरिए सशक्त बनाकर गलतियों की संख्या को कम करना है.

### सेफा में हारी भांबरी और रोबिन की जोड़ी

**ब्रिसबेन ।** भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के उनके जोड़ीदार रोबिन हासे शनिवार को ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन-जूलियन रोजर की जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. आठवीं वरीयता प्राप्त भारत और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की जोड़ी एक घंटे 40 मिनट तक चले मैच में दूसरे वरीय प्रतिद्वंद्वी से 3-6, 7-6, 9-11 से हार गई. भांबरी और हासे की जोड़ी ने इससे पहले शुक्रवार को नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराया था.

### फुल लेंग्थ गेंदबाजी कारगर नहीं : मुकेश

**केपटाउन ।** अपनी स्विंग गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले मुकेश कुमार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में मौका नहीं मिला लेकिन न्यूलैंड्स में दूसरे टेस्ट मैच में उनकी कारगर गेंदबाजी के बाद टीम प्रबंधन को अपनी चूक का एहसास हुआ. मुकेश ने कहा कि भारतीय पिचों की तुलना में इस तरह की पिचों पर गेंदबाजी करने में बहुत अंतर है. भारत में फुल लेंथ गेंद हवा में स्विंग होती है. अगर आप यहां बहुत ज्यादा फुल लेंथ फेंकने की कोशिश करते हैं, तो आप कारगर नहीं रहेंगे.

**महिला क्रिकेट : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टी-20 आज**

# शृंखला जीतने उतरेगा भारत

**भाषा । मुंबई**

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर तीन मैचों की शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी. एक दिवसीय शृंखला में तीनों मैच गंवाने के बाद भारतीय महिला टीम ने पहले टी-20 मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी जो इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है. भारतीय टीम ने इस मैच में न सिर्फ क्षेत्ररक्षण में चुस्ती दिखाई बल्कि उसके गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया. भारत के सामने 142 रन का लक्ष्य था जो उसने शेफाली वर्मा (नाबाद 64) और स्मृति मंधाना (54) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी के दम पर आसानी से हासिल कर दिया. भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया. युवा गेंदबाज टिटास साधु ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए. इनमें से तीन विकेट उन्होंने पावरप्ले में लिए थे. स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया था. टिटास ने कहा कि प्रत्येक मैच और अच्छा प्रदर्शन कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम होता है. मेरा मानना है कि क्षेत्ररक्षण में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा क्योंकि एक गेंदबाज मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है.



### भारत के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली शृंखला जीतने का मौका

डीवाई पाटिल स्टेडियम में शुक्रवार को दर्ज की गई जीत से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू धरती पर पहली शृंखला जीतने के करीब पहुंच गई है. भारत के पास घरेलू धरती पर शृंखला जीतने का शानदार मौका है. भारत ने 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर तीन मैच की शृंखला में 2-1 से हराया था. भारतीय टीम को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए न सिर्फ अपने प्रदर्शन में निरंतर दिखानी होगी बल्कि ऑस्ट्रेलिया के जवाबी हमले से भी सतर्क रहना होगा.

### मैच को लेकर हम काफी उत्साहित : हीली

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि हम वास्तव में रविवार को होने वाले मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं. यह हमारी टीम के लिए एलिस पेरी की उपलब्धि का जश्न मनाने का शानदार अवसर है. उनके 300वें मैच का हिस्सा बनने को लेकर वास्तव में प्रत्येक खिलाड़ी उत्साहित है. वह इस पर बात नहीं करना चाहती है क्योंकि इससे उसे लगता है कि वह उम्रदराज हो गई है. ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद रहेगी कि पेरी बड़ा स्कोर बनाकर इस मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेगी. भारत को उसके अलावा बेहतरीन फार्म में चल रही फोएबे लिचफील्ड से भी सतर्क रहना होगा जिन्होंने पिछले मैच में 49 रन बनाए थे.

### टीमें

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि


**ऑस्ट्रेलिया :** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा (उपकप्तान), बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम.

**तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को हराया**

# वार्नर को मिली शानदार विदाई

**भाषा । सिडनी**

डेविड वार्नर ने अपने घरेलू मैदान पर 57 रन बनाकर 112 टेस्ट मैच के अपने करियर का अंत किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला में क्लीन स्वीप करके इस दिग्गज सलामी बल्लेबाज को शानदार विदाई दी. ऑस्ट्रेलिया जब लक्ष्य से केवल 11 रन दूर था तब वार्नर को साजिद खान ने पगबाधा आउट किया. जब वह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड से पवेलियन की तरफ बढ़ रहे थे तब दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया. ऑस्ट्रेलिया की पारी में वह आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज थे. साजिद ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी पगबाधा आउट किया था. ख्वाजा खाता भी नहीं खोल पाए. ऑस्ट्रेलिया के सामने 130 रन का लक्ष्य था जो उसने दो विकेट खोकर हासिल कर दिया. वार्नर के अलावा मार्नस लाबुशेन (नाबाद 62) ने भी अर्धशतक जमाया जबकि स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे. पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 299 बनाए. पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में 115 रन पर आउट हो गई थी. पाकिस्तान ने सुबह अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 68 रन से आगे बढ़ाई. मैच के तीसरे दिन जोश हेजलवुड (16 रन देकर 4 विकेट) ने पाकिस्तान की बल्लेबाजी को झकझोरा था. मैच के चौथे दिन मोहम्मद रिजवान (28) और आमिर जमाल (18) ने आठवें विकेट के लिए 42 रन जोड़कर कुछ देर संघर्ष किया.



**टेस्ट में वार्नर**
- मैच - 112
- रन - 8786
- औसत - 44.49
- शतक - 26
- अर्धशतक - 37

- वार्नर ने अपनी आखिरी पारी में जमाया अर्धशतक
- तीसरे टेस्ट में आठ विकेट से जीता ऑस्ट्रेलिया
- तीन मैचों की शृंखला में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को किया क्लीन स्वीप


### फिर शुरू करता तो थोड़ा संयम दिखाता : वॉर्नर

वार्नर में अपने आखिरी टेस्ट के बाद कहा कि वह जानते हैं कि वह हर किसी के पसंदीदा नहीं रहे हैं और उनका कहना है कि अगर उन्हें यह सब फिर से शुरू करना होता तो वह शायद थोड़ा और धैर्य दिखाते. वॉर्नर ने कहा कि इतने वर्षों में, मैं हर किसी का पसंदीदा खिलाड़ी नहीं रहा हूं. लेकिन मैंने जितना हो सके उतना अच्छा खेल खेला और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की.

# शीर्ष-10 में पहुंचने की उम्मीदः लक्ष्य

**भाषा । नयी दिल्ली**

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को उम्मीद है कि पिछले सत्र के खत्म होने के बाद अपने खेल की विविधताओं पर की गयी मेहनत कारगर होगी और वह ओलंपिक (पेरिस 2024) क्वालिफिकेशन हासिल करने में सफल रहेंगे. अल्मोड़ा का 22 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक खेलों की क्वालिफिकेशन रैंकिंग में 17वें स्थान पर है. पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अप्रैल के अंत तक शीर्ष 16 में रहना होगा. सेन ने कुआलालंपुर के लिए रवाना होने से पहले कहा कि ओलंपिक में स्थान सुरक्षित करने के लिए मुझे अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी होगी और एक बार ऐसा हो जाने के बाद क्वालिफिकेशन कोई समस्या नहीं होगी. उन्होंने कहा कि मेरे लिए अभी मुख्य चिंता अप्रैल तक अगले कुछ महीनों में टूर्नामेंट में आखिरी चरणों तक पहुंचने की है. उसके बाद रैंकिंग की बारी आएगी. अभी मैं क्वालीफिकेशन रैंकिंग में सहज स्थिति में नहीं हूं. उन्होंने कहा कि मैं अपनी रैंकिंग में सुधार करना चाहूंगा और क्वालिफिकेशन के अंत तक शीर्ष-10 में रहना पसंद करूंगा. राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सेन ने जुलाई में कनाडा ओपन सुपर 500 खिताब अपने नाम किया था. इसके अलावा वह पिछले सत्र में तीन टूर्नामेंट (थाईलैंड ओपन सुपर 500, यूएस ओपन सुपर 300 और जापान ओपन सुपर 750) के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे थे.



# रणजी मैच खेलने पहुंची बिहार की दो टीमें

**भाषा । नयी दिल्ली**

बिहार क्रिकेट के लिए गुटबाजी कोई नई बात नहीं है और दो दशकों से चली आ रही अंदरूनी कलह के कारण उसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की नाराजगी का सामना करना पड़ा और साथ ही कुछ अच्छी प्रतिभायें भी राज्य से दूर हो गयीं. टीम पटना में जन्मे और पले-बढ़े ईशान किशन और गोपालगंज के रहने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की सेवाएं लेने में विफल रही. ये खिलाड़ी क्रमशः झारखंड और बंगाल के लिए खेलकर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन गये है. इन दोनों के अलावा कई और खिलाड़ियों ने बेहतर माहौल में क्रिकेट करियर बनाने के लिए दूसरे राज्यों (टीमों) का रुख करना बेहतर समझा. गुटबाजी की घटना का ताजा मामला शुक्रवार को पटना में सामने आया जब दो टीमें मोइन-उल-हक स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट बी ग्रुप मैच खेलने पहुंची गयी. इसमें से एक टीम का चयन बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के सचिव अमित कुमार ने किया और दूसरी टीम का चयन बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया. तिवारी की टीम आखिरकार मैच खेलने में सफल रही. इस टीम की अगुवाई बायें हाथ के अनुभवी स्पिनर आशुतोष अमन कर रहे हैं. बीसीए के पूर्व अधिकारी और 2013 आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 'स्पॉट फिक्सिंग' मामले के मूल याचिकाकर्ता आदित्य वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सबसे पहले, इस मैच के लिए मोइन-उल-हक स्टेडियम का चयन क्यों किया? राजबंसी नगर के ऊर्जा स्टेडियम में बेहतर सुविधाएं हैं. यह स्टेडियम भी पटना में ही है.

- बीसीए के सचिव अमित कुमार ने किया था एक टीम का चयम
- दूसरी टीम का चयन बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया था


**चरम पर गुटबाजी**

### 2002 में शुरू हुई थी बीसीए में कलह

बीसीए में कलह की शुरुआत 2002 से शुरू हुई जब बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष जगमोहन डालमिया ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा संचालित राज्य के क्रिकेट संघ को निलंबित कर दिया था. डालमिया शासन ने अमिताभ चौधरी के नेतृत्व वाले गुट को मान्यता दी, जो बाद में बीसीसीआई के कार्यवाहक सचिव बने. इस बीच, पूर्व भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी कीर्ति आजाद द्वारा 'एसोसिएशन ऑफ बिहार क्रिकेट' का गठन किया गया ,

**टेनिस** | **ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट में कोको गॉफ ने जारी रखा शानदार प्रदर्शन**

# कोको गॉफ व स्वितोलिना में होगा खिताबी मुकाबला



**भाषा । ऑकलैंड**

पिछली बार की चैंपियन कोको गॉफ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए. अमेरिका की इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में हमवतन एम्मा नवारो को केवल 62 मिनट में 6-3, 6-1 से हराया. गॉफ इस तरह से ऑकलैंड में दो वर्षों में लगातार 18 सेट और नौ मैच जीत चुकी है. रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीन की वांग जियू पर 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की. स्वितोलिना को इस मैच के दौरान दो बार 'मेडिकल टाइमआउट' भी लेना पड़ा लेकिनवह चीन की अपनी प्रतिद्वंद्वी को हराने में सफल रही.

- कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में एम्मा नवारों को हराया
- 62 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3,6-1 से जीती गॉफ
- स्वितोलिना ने सेमीफाइनल में वांग जियू को पराजित किया
- 2-6, 6-4, 6-3 से स्वितोलिना ने वांग जियू को हराया

### यूनाइटेड कप के फाइनल में पहुंचा पोलैंड



**सिडनी ।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक और ह्यूबर्ट हर्काज के शानदार प्रदर्शन से पोलैंड ने शनिवार को यहां फ्रांस को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया. स्वियातेक ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके कैरोलिन गार्सिया को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया. इसके बाद एटीपी रैंकिंग में नौवें नंबर पर काबिज हर्काज ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 7-5 से हराकर अपनी टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी. पोलैंड ने इसके बाद मिश्रित युगल का मैच भी जीता. पोलैंड रविवार को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा. शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैंड ने ग्रुप चरण में केवल एक मैच गंवाया था. उसने चीन को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी.

# रांची में 24 से होगा झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन

**खेल संवाददाता । रांची**

झारखंड स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में रांची में 24 से 28 जनवरी तक पुरूषों का झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा. इस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर शनिवार को मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में प्रेसवार्ता कर झारखंड स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार झा और अध्यक्ष तपन कुमार राउत ने जानकारी दी. उन्होनें बताया की इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी. जिनका नाम झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखा गया है. प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी रहेंगे जिनका चुनाव ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा. ऑक्शन में कुल 96 खिलाड़ी चुने जाएंगे. खिलाड़ियों का बेस प्राइस 500 रुपये रखा गया है. प्रतियोगिता के विजेता टीम को 51 हजार व उपविजेता को 31 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि दी जाएगी. हर मैच में बेस्ट प्लेयर को अवार्ड दिया जाएगा. प्रतियोगिता को लेकर रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है. ऑक्शन प्रक्रिया से पहले झारखंड के खिलाड़ियों का ट्रायल 18 जनवरी को होगा. इसके बाद ऑक्शन किया जाएगा.



- स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखा जाएगा टीमों का नाम
- प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें लेंगी हिस्सा
- ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा खिलाड़ियों का चयन



बीकानेर में 2024 बीकानेर ऊंट महोत्सव से पहले एक नाई ऊंट के बाल काटकर उसपर डिजाइन बनाता हुआ। - फोटो : पीटीआई

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**




नई दिल्ली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लोगो और एंथम के लॉन्च के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे.

## ब्रीफ खबरें

### पीओके के जंगलों की आग भारतीय सीमा तक फैली

**मेंढर/जम्मू ।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के एक वन क्षेत्र में लगी आग भारतीय सीमा तक फैल गई है, जिसके मद्देनजर सुरक्षाबलों के जवान सतर्क हो गए हैं ताकि आग की आड़ में किसी प्रकार की घुसपैठ न हो सके. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, यह आग जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास वन क्षेत्र तक फैल गई है. अधिकारियों ने बताया कि यह आग शुक्रवार देर रात पीओके में भड़की और मेंढर उपमंडल के बालाकोट सेक्टर तक फैल गई.

### त्रिपुरा में मतदाताओं की संख्या हुई 28.56 लाख

**अगरतला ।** मतदाता सूची की समीक्षा के बाद त्रिपुरा में मतदाताओं की कुल संख्या बढ़कर 28.56 लाख हो गई है. चुनाव अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी यूजी मोग ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 32,218 लोगों के नाम सूची में जोड़े गए हैं, जबकि 13,231 मतदाताओं के नाम उनकी मृत्यु के कारण हटा दिए गए हैं. इस महीने के पहले दिन तक की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार, राज्य में 28,56,925 मतदाता हैं.

### पुरी विरासत गलियारे का निर्माण 11 तक पूरा हो जाएगा

**पुरी ।** ओडिशा के मुख्य सचिव पी.के. जेना ने कहा कि पुरी में जगन्नाथ मंदिर के आसपास परिक्रमा या विरासत गलियारे का निर्माण 11 जनवरी तक पूरा हो जाएगा. उन्होंने इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा की, जिसका उद्घाटन 17 जनवरी को किया जाएगा. मुख्य सचिव ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि काम पूरा होने के बाद परियोजना मंदिर प्रशासन को सौंप दी जाएगी और पुलिस 14 जनवरी तक इलाके की सुरक्षा संभाल लेगी. उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को परिक्रमा परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर देश तथा विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी बंदोबस्त किए जाएंगे.

### गौ तस्करों के साथ मुठभेड़, चार लोग घायल

**शाहजहांपुर ।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में कथित तौर पर गौ तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी समेत चार लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मीरानपुर कटरा थाने को सूचना मिली कि खैरपुर की नहर के पास दो पशु खेतों में बंधे हुए हैं और वहां कई गौ तस्कर मौजूद हैं. उन्होंने बताया कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसे देखते ही गौ तस्करों ने पुलिस पर गोली चला दी.

### भगवान पर आपत्तिजनक टिप्पणी, प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई ।** मुंबई पुलिस ने भगवान राम को मांसाहारी बताने वाली टिप्पणी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात उपनगर अंधेरी के एमआईडीसी थाने में विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी. उनके खिलाफ शुक्रवार को पुणे शहर में भी ऐसा ही एक मामला दर्ज किया गया. राकांपा के शरद पवार गुट का हिस्सा आव्हाड ठाणे जिले में मुंब्रा-कलवा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं.

**पीएम मोदी बोले : विज्ञान की नई सीमाओं को बढ़ाना जारी रखेंगे**

# इसरो ने रचा इतिहास, आदित्य एल-1 ने किया सूर्य नमस्कार

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

इसरो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. मिशन सूरज पर निकला सैटेलाइट आदित्य एल-1 अपनी मंजिल पर पहुंच चुका है. आदित्य एल-1 को लैंग्रेज प्वॉइंट के हालो ऑर्बिट में इंसर्ट कर दिया गया है. इसके साथ ही भारत ने नए साल में अंतरिक्ष की दुनिया में एक और नई कामयाबी हासिल कर ली है. इस अहम कामयाबी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई दी है.

**पीएम ने दी बधाई:** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की. भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल 1 अपने गंतव्य तक पहुंची. पीएम मोदी ने आगे लिखा है कि यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है. हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे.

**धरती से 15 लाख किमी दूर:** यान को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के 'लैग्रेंज प्वाइंट 1' (एल 1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया गया है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा था कि आदित्य एल-1 शनिवार को अपराह्न चार बजे एल 1 प्वाइंट पर पहुंचेगा. एल 1 प्वाइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है और इस स्थान से सूर्य की दूरी भी 15 लाख किलोमीटर ही है. आदित्य एल1 उपग्रह को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पिछले वर्ष 2 सितंबर को प्रक्षेपित किया गया था.



### यह है मुख्य उद्देश्य

अधिकारियों के मुताबिक सूर्य मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप या 'कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई), सूर्य के धधकने संबंधी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं तथा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को समझना है. बता दें कि बीते साल इसरो ने चंद्रयान भेजा था. इसके बाद उसने बीते साल सितंबर में ही आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण किया था. मिशन अपने गंतव्य पर कैसे पहुंचा? आदित्य एल-1 को लैग्रेंजियन बिन्दु 1 (एल1) तक पहुंचने में करीब चार महीने का समय लगा. इस दौरान इसने 15 लाख किलोमीटर का सफर तय किया. चंद्रयान-3 की तरह यह भी अलग-अलग कक्षा से गुजरकर अपने गंतव्य तक पहुंचा. यानी, आदित्य एल-1 को भी सीधे नहीं भेजा गया था.

### इस दौरान प्रक्रियाएं क्या-क्या हुईं?

- **प्रारंभिक कक्षा :** अंतरिक्ष यान को प्रारंभ में पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया गया.
- **अण्डाकार कक्षा :** फिर कक्षा को अधिक अण्डाकार बनाने वाली प्रक्रिया की गई.
- **पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के प्रभाव से बाहर निकालना :** अंतरिक्ष यान को प्रणोदन का उपयोग करके एल 1 बिंदु की ओर बढ़ाया गया. जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज बिंदु की ओर बढ़ा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के प्रभाव से बाहर निकल आया.
- **क्रूज चरण :** पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के प्रभाव को छोड़ने के बाद, मिशन का क्रूज चरण शुरू हुआ. इस चरण में अंतरिक्ष यान को उतारने की प्रक्रिया की गई.
- **हेलो ऑर्बिट :** मिशन के अंतिम चरण में अंतरिक्ष यान को लैग्रेंज बिंदु (एल1) के चारों ओर एक बड़ी हेलो कक्षा में स्थापित किया गया. इस तरह से लॉन्चिंग और एल1 बिंदु के पास हेलो कक्षा में अंतरिक्ष यान की स्थापना में करीब चार महीने का वक्त लगा.

### राहुल गांधी की अभद्र टिप्पणी के मामले की सुनवाई टली

**सुल्तानपुर ।** उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर की सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के कारण गृह मंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अगली सुनवाई 18 जनवरी के लिए निर्धारित कर दी. सुलतानपुर की सांसद-विधायक अदालत ने शाह पर पांच वर्ष पूर्व अभद्र टिप्पणी करने के मामले में राहुल को छह जनवरी को तलब होने का समन जारी किया था. शनिवार इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार करने के कारण अब अगली सुनवाई 18 जनवरी को होगी. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अदालत में जूनियर अधिवक्ताओं की विधिक कार्यशाला होने के कारण अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर रहे थे, जिसके कारण अब अगली सुनवाई 18 जनवरी को होगी.

# शराब पीते हुए बनाई रील्स मारी टक्कर, चार की मौत

**भाषा । जयपुर**

राजस्थान के जैसलमेर में एक तेज रफ्तार कार दो राहगीरों को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड़ी एक वैन से जा टकराई. इस सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि कार चालक समेत गाड़ी में कुल चार लोग सवार थे. दुर्घटना से थोड़ी देर पहले ही कार में सवार युवकों में से एक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वाहन में शराब पीते हुए एक वीडियो अपलोड किया था. पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना शुक्रवार रात उस समय की है, जब कार जैसलमेर के आकल गांव से बाड़मेर की ओर जा रही थी. पुलिस की एक टीम ने एक नाके पर कार को रोकने की कोशिश की लेकिन उसके चालक ने कार नहीं रोकी. पुलिस ने बताया कि जब कार जैसलमेर के देवीकोट कस्बे में पहुंची तो उसने सड़क पर खड़े दो राहगीरों को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप वैन से जा टकराई.

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में चार लोगों की मौत

**हुबली ।** कर्नाटक के हुबली में शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी दो कारों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हादसा बेंगलुरु-पुणे राजमार्ग पर बेलिगट्टी चौराहे पर हुआ. मृतकों में से तीन हासन जिले से और एक व्यक्ति बेंगलुरु का निवासी था. उन्होंने बताया कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त कारों से घायल लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. पुलिस ने कहा कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

# म्यांमा के शहर पर हो गया कब्जा

**एजेंसी । म्यांमा**

चीन की सीमा से लगे म्यांमार के एक शहर पर दूसरे देश द्वारा कब्जा कर लिया गया है. म्यांमार की सेना को दुश्मनों के सामने हथियार डालना पड़ा है. म्यांमार के सैनिकों ने दुश्मनों के सामने समर्पण कर दिया. इसके बाद मुश्किल से उनकी जान बची. म्यांमार की सैन्य सरकार ने अपने शहर पर दुश्मनों द्वारा कब्जा कर लिए जाने की बात को स्वीकार किया है. म्यांमार की सरकार ने बताया कि उसने चीन से लगी उत्तर-पूर्वी सीमा के निकट एक प्रमुख शहर से अपने बलों को हटा लिया है. म्यांमार के सैन्य बलों के हथियार डालने और वापस जाने की अनुमति मिलने के बाद बृहस्पतिवार को 'द थ्री ब्रदरहुड अलायंस' ने लाउककैंग शहर पर नियंत्रण कर लिया. दोनों पक्षों ने शनिवार को चीन सीमा से लगे इस शहर पर कब्जे की यह जानकारी दी. लाउककैंग कोकांग स्वशासित क्षेत्र की राजधानी है, जो भौगोलिक रूप से म्यांमा के शेन राज्य का हिस्सा है. 'द थ्री ब्रदरहुड अलायंस' नामक गठबंधन में 'म्यांमा नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी' (एमएनडीडीए), तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी और 'अराकान आर्मी' शामिल हैं.

# देश अब वैश्विक विमर्श का केंद्र हो गया है: एस जयशंकर

**एजेंसी । तिरुवनंतपुरम**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत अब वैश्विक विमर्श का केंद्र हो गया है और तमाम लोग पिछले दशक के दौरान देश में हुए बदलावों के बारे में बात कर रहे हैं.

जयशंकर ने यहां 'विकसित संकल्प भारत यात्रा' को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने विदेशियों से कहा कि इस अवधि के दौरान देश में जो बदलाव आया है, उसके पीछे की वजह विजन है. उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री के रूप में, मैं दुनिया भर में भ्रमण करता हूं. दुनिया वास्तव में आज हमारे बारे में बात कर रही है. वे आज पूछते हैं कि आप यह कैसे कर पाते हैं. उन्होंने कहा कि क्योंकि यह वही भारत है जो 10,20,30 वर्ष पहले था. भारत में क्या बदला है? और मैं उन्हें बताता हूं कि भारत में जो बदला है वह है विजन. देश के लोगों के पास अब आधार कार्ड और बैंक खाते होने का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि प्रौद्योगिकी के सही उपयोग से देश को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने में मदद मिली है. विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे पास 'आधार' है...क्योंकि हमारे पास बैंक खाते हैं. बैंक खाते खोलकर हम वास्तव में न सिर्फ शासन व्यवस्था, बल्कि समाज में भी बदलाव लाये हैं. इसे फोन से जोड़कर, हमने प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित किया है. इसलिए, हमने वास्तव में प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है. जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत और लोगों के जीवन को बदलने के

**झारखंड, एमपी, राजस्थान की हैं लड़कियां, संस्था में अधिकांश लड़कियां हिंदू हैं**

# ईसाई मिशनरी संस्था से 26 लड़कियां गायब

**शुभम संदेश नेटवर्क । भोपाल**

एमपी की राजधानी भोपाल के एक चिल्ड्रेन होम से 26 बच्चियां गायब मिली हैं. ये बच्चियां एमपी के छिंदवाड़ा, बालाघाट और विदिशा समेत राजस्थान, झारखंड, गुजरात से की हैं. कुल 68 बच्चियों में से चेकिंग के दौरान 41 बच्चियां ही मिली हैं. गायब बच्चियां कहां हैं, इस बात का कोई रिकॉर्ड में चिल्ड्रेन होम में नहीं मिला है. और तो और चिल्ड्रेन होम का रजिस्ट्रेशन भी नहीं हैं. आशंका जतायी जा रही है कि गायब लड़कियों का धर्मांतरण कराया गया है. अब इस पूरे मामले में बाल आयोग ने मध्य प्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा से 7 दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है.

### बिना परमिशन चल रहा था एनजीओ

शिकायत पर बालगृह में इस मामले में परवलिया थाना ने एफआईआर दर्ज की है. आयोग को मिली जानकारी के अनुसार आंचल मिशनरी संस्था में बालिकाओं का मतांतरण करने का शक है. चाइल्ड हेल्प लाइन पर कॉल के बाद भी बच्चों को रेस्क्यू कर बिना बाल कल्याण समिति के सामने पेश किये चिल्ड्रेन होम में रखा गया. प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी देते हुए लिखा है कि भोपाल के तारासेवनिया में राज्य बाल आयोग अध्यक्ष व सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से एक मिशनरी द्वारा संचालित अवैध बाल गृह का निरीक्षण किया. यहां की संचालक एनजीओ हाल तक सरकारी एजेंसी की तरह चाइल्ड लाइन पाट्र्नर के रूप में कार्यरत रही है.

### एसपी ने की पुष्टि

भोपाल ग्रामीण एसपी प्रमोद सिन्हा ने लड़कियों के गायब होने की पुष्टि की है. परवलिया थाना पुलिस के अनुसार आंचल मिशनरी संस्था में बालाघाट, सीहोर, रायसेन, छिंदवाड़ा, विदिशा सहित राजस्थान, झारखंड, गुजरात की 41 बच्चियां ही मिली हैं, जबकि दर्ज संख्या 68 है. प्रियंक कानूनगो ने बताया कि उन्होंने मुख्य सचिव वीरा राणा से सात दिन में जांच रिपोर्ट मांगी है.

### आंचल मिशनरी संस्था से जुड़ा है मामला

बड़ी बात यह है कि राजधानी भोपाल से 26 किशोरी गायब हो गईं और प्रशासन को खबर भी नहीं लगी. एनजीओ का नाम आंचल मिशनरी संस्था है. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बताया कि मामले का खुलासा तब हुआ, जब बाल संरक्षण आयोग की टीम ने इस केंद्र का निरीक्षण किया. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मुख्य सचिव वीरा राणा से कार्रवाई के लिए आदेशित किया है.

### शाहजहां शेख के खिलाफ जारी हुआ लुकआउट सर्कुलर

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर शुक्रवार को हुए हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख पर बड़ी कार्रवाई की गई है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने शाहजहां शेख के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है. सूत्रों के मुताबिक, ईडी की रेड के दौरान शाहजहां शेख अपने घर पर ही मौजूद था, लेकिन टीम पर हुए हमले के बाद वह परिवार समेत फरार है. सूत्रों के मुताबिक, शाहजहां ने शुक्रवार को बांग्लादेश भागने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया. दरअसल, बांग्लादेश में चुनाव के चलते बीएसएफ एवं बीडीआर की बॉर्डर पर सख्त पहरेदारी है और इसके अलावा बीएसएफ को भी शाहजहां के बारे में अलर्ट किया गया है.


**विशेष पहल** मंदिर ट्रस्ट ने भगवान के अनुयायियों से कला, संगीत, भजन, सामुदायिक कीर्तन की वीडियो भेजने की अपील की

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम मंदिर ट्रस्ट ने शुरू की खास मुहिम, आप भी ले सकते हैं हिस्सा




**भाषा । अयोध्या**

राम मंदिर में प्रभु भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी को निर्धारित है. इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां हो रही हैं. 22 जनवरी से पहले मंदिर ट्रस्ट ने भगवान के अनुयायियों से एक खास अपील की है. मंदिर ट्रस्ट ने कहा है कि कला, संगीत, भजन, सामुदायिक कीर्तन की वीडियो भेजने की अपील है.श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आधिकारिक एक्स हैंडल से की गई अपील में कहा गया कि भगवान श्री रामलला सरकार की उनके जन्मस्थान स्थित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अब बस होने ही वाली है. इस मंगल अवसर पर विश्व भर में बसे भगवान राम के अनुयायियों से अनुरोध है कि आइए, हम सभी मिलकर इस मंगल अवसर का उत्सव मनाएं. प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी भक्ति को अपनी कला, संगीत, भजन, सामुदायिक कीर्तन की वीडियो के माध्यम से हमें भेजें और #SabkeRam का प्रयोग कर हमें टैग करें. आपकी भगवान राम के लिये की गई प्रस्तुति को हम ट्रस्ट के आधिकारिक अकाउंट से सभी के साथ साझा करेगें.



## स्वस्ति मेहुल के राम भजन के कायल हुए मोदी

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की तैयारियां धूम धाम से की जा रही हैं. 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे. पूरे देश में जश्न का माहौल है. इस बीच अब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर सिंगर स्वस्ति मेहुल के राम भजन को शेयर इसकी सराहना भी की है. पीएम से तारीफ पाकर स्वस्ति भी गदगद हैं. पिछले कई दिनों से स्वस्ति मेहुल का एक भजन खूब चर्चा में है. स्वस्ति ने भगवान राम के लिए एक भजन गाया है, जो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है. स्वस्ति का यह राम भजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल को भी भा गया है. पीएम मोदी ने हाल ही में, स्वस्ति मेहुल के इस गाने को लेकर एक ट्वीट भी किया है.

### पीएम ने की स्वस्ति मेहुल के भजन की तारीफ


पीएम मोदी ने एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा 'स्वस्ति जी का ये भजन एक बार सुन लें तो लंबे समय तक कानों में गूंजता रहता है. आंखों को आंसुओं से, मन को भावों से भर देता है.' इस पोस्ट के साथ ही उन्होंने इस भक्तिमय राम भजन का लिंक भी शेयर किया है, ताकि सभी लोग इस गाने को सुन पाएं. यूजर्स भी स्वस्ति के इस भजन की सरहाना कर रहे हैं.

### जुबिन नौटियाल के गाने के भी मुरीद हुए थे पीएम

इससे पहले पीएम मोदी ने जुबिन नौटियाल का 'मेरे घर राम आए हैं' भजन साझा करते हुए लिखा, 'भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है. राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल जी, पायल देव जी और मनोज मुंतशिर जी का यह स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है.

### 2.5 किलो सोने-चांदी से बनी श्री राम की चरण पादुका

**हैदराबाद ।** ऐसे समय में जब अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, तेलंगाना में हैदराबाद स्थित संगठन अयोध्या भाग्यनगर सीता राम फाउंडेशन भगवान श्रीराम को 1.03 करोड़ रुपये के श्री राम चरण पादुकाएं भेंट करने की राह पर है. दरअसल, प्रभु श्रीराम की चरण पादुकाओं की एक जोड़ी पहले ही गंतव्य तक यानी अयोध्या पहुंच चुकी है और दूसरी जोड़ी कुछ भक्तों द्वारा पवित्र स्थान तक पैदल मार्च द्वारा पहुंचाई जाएगी. 12 .5 इंच लंबाई, 5 .5 इंच चौड़ाई और एक इंच मोटाई वाली श्रीराम चरण पादुकाएं 12 .5 किलोग्राम सोना, चांदी, तांबा, पीतल और सफेद सीसा धातुओं से बनी हैं. इस चरण पादुका का निर्माण अयोध्या भाग्यनगर सिताराम फाउंडेशन के संस्थापक-निदेशक चिल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने किया है. उन्होंने इसकी जिम्मेवारी प्रसिद्ध धातु मूर्तिकार और कलाकुटिर के संस्थापक पित्ताम्पल्ली रामालिंगा चारी कौ सौंपी थी.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)




देवघर का फेमस मटन (अड्डे)

मां भोजनालय

हरमू चौक, शर्मा लेन 7091095858

नक्कालों से सावधान


**JANUARY 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**FEBRUARY 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | |

**MARCH 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

**APRIL 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

**MAY 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

**JUNE 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

**JULY 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**AUGUST 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

**SEPTEMBER 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

**OCTOBER 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

**NOVEMBER 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

**DECEMBER 2024**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |